# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 8 मई 2025 गुरुवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 343 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1360 :** अंग्रेजों और फ्रांसीसियों ने ब्रिटिग्नी समझौते पर हस्ताक्षर किये।

**1541 :** हरनांदो डे सोटो ने मिसीसिपी नदी की खोज की।

**1828 :** मानव सेवा के कार्यों के लिए पहला नोबेल शांति पुरस्कार जीन हेनरी डयूनेन्ट को मिला।

**1921 :** स्वीडन ने फांसी की सजा को खत्म कर दिया।

**1945 :** मित्र राष्ट्रों की सेनाओं के समक्ष जर्मनी का आत्मसमर्पण।

**1962 :** रबिन्द्र भारती विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।

**1984 :** फ्रांस ने आईलेंड पर न्यूक्लियर टेस्ट किया।

## सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद का बढ़ा कार्यकाल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद के कार्यकाल का विस्तार किया है। सरकार ने उनके कार्यकाल को एक साल के लिए बढ़ाया है। इससे पहले सोमवार को अगले सीबीआई निदेशक की नियुक्ति के लिए पीएमओ में बैठक हुई थी जिसमें मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल हुए थे। केंद्र सरकार ने बुधवार को सीबीआई निदेशक प्रवीन सूद का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया। सूद ने 25 मई 2023 को दो वर्ष की अवधि के लिए सीबीआई निदेशक का पदभार संभाला था। एक साल के सेवा विस्तार के बाद वह इस पद पर मई 2026 तक बने रहेंगे।

### मिसाइल हमला कर भारतीय जवानों ने नौ आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाया, कांपा पाकिस्तान

# आपरेशन सिंदूर : 90 से अधिक आतंकी मारे गये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें मुरीदके और बहावलपुर भी शामिल हैं। ये सभी आतंकवादी समूहों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के गढ़ हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन हमलों में अब तक 90 से अधिक आतंकवादियों के मारे जाने की खबर सामने आ रही है। मुरदीके में 30 आतंकियों को मार गिराया गया। दूसरे कैंपों में भी दर्जनों आतंकवादी मारे गए हैं। खबर है कि, इस ऑपरेशन में 90 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। हालांकि, इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सशस्त्र बलों ने 25 मिनट के ऑपरेशन सिंदूर नामक इस ऑपरेशन में 24 मिसाइलों के जरिए नौ आतंकी शिविरों को ध्वस्त कर दिया। इन नौ ठिकानों में से पांच पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में थे, वहीं चार पाकिस्तान में थे। इन ठिकानों में आतंकियों को भर्ती किया जाता था। उन्हें प्रशिक्षित किया जाता था। उनके दिमाग में जहर भरा जाता था। ऑपरेशन सिंदूर में यह खास ध्यान रखा गया कि पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों, रिहाइशी इलाकों और आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे।

**सवाई नाला कैम्प :** नियंत्रण रेखा से 30 किमी दूर स्थित यह कैम्प लश्कर-ए-तैयबा का था। 2024 में सोनगर्म और गुलमर्ग में हुए आतंकी हमलों के साथ-साथ पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को पर्यटकों पर हुए हमले को अंजाम देने आए आतंकियों ने इसी शिविर में प्रशिक्षण लिया था। यह आतंकी शिविर 2000 में शुरू हुआ था। पाकिस्तान की फौज और आईएसआई के अफसर अक्सर यहां आते थे।

**मरकज सैयदना बिलाल कैम्प :** यह कैम्प जैश-ए-मोहम्मद का था। यहां हथियार, विस्फोटक रखे जाते थे। यहां आतंकियों को घने जंगलों में जिंदा रहने का प्रशिक्षण दिया जाता था। पाकिस्तानी सेना का स्पेशल सर्विसेस ग्रुप यहां पर आतंकियों को ट्रेनिंग देने आता था।

**गुलपुर कैम्पः** नियंत्रण रेखा से 30 किमी दूर यह कैम्प लश्कर-ए-तैयबा का था। राजौरी और पुंछ में सक्रिय



आतंकी इसी कैम्प से प्रशिक्षण प्राप्त करते थे। पुंछ में 20 अप्रैल 2023 को हुए हमले और रियासी में 9 जून 2024 को तीर्थयात्रियों पर हमला करने आए आतंकियों ने भी यहीं से ट्रेनिंग ली थी।

**बरनाला कैम्प :** नियंत्रण रेखा से नौ किमी दूर स्थित यह कैम्प भी लश्कर-ए-तैयबा का था। यहां हथियार, आईईडी रखे जाते थे। आतंकियों को घने जंगलों में जिंदा रहने का प्रशिक्षण दिया जाता था। यहां एक बार में 100 से ज्यादा आतंकी रुक सकते थे।

**अब्बास कैम्प :** नियंत्रण रेखा से 13 किमी दूर यह कैम्प लश्कर-ए-तैयबा/जैश-ए-मोहम्मद का था। यहां पर लश्कर के फिदायीन दस्ते तैयार किए जाते थे। एक बार में 15 आतंकियों को प्रशिक्षण देने लायक जगह थी। माना जाता है कि जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी कारी जरार भी यहां आता था। पुंछ और राजौरी सेक्टर में घुसपैठ के लिए यहीं से आतंकी तैयार होते थे।

**सरजल कैम्प :** अंतरराष्ट्रीय सीमा से छह किमी दूर यह कैम्प जैश-ए-मोहम्मद का था। मार्च 2025 में जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवानों की जिन आतंकियों ने हत्या की, उन्होंने यहीं ट्रेनिंग हासिल की थी। जैश का आतंकी अब्दुल रउफ असगर इस कैम्प को चलाता था। यहीं पर आतंकियों को सुरंगें खोदना सिखाया जाता था। यहीं से आतंकी ड्रोन के जरिए हथियार और नशे की खेप भारत में भेज रहे थे।

**महमूना जोया कैम्प :** अंतरराष्ट्रीय सीमा से 12 से 18 किमी दूर यह कैम्प हिजबुल मुजाहिदीन का था। यहीं से प्रशिक्षण लेने के बाद आतंकी जम्मू और कठुआ में घुसपैठ करते हैं। पठानकोट एयरबेस पर हुए हमले की साजिश यहीं रची गई थी। यह कैम्प एक स्वास्थ्य केंद्र की आड़ में चल रहा था। जम्मू में आतंकी हमलों को अंजाम देने वाला इरफान टांडा इस कैम्प को चलाता था।

**मरकज तैयबा कैम्प :** अंतरराष्ट्रीय सीमा से 18 से 25 किमी दूर यह कैम्प भी लश्कर-ए-तैयबा का था। यह पाकिस्तान के अंदर मौजूद सबसे बड़े आतंकी ठिकानों में से एक था। 2008 के 26/11 मुंबई हमलों को अंजाम देने आए आतंकियों ने यहीं प्रशिक्षण लिया था। अजमल कसाब और डेविड हेडली को भी यहीं पर ट्रेनिंग दी गई थी, जिसे दौरा-ए-रिब्बत कहा जाता है। तहव्वुर राणा भी यहां पर आया था, जिसे अब अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया जा चुका है।

**मरकज सुभानअल्लाह :** अंतरराष्ट्रीय सीमा से 100 किमी दूर यह कैम्प जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय था। यहां पर लोगों को भड़काकर उन्हें आतंकी बनाया जाता था। भर्ती के बाद उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता था। आतंकी सरगना अक्सर यहां आते थे। फरवरी 2019 के पुलवामा हमले की साजिश यहीं से रची गई थी। इसी परिसर में जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर और उसके भाई असगर के घर भी थे। मसूद अजहर वही आतंकी है, जिसे 1999 के कंधार विमान अपहरण मामले के बाद यात्रियों की रिहाई के बदले छोड़ना पड़ा था। बाद में इसने जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन बनाया।

# सायरन बजने के साथ शुरू हुआ मॉक ड्रिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** युद्ध के समय किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए राजधानी रांची में मॉक ड्रिल की शुरुआत कर दी गई है। रांची के मेकॉन में यह सुरक्षा ड्रिल शुरू की गई। गौरतलब है कि मॉक ड्रिल को लेकर रांची जिला प्रशासन की ओर से पहले ही एडवाइजरी जारी की गई थी। इस संदर्भ में रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने डोरंडा क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा था कि मॉक ड्रिल सिर्फ नागरिक सुरक्षा के लिए एक अभ्यास है। गौरतलब है कि मॉक ड्रिल को लेकर रांची जिला प्रशासन की ओर से पहले ही एडवाइजरी जारी की गई थी। इस संदर्भ में रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने डोरंडा क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा था कि मॉक



ड्रिल सिर्फ नागरिक सुरक्षा के लिए एक अभ्यास है। इस दौरान सायरन बजने पर घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने डोरंडा क्षेत्र के लोगों से मॉक ड्रिल के दौरान अपने-अपने घरों की लाइट बंद रखने की अपील की है। लोगों से अपने वाहनों की लाइट और जेनरेटर आदि बंद रखने का भी आह्वान किया गया है। डीसी ने कहा कि हम जिलेवासियों से अनुरोध करते हैं कि वे घबराएं नहीं और भाग लेने वाले अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग करें। यह एक पूर्व निर्धारित और नियंत्रित अभ्यास है, जिसका उद्देश्य जन जागरूकता और अंतर-एजेंसी आपदा प्रतिक्रिया को मजबूत करना है। गौरतलब है कि गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश के आलोक में ऑपरेशन अभ्यास के तहत आपदा की स्थिति में नागरिक सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है।

# ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के बाद बढ़ाई गई पटना एयरपोर्ट की सुरक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय सेना की पाकिस्तान और पीओके में ‘ऑपरेशन सिंदूर’ की कार्रवाई के बाद पटना एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एयरपोर्ट के चप्पे-चप्पे पर सीआईएसएफ के जवानों को तैनात किया गया है और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। पटना एयरपोर्ट से आने-जाने वाली चार फ्लाइट को भी रद्द किया गया। दरअसल, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के जवाब में सेना के द्वारा पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर किए गए सर्जिकल स्ट्राइक के बाद एहतियात के तौर पर पटना एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था टाइट कर दी गई है।

# सुरक्षा बलों पर हमले की साजिश नाकाम
## जंगल से पांच प्रेशर आईईडी बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नक्सलियों द्वारा हमले की साज़िश को जवानों ने नाकाम कर दिया। पुलिस ने जंगल से पांच प्रेशर आईईडी बरामद किया है। हालांकि नक्सली मौके से फरार हो गए। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं औरंगाबाद पुलिस के द्वारा की गई। प्राप्त आसूचना के आधार पर एसआईटी का गठन किया गया। गठित एसआईटी द्वारा 06 मई 2025 को पलामू पुलिस, एसटीएफ बिहार एवं झारखंड की टीम तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। मदनपुर सीडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप मदनपुर थाना क्षेत्र के लडुईया पहाड़ के शिकारी नाला के पास कार्रवाई की गई। यहां नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की बड़ी योजना थी, जिसे समय रहते विफल कर दिया गया। जंगल में छिपाकर लगाये गए सभी प्रेशर आईईडी को यथा स्थान पर विनिष्ट कर दिया गया। प्रत्येक आईईडी का वजन दो किलोग्राम था। इस कार्रवाई से नक्सलियों का मनोबल काफी गिरा हुआ है।

# बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो ने 16 सीटों पर ठोकी दावेदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की सबसे बड़ी सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बिहार की 16 विधानसभा सीटों के लिए अपनी दावेदारी ठोक दी है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने साफ शब्दों में कहा कि हम बिहार विधानसभा चुनाव जरूर लड़ेंगे। अब इंडिया गठबंधन के अन्य दलों (राजद-कांग्रेस) को यह तय करना है कि हमें बिहार विधानसभा चुनाव में घटक दल के रूप में वहां रखा जायेगा या हमें स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने के लिए मजबूर किया जाएगा। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि हमारी पार्टी की बिहार यूनिट ने 16 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए लिस्ट भेजकर आग्रह किया है। जिसमें से कम से कम 12 विधानसभा सीट पर झामुमो जरूर चुनाव लड़ेगा। बिहार में अपने इंडिया ब्लॉक के सहयोगी खासकर राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के नेताओं के सामने अपनी बात रखेंगे। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि बिहार में इंडिया ब्लॉक के नेताओं की विधानसभा चुनाव को लेकर बैठकों का दौर जारी है। लेकिन अभी तक झामुमो को औपचारिक रूप से बैठक में शामिल होने का न्योता नहीं मिला है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि हम बिहार चुनाव लड़ेंगे यह तय है। लेकिन वहां हमें इंडिया ब्लॉक में जगह मिलेगी या अकेले चुनाव लड़ना होगा, यह राजद-कांग्रेस के नेताओं को तय करना है। झारखंड सरकार में श्रम मंत्री और राजद के झारखंड प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार में झामुमो, हमारा छोटा भाई है। झामुमो बिहार में चुनाव लड़ना चाहता है, इसमें क्या गलत है। सभी दल चाहते हैं कि उनकी पार्टी का विस्तार हो। हमने भी झारखंड विधानसभा चुनाव में 15 सीटों की मांग की थी। लेकिन जो शीर्ष नेता का निर्णय हुआ, वह सभी ने माना। संजय यादव ने कहा कि जेएमएम की डिमांड जायज है। मांगेंगे 10 सीट तभी तो 05 सीट मिलेगी। अगर एक ही सीट मांगेंगे तो कैसे मिलेगा। झामुमो की मांग जायज है और उनको हक मिलना भी चाहिए। मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि सीटों का बंटवारा ऊपर लेवल की चीजें हैं। हमारे नेता तेजस्वी यादव, हेमंत सोरेन, राहुल गांधी रोज बातचीत करते हैं, वे बड़ें नेता हैं, वह जो भी तय करेंगे उसका हम लोग स्वागत करेंगे। बिहार चुनाव में इंडिया गठबंधन में जिस पार्टी को जहां सीट मिलेगी, उस प्रत्याशी को मजबूती से जीत दिलाने के लिए हम सब काम करेंगे। हम लोगों को जो ड्यूटी दिया जाएगा, उसका निर्वहन करेंगे।

# सहकारिता मंत्री ने किया नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में नए व्यवसाय की शुरुआत हुई। सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार, पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह एवं विधायक आनंद शंकर सिंह समेत अन्य ने संयुक्त रूप से नए प्रतिष्ठान ‘नवबिहार टाईम्स प्रिंटिंग प्रेस‘ का आज विधिवत उद्घाटन किया। उपस्थित सभी लोगों ने कमल किशोर के इस नए प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की, जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व सांसद बीरेंद्र सिंह, भाजपा के वरीय नेता प्रमोद चंद्रवंशी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय, वरीय कवि शंकर कैमूरी, जदयू प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विश्वनाथ सिंह, सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य सुधीर कुमार मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र कुमार चंद्रवंशी सहित कई अन्य



प्रमुख लोग शामिल रहे। सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर को इस नए उद्यम के लिए सफलता की कामना की। उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि इससे पत्रकारिता के साथ-साथ स्थानीय उद्यमिता को भी बढ़ावा मिलेगा। यह गर्व का विषय है कि औरंगाबाद जैसे छोटे शहर से अखबार की छपाई शुरू होगी। आमतौर पर जो भी दैनिक अखबार है, वह सभी बिहार से बाहर की अखबार है। नवबिहार टाइम्स से स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार मिलेगा। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि औरंगाबाद जैसे छोटे शहर में किसी दैनिक अखबार का प्रकाशन बड़ी बात है। यह जिले ही नहीं बल्कि प्रदेश के लिए गर्व की बात है। यह प्रिंटिंग प्रेस न केवल स्थानीय लोगों के लिए काम के अवसर प्रदान करेगा बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा। श्री सिंह ने कहा कि एक पत्रकार सरकार की सभी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाते हैं व जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाते हैं। सरकार का उद्देश्य है कि पायदान के अंतिम छोर पर बैठे लोगों को लाभ मिले। सदर विधायक आनंद शंकर सिंह ने बताया कि यह औरंगाबाद के लिए बड़ा धरोहर है। यह स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार का अवसर प्रदान करेगा। यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है। इसके लिए हम नवबिहार टाइम्स के सम्पादक कमल किशोर के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। पूर्व सांसद बीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आज के डिजिटल युग में ये प्रिंटिंग प्रेस एक बड़ी उपलब्धि है। यह गर्व का विषय है, इसके लिए नवबिहार टाइम्स के मुख्य संपादक कमल किशोर के प्रति आभार व्यक्त करता करता हूं।

### मुख्यमंत्री सहित बिहार के सभी सियासी दिग्गजों ने ऑपरेशन सिंदूर को सराहा

# सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पहलगाम हमले के 15 दिन बाद पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई पर पूरे देश के साथ बिहार में भी जश्न का माहौल है। पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में भारतीय सेना की ऑपरेशन सिंदूर में की गई कार्रवाई को बिहार के तमाम सियासी दिग्गजों ने सराहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा ‘ऑपरेशन सिंदूर‘ के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर में आतंकवादियों के नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध पूरा देश एकजुट है। भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर हम सभी को अटूट विश्वास एवं गर्व है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस विषय पर कई ट्वीट और एक वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि यह सिर्फ सैन्य ऑपरेशन नहीं था, यह हमारे बहनों के सिंदूर की रक्षा का उत्तर था। चुन-चुनकर और घुस-घुसकर मारा गया। यह एक निर्णायक कार्यवाही थी, जो आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देती है। वहीं ऑपरेशन सिंदूर को उन्होंने पहलगाम में छीनी गयी सिंदूर का बदला बताया। उन्होंने अपने एक पोस्ट में लिखा-‘भारत का आरंभ, आतंकिस्तान का अंत। भारत माता की जय।’ दूसरे पोस्ट में सम्राट चौधरी ने लिखा- ‘चुन-चुन कर मारा, घुस-घुस कर मारा! ये नया भारत है। आज का दिन शौर्य, गर्व का है और भारतीय सेना को सलाम करने का दिन है। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने लिखा है जय हिंद की सेना। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने अपने पोस्ट में लिखा है कि सेना ने सिंदूर की रक्षा की। बिहार कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट कर भारतीय वायु सेना की वीडियो को जारी करते हुए लिखा-‘शुक्रिया भारतीय सेना! बस देश पहले! ऑपरेशन सिंदूर के साथ हम 140 करोड़ एक हैं। जय हिंद। केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने पोस्ट करके भारतीय सेना के शौर्य को सलाम किया। जय हिंद! जय हिंद की सेना! पटना साहिब से सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बहुत ही साहसिक और प्रभावी ऑपरेशन सिन्दूर के सफल होने पर बुधवार को भारत की सेना के शौर्य और सटीक मारक क्षमता के लिए उनका अभिनन्दन करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह का विशेष रूप से अभिनंदन किया। श्री प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री के साहसिक निर्णय और सेना पर पूरा विश्वास करते हुए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश के कारण यह बड़ी सफलता मिली है।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :

Manaitand, Near Water Tank

Dhanbad, Jharkhand- 826001


Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in

संक्षिप्त समाचार

## पटना में विधायकों का बंगला जून तक होगा तैयार, हॉस्टल- कैंटिन और कम्युनिटी सेंटर की सुविधा



**पटना, एजेंसी।** भवन निर्माण विभाग पटना में विधायकों और विधान पार्षदों के लिए बंगलानुमा आवास का निर्माण कराया जा रहा है। इसके तीसरे चरण में 158 बंगलों को जून तक तैयार कर लिया जाएगा। इसमें फिनिशिंग कार्य तेजी से हो रहा है। गौर हो कि 44.41 एकड़ जमीन पर 246 बंगलों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से पहले चरण में 65 और दूसरे चरण में 23 बंगलों का निर्माण पूरा हो गया। भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने बताया कि 158 बंगलों में फिनिशिंग और साफ-सफाई के कार्य किए जा रहे हैं। कार्यों में तेजी लाने के लिए लगातार निर्माण स्थल का निरीक्षण एवं समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि आवासन परिसर को जीरो डिस्चार्ज की अवधारणा को ध्यान में रखकर कार्य किया जा रहा है। सीवरेज डिस्चार्ज को ट्रिटमेंट के बाद बागवानी के लिए पानी का उपयोग किया जाएगा। वर्षा जल संचयन की भी व्यवस्था है। बिजली बचत के लिए एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है। बंगले का निर्मित क्षेत्रफल 3693 वर्गफीट है। आवास परिसर में एमएलए हॉस्टल, कैंटिन, कम्युनिटी सेंटर आदि सुविधाएं रहेंगी। सभी बंगलों का निर्माण होने के बाद विधानसभा वार आवासन की सुविधा मिलेगी।

## डायरिया के केस बढ़े तो मेडिकल कॉलेज से सदर जाएंगे डॉक्टर

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** डायरिया के केस बढ़ने पर श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज से सदर और पीएचसी में जूनियर डॉक्टर भेजे जाएंगे। राज्य स्वास्थ्य विभाग ने इसका निर्देश दिया है। एसकेएमसीएच की अधीक्षक डॉ कुमारी विभाग ने बताया कि मुख्यालय से पत्र आने के बाद सभी विभागों को निर्देश भेज दिया गया है। सीएस कार्यालय से जब भी जूनियर डॉक्टरों की मांग होगी, वहां डॉक्टर भेजे जाएंगे। दरअसल, गर्मी बढ़ने से सरकारी अस्पतालों में डायरिया के मरीज बढ़ गए हैं। सदर और पीएचसी में डॉक्टरों की कमी के कारण मेडिकल कॉलेज से वहां डॉक्टर भेजने की व्यवस्था की जा रही है। एसकेएमसीएच की इमरजेंसी में हर दिन 15 से 20 मरीज डायरिया के पहुंच रहे हैं। मेडिसिन विभाग की डॉ. नेहा ने बताया कि इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को पानी चढ़ाना पड़ता है। इसके अलावा ओपीडी में आने वाले मरीजों में से कई को भर्ती भी करना पड़ रहा है। सदर अस्पताल के मेडिसिन के डॉ चंद्रशेखर ने बताया कि ओपीडी में अभी डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि बाहर की चीजें अधिक खाने से लोगों को यह परेशानी हो रही है।

## तीन जिलों के 223 बीएलओ को मिला चुनावी प्रशिक्षण

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मंगलवार को एमआईटी में छह जिलों के 32 विस क्षेत्रों के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य बीएलओ को उनकी भूमिका और जिम्मेदारी से अवगत कराना, त्रुटि-मुक्त मतदाता सूची सुनिश्चित करना और आईटी अनुप्रयोगों का प्रशिक्षण देना है। प्रशिक्षण में जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी सत्यप्रिय कुमार ने बीएलओ एप और विभिन्न प्रपत्रों की जानकारी दी। उन्होंने बीएलओ को प्रपत्र 6, 7 और 8 को भरने और जांचने की प्रक्रिया को लाइव डेमो से समझाया। इसके तहत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने, हटाने व दुरुस्त करने का काम किया जाता है। निर्वाचन आयोग के पर्यवेक्षक जय माधव पी. की उपस्थिति में, बीएलओ के साथ-साथ एक इआरओ को भी प्रशिक्षित किया गया। डीएम राजस्व संजीव कुमार को प्रशिक्षण का नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है, जो इस कार्यक्रम की निगरानी कर रहे हैं। सीतामढ़ी, वैशाली और शिवहर के बीएलओ का प्रशिक्षण 8 मई को आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि प्रशिक्षित बीएलओ भविष्य में विधानसभा स्तर के मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य करेंगे, जिससे राज्य स्तर पर बीएलओ नेटवर्क को मजबूती मिलेगी।

# एयर स्ट्राइक पर तेजस्वी बोले-सेना ने सिंदूर की रक्षा की, लालू ने लिखा-जय हिंद की सेना

## डिप्टी सीएम ने बताया 56 इंच के सीने का जवाब



**पटना, एजेंसी।** पहलगाम हमले के 15 दिन बाद भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। इस एयर स्ट्राइक में 100 से ज्यादा आतंकी के मारे जाने की खबर है। वहीं, भारत की इस जवाबी कार्रवाई के बाद देश में जश्न का माहौल है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एयर स्ट्राइक पर खुशी जताते हुए कहा, भारतीय सेना ने हर बार माताओं की कोख, बहनों की कलाई और उनके माथे के सिंदूर की रक्षा की है। राजद सुप्रीमो लालू यादव ने भारत की जवाबी कार्रवाई पर लिखा, जय हिंद जय हिंद की सेना। वहीं, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा, यह 56 इंच के सीने का जवाब। उन्होंने एक्स पर लिखा- जब पहलगाम हमला हुआ, उसी दिन तय हो गया था कि अब पाकिस्तान के आतंकवादियों को छोड़ा नहीं जाएगा। आज भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में छिपे 9 आतंकियों के ठिकानों पर करारा प्रहार किया गया है।

### जीतन राम मांझी

हम मुसहर लोग हैं, चूहों को बिल से निकालकर कैसे मारा जाता है हमें अच्छे से पता है। कहा था ना कि पाकिस्तानी चूहों के साथ हम क्या करेंगें। उसका अंदाजा उनके हुक्मरानों को भी नहीं लगेगा। बदला लेगें, बदल देगें नक्शाए पाकिस्तान जय हिंद की सेना।

श्याम सुन्दर शरण (राष्ट्रीय प्रवक्ता, हम)

देश ने पहलगाम का बदला ले लिया है। प्रधानमंत्री और सेना पर शक करने का नहीं भरोसा करने का समय है। सबका हिसाब लिया जाएगा। देश को एकजुट रहने की आवश्यकता है।

**संजय जायसवाल-** सिंहनाद से थर्रा गई आतंकिस्तान की धरती.. जय हिंद की सेना।

### तेजस्वी ने लिखा

यदि कोई देश या संगठन भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता पर प्रहार करेगा, तो देशवासी एकजुट होकर मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम हैं। इस निर्णायक लड़ाई में 140 करोड़ भारतवासी पूरी मजबूती से भारतीय सेना और सरकार के साथ खड़े हैं। अंत में उन्होंने नारा दिया हिंदुस्तान जिंदाबाद.. भारतीय सेना जिंदाबाद, जय हिंद।

पप्पू यादव- हमारी सेना न केवल विश्व की सबसे सक्षम सेनाओं में से एक है, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की खुशियों, स्वाभिमान और सम्मान की मजबूत ढाल भी है। अब समय आ गया है कि हम स्पष्ट और निर्णायक कदम उठाएं। POK को भारत का हिस्सा बनाना अब केवल सपना नहीं, बल्कि संकल्प होना चाहिए। देशहित में राजनीति से ऊपर उठकर हमें अपनी सेना को पूरी तरह स्वतंत्र और समर्थ बनाना होगा। जब पूरा देश एकजुट होकर सेना के पीछे खड़ा हो, तब कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। इस बार फैसला होना चाहिए, और अबकी बार इतिहास बदलने का वक्त है। जय हिंद !

### बोलने वाली नहीं, करने वाली है सरकार

वहीं मंत्री अशोक चौधरी ने कहा है कि नरेंद्र मोदी की सरकार बोलने वाली नहीं, करने वाली है। भले ही कुछ दिनों तक कार्रवाई नहीं हुई। लोगों को बोलने का मौका मिल गया, मगर नरेंद्र मोदी अपने काम में लगे हुए थे। पहले की सरकार ने आतंकी हमलाओं पर इस तरह की कार्रवाई नहीं की थी। इसलिए भारत को आतंकी बार-बार अपना निशाना बनाते थे। ताज और संसद पर हमले के बाद बड़ी कार्रवाई नहीं हुई थी। अभी की कार्रवाई ने आतंकियों को बता दिया कि नरेंद्र मोदी क्या चीज है। देश की जनता से अपील नरेंद्र मोदी के साथ उनके कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए तैयार रहें।



## गया में 5 शक्तिशाली आईईडी बम बरामद: नक्सली ने सीरियल तरीके से किए थे प्लांट, सुरक्षाबल पर हमले की थी तैयारी

**गया, एजेंसी।** गया के नक्सल प्रभावित डुमरिया प्रखंड स्थित छकरबंधा थाना क्षेत्र के पचरुखिया के शिकारी कुआं जंगल में सुरक्षाबलों को कामयाबी मिली है। यहां नक्सलियों की ओर ले सीरियल तरीके से प्लांट किए गए 5 शक्तिशाली आईईडी बम बरामद किए गए। हर एक बम करीब 10 किलो का है और स्टील के केन में छिपाकर जमीन के नीचे और चट्टानों के बीच प्लांट किया गया था। सुरक्षाबलों ने समय रहते साजिश को भांप लिया और 8 घंटे चले सर्च ऑपरेशन के बाद बरामद किए गए, सभी विस्फोटकों को जंगल मे ही डिफ्यूज कर दिया।

**सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की थी योजना :** बताया जा रहा है कि नक्सलियों की योजना सुरक्षाबलों को बड़ा नुकसान पहुंचाने की थी। लेकिन उनके मंसूबे को नाकाम कर दिया गया। सर्च ऑपरेशन जिला पुलिस और सीआरपीएफ की 47 वीं बटालियन के संयुक्त नेतृत्व में चलाया गया था। सर्च के दौरान बमों को निष्क्रिय करते समय तेज धमाके भी हुए। इससे स्पष्ट हुआ कि बम काफी शक्तिशाली थे। सीआरपीएफ अधिकारी ने पुष्टि की कि ये बम सीरियल तरीके से प्लांट किए गए थे, ताकि एक के बाद एक धमाका हो और ज्यादा से ज्यादा क्षति हो सके। एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि ऐसे अभियान नक्सलियों की कमर तोड़ रहे हैं। हाल के दिनों में लगातार जंगलों से आईईडी, हथियार और अन्य सामग्री बरामद की जा रही है। वहीं सूत्रों के मुताबिक, डुमरिया के जंगलों में झारखंड और छत्तीसगढ़ से आए नक्सली दस्ते छिपे होने की सूचना है। नक्सलियों का नेतृत्व कुख्यात विराट गंजू कर रहा है। इनमें महिला दस्ते भी सक्रिय हैं।

## रेलवे ट्रैक पर फर्जी वीडियो बनाकर किया वायरल नवादा के साइबर थाने में युवक पर केस दर्ज

### व्यूज़ बढ़ाने के लिए फैलाई अफवाह

**नवादा, एजेंसी।** सोशल मीडिया पर वायरल होने की होड़ में एक युवक ने नवादा रेलवे स्टेशन पर झूठा वीडियो बनाकर अफवाह फैला दी। युवक ने दावा किया कि वंदे भारत ट्रेन को निशाना बनाने के लिए रेलवे ट्रैक पर असामाजिक तत्वों ने पत्थर रख दिए हैं। वीडियो वायरल होते ही रेल प्रशासन और पुलिस हरकत में आ गई। आरपीएफ के एक अधिकारी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नवादा साइबर थाना में युवक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया कि युवक ने रेलवे की छवि को नुकसान पहुंचाने और लोगों में दहशत फैलाने की कोशिश की है।

### साइबर पुलिस ने जारी किया प्रेस नोट

साइबर डीएसपी प्रिया ज्योति ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि युवक के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा 68/25 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है।



### सोशल मीडिया पर व्यूज बटोरने की हरकत- पुलिस

डीएसपी ने यह भी स्पष्ट किया कि जांच में यह बात सामने आई है कि वीडियो पूरी तरह फर्जी है और युवक ने सिर्फ सोशल मीडिया पर व्यूज बटोरने के लिए यह हरकत की है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी भ्रामक वीडियो को शेयर न करें और अफवाह फैलाने वालों से सावधान रहें। पुलिस का कहना है कि इस तरह की हरकतें कानूनन अपराध हैं और दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## पीओके में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पटना में सुरक्षा सख्त, गांवों में भी पहरा

**पटना, एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नौ ठिकानों पर भारतीय सेना के एयर स्ट्राइक के बाद राजधानी पटना में सुरक्षा सख्त दिखी। मध्य रात्रि के बाद भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले का जब बदला लिया तो लोग गहरी नींद में सो रहे थे। पर जैसे-जैसे लोगों को इस कार्रवाई की जानकारी हुई, लोग इसके बारे में और जानकारी लेने के लिए टीवी के सामने बैठ गए। एक- दूसरे से फोन और बात कर घटना की जानकारी साझा की। पटना में आधी रात के बाद सड़कों पर पुलिस भी मुस्तैद दिखी। थानों की गश्ती गाड़ियां जगह- जगह खड़ी दिखीं। पुलिस अधिकारी और जवान इक्का-दुक्का गुजरने वालों को रोककर पूछताछ करते दिखे। पटना पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक देर रात सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश ऊपर से मिले हैं। इसके बाद शहरी क्षेत्र के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी पुलिस को मुस्तैद कर दिया गया है। महत्वपूर्ण सरकारी और गैर सरकारी प्रतिष्ठानों की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बुधवार तड़के जैसे ही लोग नींद से जागे, इसके बाद चारों और सिर्फ इसी की चर्चा होती रही। लोग एक- दूसरे से घटना की जानकारी



लेने के अलावा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में हुई कार्रवाई में हुए नुकसान को लेकर बात करते दिखे। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भरत के तेवर को देखकर लोग पहले से ही बड़ी कार्रवाई को लेकर आश्वस्त थे, पर मंगलवार की रात हुए हमले के बाद आगे क्या होगा इसको लेकर चर्चाओं का दौर शुरु हो गया। भारत यहीं रुकेगा या फिर इससे भी बड़ी सैन्य कार्रवाई होगी इसपर कयास लगाये जाने लगे। पाकिस्तान क्या कर सकता है इसपर भी चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

## 15 अगस्त से पटना मेट्रो का पहला फेज होगा शुरू

### मंत्री जीवेश मिश्रा बोले- नगर निगम इकाई में बनेंगे पिंक शौचालय




**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा में जानकी पूजनोत्सव कार्यक्रम में नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश मिश्रा पहुंचे। इन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए हर नगर निगम इकाई में पिंक शौचालय बनाए जाएंगे। नगर निगम क्षेत्र में पिंक बस सेवा भी शुरू की जाएगी। उन्होंने ऐलान किया कि 15 अगस्त से पटना मेट्रो के पहले फेज की शुरुआत होगी। कार्यक्रम में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मां जानकी की भूमि पर जन्म लेना गर्व की बात है। प्रधानमंत्री की ओर से मां सीता का मंदिर बनवाने के निर्णय पर उन्होंने धन्यवाद दिया।

### मां जानकी और नारी शक्ति को लेकर चर्चा

विद्यापति सेवा संस्थान की ओर से मां जानकी पूजनोत्सव सह मैथिली दिवस के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें नगर विकास मंत्री, राजस्व मंत्री के साथ केवटी विधायक मुरारी मोहन झा भी मौजूद थे। कार्यक्रम में मां जानकी और नारी शक्ति को लेकर चर्चा हुई। मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि 500 सालों से भगवान श्रीराम जन्मभूमि छोड़कर त्रिपाल में रह रहे थे।

प्रधानमंत्री के प्रयास से अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन रहा है। देश और दुनिया से लोग वहां पहुंच रहे हैं। बिना मैया सीता के भगवान श्रीराम अधूरे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 52 एकड़ जमीन अधिगृहीत कर ली है। मैया सीता का भी भगवान राम जैसा भव्य मंदिर बनेगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है।

## पटना एयरपोर्ट से गुवाहाटी-हैदराबाद के लिए नई उड़ान जून से

**पटना, एजेंसी।** पटना हवाई अड्डे से एयर इंडिया एक्सप्रेस की गुवाहाटी और हैदराबाद के लिए एक-एक नई फ्लाइट एक जून से शुरू होगी। गुवाहाटी-पटना-गुवाहाटी और हैदराबाद-पटना-हैदराबाद के बीच रोजाना चलेगी। दोनों फ्लाइट की बुकिंग शुरू हो गई है। दोनों फ्लाइट 180-180 सीटर है, जिसमें 4-4 सीट बिजनेस क्लास की है। पहली जून को पटना से गुवाहाटी के बिजनेस क्लास का किराया 12 हजार 500 रुपये है, जबकि इकोनॉमी क्लास का 7400 रुपये है। इसी तरह पटना से हैदराबाद के बिजनेस क्लास का किराया पहली जून को 11 हजार 600 रुपये है, जबकि इकोनॉमी क्लास का किराया 6600 रुपये है। इन दोनों फ्लाइट के उड़ान भरते ही एयर इंडिया एक्सप्रेस की संख्या 9 से बढ़कर 11 हो जाएगी। पहली जून से एयर इंडिया की हैदराबाद के लिए 2 फ्लाइट हो जाएगी, जबकि गुवाहाटी के पहली फ्लाइट होगी। अभी पटना से हैदराबाद के लिए 5 और गुवाहाटी के लिए एक फ्लाइट चल रही है। यहां बता दें कि जून से शुरू होने जा रही गुवाहाटी-हैदराबाद की उड़ान से यात्रियों को सुविधा होगी।



**गुवाहाटी के लिए फ्लाइट 3:45 बजे**

- आईएक्स 1252 पटना- गुवाहाटी- 3:45 शाम- 5: 20 शाम
- आईएक्स 1253 गुवाहटी- पटना- 6:20 शाम- 8:00 बजे रात
- हैदराबाद के लिए उड़ान सुबह नौ बजे
- आईएक्स 1252- पटना- हैदराबाद- 9:00 बजे रात- 11:55 बजे रात
- आईएक्स 1253- हैदराबाद- पटना- 12:10 अपराह्न- 14:55 बजे अपराह्न

## अब कॉल सेंटर पर करें जमीन से जुड़ी शिकायतें, राजस्व विभाग ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर



**पटना, एजेंसी।** अब बिहार में जमीन से संबंधित समस्या होने पर उसकी शिकायत कॉल सेंटर पर की जा सकेगी। इसके गठन का उद्देश्य विभाग की योजनाओं की जानकारी नागरिकों तक पहुंचाना और उनकी शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करना है।राजस्व विभाग ने हेल्पलाइन नंबर 18003456215 जारी किया है। जून के प्रथम सप्ताह से यह काम करने लगेगा। कॉल सेंटर के संचालन के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग और सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली के बीच मंगलवार को पटना के एक होटल में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। मौके पर विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक सिंह ने कहा कि लंबे समय से यह प्रयास किया जा रहा था कि इस कॉल सेंटर का जल्द शुभारंभ हो। अक्सर लोग ऑनलाइन सेवाओं के लिए साइबर कैफे जाते हैं, जहां कैफे वाले आवेदक के रूप में रैयत का मोबाइल नंबर न देकर अपना नंबर दे देते हैं। इससे रैयतों को आवेदन में किसी प्रकार के सुधार की सूचना नहीं मिल पाती है।

आम जनता को विभाग की सेवाओं का लाभ लेने में परेशानी ना हो, इसलिए विभाग विज्ञापन देता रहता है कि दलालों के चक्कर में ना पड़ें तथा आवेदक के रूप में रैयत अपना ही नंबर डालें। यह कॉल सेंटर प्रशिक्षित टीम चलाएगा। इसका संचालन सीएससी द्वारा प्रदान की गई सेवा दरों के अनुसार किया जाएगा। सचिव जय सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में विभाग के काम का तरीका बदल गया है। सभी सेवाएं डिजिटल मोड में उपलब्ध हैं। विभाग को ऐसे किसी संस्था की जरूरत थी जिसकी पहुंच ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी हो। सीएससी के माध्यम से हमारा प्रयास है कि अंचल स्तर तक लोगों को सभी सेवाएं मिले। सीएससी के एमडी संजय कुमार ने कहा कि यह समझौता डिजिटल इंडिया मिशन को मजबूत करेगा और ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं सहायता प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएगा। यह पहल बिहार सरकार की पारदर्शी, उत्तरदायी और डिजिटल शासन की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### कॉल सेंटर स्थापित करने का उद्देश्य

सेवाओं में आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए लोगों को सहायता प्रदान करना

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग और नागरिकों के बीच संवाद को सुव्यवस्थित करना

भूमि अभिलेख, भू-लगान, राजस्व संबंधी विवाद में हर संभव सहायता प्रदान करना

आवेदनों के त्वरित निष्पादन हेतु एक विश्वसनीय प्लेटफार्म के रूप में कार्य करना

## लहंगा नहीं मिला तो खा ली सल्फास की गोली

**सहरसा, एजेंसी।** सहरसा में बड़ी बहन की शादी में नया लहंगा नहीं मिलने से नाराज़ एक नाबालिग लड़की ने सल्फास की गोली खाकर अपनी जान दे दी। मामला सहरसा के बिहरा थाना क्षेत्र के दुम्मा गांव का है। परिजन शुरू में इसे मानसिक तनाव से जुड़ा मामला बता रहे थे, लेकिन मृतका के कोचिंग में पढ़ने वाली छात्राओं ने खुलासा किया है कि वह अपनी बहन की शादी में लहंगा खरीदवाने की जिद कर रही थी। परिजनों ने उसे डांट-फटकार कर मना कर दिया। इससे उसने गुस्से में आकर गेहूं में रखे कीड़ा मारने वाले सल्फास की गोली खा ली।

**सोमवार रात इलाज के दौरान हुई मौत :** यह घटना सोमवार की है। 16 वर्षीय आरती कुमारी, जो सहरसा शहर के प्रीमियम कोचिंग संस्थान में पढ़ती थी, ने घर में सल्फास खा ली। आनन-फानन में परिजनों ने उसे सूर्या अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन इलाज के दौरान रात 8:30 बजे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सहरसा सदर थाना पुलिस रात 10:00 बजे अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू की। मंगलवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद परिजन ने पुलिस को बताया कि आरती मानसिक रूप से ठीक नहीं थी। कोचिंग की फीस नहीं भर पाने के तनाव में थी, इसलिए उसने जहर खाया। वहीं, जब अन्य छात्राओं से बात की, तो असली वजह सामने आई।

# पड़ोस की शादी में गीत गाने गई पत्नी की हत्या, शव कुएं में फेंका

## जैतीपुर गांव में घरेलू कलह बना मौत की वजह, पति गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिहार के नालंदा जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां महज शादी में गीत गाने को लेकर हुए विवाद में एक पति ने अपनी पत्नी की जान ले ली। चंडी थाना क्षेत्र के जैतीपुर गांव में 20 वर्षीय फुला देवी की बेरहमी से हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया गया।घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कुएं से महिला का शव बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति मंटू रविदास को हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ की जा रही है।

**गीत गाने को लेकर हुई थी कहासुनी**

बताया जा रहा है कि जैतीपुर गांव में पड़ोस में शादी समारोह था। मृतका फुला देवी को न्योता मिलने पर वह गीत गाने कार्यक्रम में चली गई थी। इसी बात को लेकर जब उसका पति मंटू रविदास शाम को घर लौटा, तो दोनों के बीच कहासुनी हुई। परिजनों के अनुसार, विवाद इतना बढ़ गया कि मंटू और उसके पिता ने मिलकर फुला देवी की बेरहमी से पिटाई की और अचेत अवस्था में उसे कुएं में फेंक दिया, ताकि घटना को हादसा साबित किया जा सके।

**गांववालों की सूचना पर खुला राज**

मृतका के भाई देवेश कुमार ने बताया कि अहले सुबह गांव के एक पड़ोसी ने फोन पर सूचना दी कि उसकी बहन को कुएं में फेंक दिया गया है। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया और आरोपी पति को तत्काल हिरासत में लिया गया।

**तीन बच्चों की मां थी फुला देवी**

फुला देवी की शादी वर्ष 2014 में मंटू रविदास से हुई थी। मृतका मूल रूप से पेंदापुर गांव की रहने वाली थी। वह तीन बच्चों की मां थी, जिनमें दो बेटे और एक बेटी शामिल हैं।

**पुलिस कर रही जांच, पति हिरासत में**

चंडी थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया, प्रथम दृष्टया मामला घरेलू कलह का प्रतीत हो रहा है। पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पीड़ित पक्ष से आवेदन मिलने पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# अनुकम्पा पर दो को मिला नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बिहारशरीफ।** बिहार सरकार के जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री सह नालंदा जिले के प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में डॉ. आंबेडकर समग्र सेवा अभियान, शहर आपका-आपकी बात एवं महिला संवाद कार्यक्रम के क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से इन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नालंदा जिले के चार नगर निकायों–बिहारशरीफ नगर निगम, राजगीर नगर परिषद, इसलामपुर नगर परिषद एवं हिलसा नगर परिषद–का क्षेत्र विस्तार हुआ है। इन नवविस्तारित क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं समुचित विकास के लिए आपका शहर-आपकी बात कार्यक्रम के अंतर्गत मुहल्ला सभाएं आयोजित की जा रही हैं।

इन क्षेत्रों में आवास, सड़क, नाला, स्ट्रीट लाइट, पार्क, जलापूर्ति, शौचालय, सिवरेज, घाट और मोक्षधाम जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। कार्यक्रम के तहत नालंदा जिले के कुल 135 वार्डों में से 37 वार्डों के 48 मुहल्लों में 41 मुहल्ला सभाएं आयोजित की गई हैं, जिनसे प्राप्त सुझावों के आधार पर 1,718 योजनाएं चयनित की गई हैं।

इस मौके पर आयोजित जिला अनुकंपा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार अनुसूचित जाति के दो मृतकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र सौंपा गया। मंत्री विजय कुमार चौधरी ने ग्राम दाहाविगहा, थाना हिलसा निवासी स्व. मंटू पासवान की पत्नी ललिता देवी और ग्राम नानन्द, थाना सिलाव निवासी स्व. विकास कुमार चौधरी की आश्रिता कुमारी शोभा को नौकरी से संबंधित नियुक्ति पत्र प्रदान किया। दोनों मृतकों की हत्या के बाद यह संवेदनात्मक पहल की गई।

बैठक के दौरान क्षेत्रीय सांसद कौशलेंद्र कुमार, हरनौत विधायक हरिनारायण सिंह, अस्थावां विधायक डॉ. जितेंद्र कुमार, हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी शरण, इसलामपुर विधायक राकेश रौशन, राजगीर विधायक कौशल किशोर, विधान पार्षद रीना यादव, मेयर अनीता देवी, उपमेयर आईशा शाहीन सहित कई जनप्रतिनिधि, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, नगर आयुक्त व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। समिति के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं और सुझाव मंत्री के समक्ष रखे, जिन पर उन्होंने यथासंभव कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# बस और ट्रक की टक्कर :12 यात्री घायल, चार की हालत नाजुक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नवादा।** नवादा के पकरीबरावां प्रखंड में एक भीषण सड़क हादसा हुआ। रोह-रूपो पथ पर कचना गांव के पास एक बालू लदे ट्रक और यात्री बस की आमने-सामने टक्कर में करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में महिलाएं, पुरुष और स्कूली बच्चे शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीखे मोड़ पर तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने सामने से आ रही 'मां जगदंबा' नामक बस को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे में बस चालक के दोनों पैर टूट गए और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना में घायल यात्रियों में आसमा निवासी रूपेश शर्मा की पत्नी रीना देवी, रूपो निवासी प्रेमन कुमार, देवधा के गुड्डू चौरसिया की पत्नी सोनिया देवी, बीरनामा के इंद्रदेव प्रजापति के पुत्र संजीत प्रजापति, मानसागर पटोरी के कृष्ण देव रविदास के बेटे सर्वेश रविदास और रूपो के सुधीर शर्मा के बेटा राहुल कुमार का नाम शामिल है। सूचना मिलने पर पकरीबरावां थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां लाया गया। इनमें से चार की हालत गंभीर होने पर उन्हें नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बस में मौजूद कुछ स्कूली बच्चे भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज स्थानीय म्यूजिक क्लिनिक में चल रहा है। फिलहाल पुलिस मौके पर कैंप कर रही है और दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी है।

# नालंदा के एनएच-20 पर रोड एक्सीडेंट, महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिले में एनएच-20 बख्तियारपुर रजौली फोरलेन पर बुधवार को रफ्तार का कहर देखने को मिला है। सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। मामला सोहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीराम पेट्रोल पंप के पास की है। मृतका की पहचान नूरसराय थाना क्षेत्र के कखड़ा मंडाछ निवासी स्वर्गीय सियासरण यादव की (70) साल की पत्नी अशर्फी देवी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मृतका के परिजन ने बताया कि महिला खेत से सब्जी तोड़कर उसे बेचने के लिए जा रही थी। तभी सड़क पार करने के दौरान श्री राम पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। इस हादसे में घटनास्थल पर ही अशर्फी देवी की मौत हो गई। गांव का ही एक युवक जो पेट्रोल पंप के पास व्यवसाय करता है। उसने ही फोन कर घटना की जानकारी गांव और घर वालों को दी। हादसे की जानकारी मिलने के बाद गांव और परिवार के सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे, जहां शव को देख परिजनों की चीख पुकार मच गई। जिससे पूरा इलाका गमगीन हो गया। सड़क हादसे में मौत की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया।

# पहलगाम के बदले से भारतीयों का सीना हुआ चौड़ा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नवादा।** भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम से 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए भारतीय सेना वा प्रधानमंत्री जी का दिल से आभार व्यक्त करता हूं। इस ऑपरेशन सिंदूर के होने से सम्पूर्ण वातावरण राष्ट्रभक्ति की भावधारा से सराबोर हो उठा। हर दिशा में गर्व, श्रद्धा और सुकून की लहर दौड़ गई।

इस ऐतिहासिक क्षण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रति गहरा आभार व्यक्त करता हूं – ''यह केवल एक सैन्य अभियान नहीं, अपितु हर भारतीय के हृदय की पीड़ा पर मरहम रखने वाला क्षण है। यह ऑपरेशन भारतीय सेना के अदम्य शौर्य, पराक्रम और संकल्प का सजीव प्रमाण है। हमें अपनी सेना पर गर्व है, जो हर बार देश की अस्मिता के लिए ढाल बनकर खड़ी होती है।''

इधर भारतीय जनता पार्टी के पुराने नेता और शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुरेंद्र चौधरी ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने किए गए वादे पर काम पूरा किया । पहलगाम का बदला लिया। जिससे हमारे देशवासियों का सीना चौड़ा हुआ है । उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान के आतंकी बंकर ध्वस्त हुए हैं । पाकिस्तान में भगदड़ मच गई है। आए दिन भारत की तरफ आंख उठा कर देखने वाला पाकिस्तान आज दुम दबाकर भागने पर मजबूर हुआ है । यह हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कूटनीति का परिणाम है ।

# आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा वादों के अधिकतम निष्पादन हेतु बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार आशुतोष कुमार झा के निर्देश के आलोक में 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, कुमारी सरोज कीर्ति के प्रकोष्ठ में एम.ए.सी.टी. के सुलहनीय योग्य वादों के अधिकतम निष्पादन के संबंध में विचार-विमर्श हेतु वादी एवं बीमा कंपनियों के विद्वान अधिवक्ताओं के साथ बैठक की गई। बैठक में उपस्थित विभिन्न बीमा कंपनियों के अधिवक्ताओं ने आश्वस्त किया कि वे अपनी-अपनी कंपनियों से सतत संवाद कर रहे हैं तथा अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन के प्रयास कर रहे हैं, ताकि आगामी लोक अदालत में वादों का निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही, एमएसीटी के विभिन्न न्यायालयों से प्राप्त नोटिसों की तामिला के संबंध में भी विचार किया गया। वादी पक्ष के अधिवक्ताओं ने भी यह आश्वासन दिया कि वे पक्षकारों एवं कंपनियों के बीच सुलह की कोशिश निरंतर कर रहे हैं, जिससे सुलह के आधार पर अधिकतम वादों का निष्पादन किया जा सके। सचिव द्वारा उपस्थित अधिवक्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे लोक अदालत के माध्यम से सुलहनीय योग्य वादों का अधिकतम निष्पादन सुनिश्चित करें। इस बैठक में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के अतिरिक्त बीमा कंपनियों के अधिवक्ता–रामानुज शर्मा, रोहित सिन्हा, सतीशचंद्र सिन्हा, अजित कुमार सिन्हा, राजेशकृष्ण, निरंजन कुमार सिंह, अमिताभ राजीव तथा लोक अदालत नवादा के पेशकार सुशील कुमार उपस्थित थे।

# नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला 15 मई को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार के निदेश के आलोक में जिला नियोजनालय, नवादा द्वारा 15 मई 2025 को सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई. कैंपस), गोनावां, नवादा में एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम ''नियोजक आपके क्षेत्र में'' थीम के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जो निःशुल्क रोजगार का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।

इस मेले में बिहार राज्य एवं अन्य राज्यों से लगभग 20-25 प्रतिष्ठित नियोजकों के भाग लेने की संभावना है। मेले में नन-मैट्रिक से लेकर उच्चतर शैक्षणिक योग्यता प्राप्त बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही कुशल युवा कार्यक्रम, डोमेन स्किल, आरटीडी, पीएमकेवीवाई, पीएमकेके आदि योजनाओं से प्रशिक्षित युवाओं के लिए भी यह मेला एक उत्तम अवसर है।

कार्यक्रम में स्वरोजगार एवं कौशल विकास हेतु मार्गदर्शन तथा सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी, जिससे बेरोजगारों के साथ-साथ अन्य जरूरतमंद लाभार्थी भी लाभान्वित हो सकें।

मेले में भाग लेने हेतु आवेदक/आवेदिकाओं का एन.सी.एस. (गएट्ट) पोर्टल पर निबंधन अनिवार्य है। एनसीएस पर निबंधन की सुविधा जिला नियोजनालय, नवादा कार्यालय एवं कार्यक्रम स्थल पर उपलब्ध रहेगी। मेले में प्रवेश से लेकर चयन प्रक्रिया तक सभी सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क होंगी। आवेदक/आवेदिकाएं अपने बायोडाटा, शैक्षणिक/प्रशिक्षण प्रमाण-पत्रों की छायाप्रतियाँ एवं पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो के साथ निर्धारित तिथि पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित हों।

# नालंदा में संदिग्ध हालत में महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नालंदा में एक महिला कि संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मामला चण्डी थाना क्षेत्र के जैतीपुर गांव का है। मृतका की पहचान जैतीपुर गांव निवासी मंटू रविदास की पत्नी फुलवा देवी (25) के रूप में की गई है। मायके वाले महिला के ससुर और पति पर मारपीट कर हत्या का आरोप लगाया है। घटना के संबंध में मृतका के भाई दिवेश कुमार ने बताया कि जैतीपुर गांव से बहन के पड़ोसियों ने फोन कर सूचना दी की उसकी हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया गया है। जब हमलोग पहुंचे तो शव चण्डी रेफरल अस्पताल में पड़ा हुआ था। इसके बाद पुलिस के सहयोग से शव को लेकर बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे।

भाई ने बताया कि फुलवा देवी पड़ोसी के यहां शादी समारोह में गीत गाने के लिए गई थी। इसी बात से नाराज होकर उसके पति और ससुर ने बहन के साथ मारपीट कर दी और उसकी हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया। ताकि यह कोई हादसा प्रतीत हो। साल 2016 में थरथरी थाना क्षेत्र के पैंदापुर निवासी स्वर्गीय संजय रविदास ने अपनी बेटी फुलवा की शादी चण्डी थाना क्षेत्र के जैतीपुर निवासी लाल रविदास के बेटे मंटू रविदास से की थी। इस बीच 2 बेटा और 1 बेटी भी हुई। अगले महीने 4 जून को मृतक महिला की बहन की शादी भी होने वाली थी।

# बंद घर से 10 लाख की संपत्ति ले गए चोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा में अज्ञात चोरों ने बंद घर में चोरी की है। लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ किया। चोरी मनोज कुमार के घर में हुई है। घर से चोर सोने-चांदी के गहने, कीमती बर्तन और अन्य सामान ले गए। घर की मालकिन नालंदा सदर अस्पताल की एएनएम प्रतिमा कुमारी ने कहा कि बिहारशरीफ में किराए के मकान में रहते हैं। गंजपर में मेरा ससुराल अक्सर बंद रहता है, क्यों कि परिवार के सदस्य बाहर रहते हैं। मैं हर 8 दिन में घर की देखरेख के लिए आती हं। बुधवार को मैं घर पहुंची। मेन दरवाजे खोलकर अंदर गई तो देखा दूसरे गेट का ताला टूटा हुआ है। पूरा घर में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारियों के ताले टूटे हुए थे। बाद में पता चला कि चोर छत के रास्ते से घर में घुसे थे। घटना रहुई थाना क्षेत्र के गंजपर गांव की है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, चोरी में लगभग 8 से 10 लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। चोरों ने सोने-चांदी के गहने, महंगे बर्तन, पीतल की बाल्टियां और अन्य कीमती वस्तुएं चुरा लीं। उल्लेखनीय है कि कुछ महीने पहले इसी घर में एक शादी समारोह आयोजित किया गया था। स्वर्गीय रघुनाथ प्रसाद के 4 बेटों में से 3 दिल्ली में रहते हैं, जबकि एक का पहले ही निधन हो चुका है।

# 39 फरार अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक, अभिनव धीमान ने बताया कि 6 मई 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या में 1, मद्य निषेध में 8 एवं अन्य गिरफ्तारी 30 कुल 39 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 476 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। कुर्की के निष्पादन की संख्या-3 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 700 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 55 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 2 एवं ट्रैक्टर 1 बरामद किया गया।

# शैक्षणिक गतिविधि में सुधार सहित कई मुद्दों को लेकर शिक्षकों ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखण्ड के कौआकोल बाजार स्थित एनआईटीएन कोचिंग सेंटर में बुधवार को बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन गोप गुट की प्रखण्ड इकाईं ने बैठक का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने किया। बैठक की विस्तृत जानकारी देते हुए संघ के मीडिया प्रभारी सह कोषाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि बैठक में कौआकोल संघ के सभी कार्यकारणी सदस्य एवं शिक्षक उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि वैसे शिक्षक जो नियोजित से विशिष्ट शिक्षक बन गए है,उनका वेतन संरक्षण के संधारण हेतु अपनी सेवा पुस्तिका बीआरसी कार्यालय से संधारण कराना सुनिश्चित करें। शिक्षकों ने कहा कि बीआरसी कार्यालय में कुछ तथाकथित बिचौलिए द्वारा सेवा पुस्तिका संधारण में यदि नाजयाज राशि की मांग की जाती है तो इसकी सूचना अनिवार्य रूप से संघ को दिया जाय। इसके अलावा वैसे शिक्षक एवं शिक्षिका जिनका बेतन बकाया है एवं मातृत्व अवकाश की समस्या है उसे तुरन्त निष्पादन किया जाए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु थाना प्रभारियों की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार आशुतोष कुमार झा के निर्देश के आलोक में 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, कुमारी सरोज कीर्ति के प्रकोष्ठ में जिले के थाना अध्यक्षों/प्रभारियों एवं डिफेंस अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान थानाध्यक्षों द्वारा प्रस्तुत तामिला प्रतिवेदनों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिन थानों से अपेक्षित संख्या में तामिला प्राप्त नहीं हुई, उन थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि वे शत-प्रतिशत तामिला सुनिश्चित करें। सचिव द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि पंचायत एवं ग्राम स्तर पर सक्रिय पहल कर पक्षकारों को नोटिस की जानकारी प्रदान की जाए, क्योंकि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता निर्गत नोटिसों की समयबद्ध तामिला पर ही निर्भर करती है। सचिव महोदया द्वारा उपस्थित थाना प्रभारियों को माप एवं तौल वादों से संबंधित सूची भी प्रदान की गई, जिससे संबंधित वादों का निष्पादन सुलह के आधार पर किया जा सके।

# नालंदा में युवा एथलीटों को मिलेगी ट्रेनिंग : लक्ष्य खेल अकादमी करेगी समर कैंप का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** नालंदा के हरनौत में युवा एथलीटों के लिए एक विशेष अवसर आने वाला है। लक्ष्य खेल अकादमी की ओर से 12 मई से 22 जून 2025 तक एक विस्तृत समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय के फुटबॉल स्टेडियम में होने वाले इस कैंप में 8 से 18 साल तक के बच्चों और युवाओं को एथलेटिक्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस समर कैंप का मुख्य आकर्षण यह है कि इसमें राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी कुंदन कुमार पांडे मुख्य प्रशिक्षक के रूप में युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे। उनके साथ जूनियर कोच रासबिहारी पांडे भी प्रशिक्षण देंगे। यह दोनों अनुभवी प्रशिक्षक युवा एथलीटों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार प्रशिक्षित करने में सक्षम हैं। नालंदा जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन और नालंदा एथलेटिक एसोसिएशन के संयुक्त देखरेख में आयोजित इस कैंप के लिए समस्त हरनौत और नालंदा के निवासियों का सहयोग मिल रहा है।

**पंजीकरण की अंतिम तिथि 11 मई**

समर कैंप में भाग लेने के इच्छुक युवाओं के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 11 मई 2025 निर्धारित की गई है। पंजीकरण के लिए आवेदकों को अपने आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र और दो फोटोग्राफ्स जमा करने होंगे।

खेल प्रेमियों का मानना है कि यह समर कैंप नालंदा जिले में एथलेटिक्स के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। लगभग 40 दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर से क्षेत्र के कई युवा एथलीटों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा।

कुंदन कुमार पांडे ने बताया कि हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाओं की खोज करना और उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। उन्होंने आगे कहा कि इस कैंप से न केवल युवाओं को खेल के गुर सीखने का मौका मिलेगा, बल्कि उन्हें अनुशासन और टीम वर्क जैसे जीवन कौशल भी विकसित करने में मदद मिलेगी।

# छह अभियुक्तों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल थाना कांड संख्या-456/24 के तहत हत्या मामले में फरार चल रहे छह अभियुक्तों के विरुद्ध कौआकोल पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर निर्गत इश्तेहार नोटिस तामिला कराकर एक-एक प्रति अभियुक्तों के घर पर चस्पा किया। इसकी जानकारी देते हुए कौआकोल थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि हत्या के मामले में फरार चल रहे कौआकोल थाना क्षेत्र के करमाटांड़ गांव निवासी व हत्याकांड के नामजद अभियुक्तों सत्येन्द्र यादव,सोनु यादव,गौतम यादव,छोटू रजक,रामाशीष यादव एवं नरेश यादव के घर पर कौआकोल पुलिस की मौजूदगी में ढोल नगाड़ा बजाकर न्यायालय से निर्गत इश्तेहार नोटिस तामिला कराया गया।

# 17 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए राजस्व कर्मचारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ के आह्वान पर कौआकोल प्रखंड में पदस्थापित सभी राजस्व कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे राजस्व सम्बंधित कामकाज प्रभावित होने शुरू हो गए हैं। राजस्व कर्मचारियों के एक साथ हड़ताल पर चले जाने के कारण अंचल कार्यालय सहित पंचायतों में राजस्व का कामकाज पूरी तरह से ठप हो गया है। कौआकोल अंचल में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी मिथुन कुमार मिठू,नरेंद्र कुमार,नितेश कुमार मिश्र,प्रकाश कुमार,आदित्य कुमार एवं दीपक कुमार ने बताया कि संघ के आह्वान पर अपने 17 सूत्री मांगों को लेकर राज्य के सभी कर्मचारियों ने बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर सरकार के नीतियों का विरोध किया है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में कर्मचारियों की ग्रेड पे में 2800 रुपये की वृद्धि और अपने गृह जिले में पदस्थापन की मांग भी शामिल है। राजस्व कर्मचारियों का कहना है कि ना तो उन्हें सम्मानजनक ग्रेड पे मिल रहा है और ना ही अन्य सुविधाओं का लाभ,ऐच्छिक स्थानांतरण का लाभ नहीं मिलने से वे घर से दूर काम करने को मजबूर है।

**पूर्व रेलवे**

**सं. ओ-एसी-टी-11 से 13-25-26 (खुला) दिनांक: 06.05.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्वी रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्न-लिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1. केस सं. ओ-एसी-टी-11-25-26; कार्य का नाम:** सीनियर डीईएन/4/एएसएन के अधिकार क्षेत्र के तहत एईएन/2/यूडीएल के अनुभाग में आरयूबी/एलएचएस (17, 39, 37, 15, 19, 20) पर पर्याप्त जल निकासी सुविधा, पहुंच मार्ग को मजबूत करने एवं अन्य सहायक कार्यों के प्रावधान के लिए खुली निविदा; **निविदा मूल्य:** रु.1,86,90,057.08; **बयाना राशि:** रु.2,43,500.00; **क्रम सं. 2. केस सं. ओ-एसी-टी-12-25-26; कार्य का नाम:** एसएसई/पीडब्लू/एसयूआरआई अनुभाग में सेस मरम्मत/उप-बैंक कार्य द्वारा बैंक के पुनर्वास के लिए खुली निविदा; **निविदा मूल्य:** रु.2,37,13,667.99; **बयाना राशि:** रु. 2,68,600.00; **क्रम सं. 3. केस सं.: ओ-एसी-टी-13-25-26; कार्य का नाम:** आसनसोल में ट्रैक मशीन सैटेलाइट विभाग के लिए शेड (50 X 20 मीटर) एवं अन्य सहायक कार्य सहित बुनियादी ढांचा सुविधाओं के प्रावधान के लिए खुली निविदा; **निविदा मूल्य:** रु.1,97,21,907.92; **बयाना राशि:** रु. 2,48,600.00; **कार्यों की पूर्णता अवधि:** क्रम सं. 1 से 3 के लिए 12 महीने; **समापन और उद्घाटन की तिथि और समय:** 02.06.2025 को 12.00 बजे। पूरी जानकारी रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। (ASN-35/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संक्षिप्त समाचार

## प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को तबादला लेना हुआ आसान

### पति-पत्नी दोनों के नौकरी करने में बदले गए नियम

**लखनऊ, एजेंसी।** कैबिनेट से मंजूर स्थानांतरण नीति-2025-26 में कर्मचारियों को कई सहूलियत दी गई है। नीति में मानसिक मंदित और चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांग बच्चों के माता-पिता की तैनाती वहां करने की व्यवस्था की गई है, जहां उनके बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। प्रदेश के 100 आकांक्षी विकास खंड वाले 34 जिलों में किसी भी विभाग में कोई पद खाली नहीं रहेगा। तबादला सत्र के बाद समूह क के साथ ही समूह ख के स्थानांतरण विभागीय मंत्री के माध्यम से मुख्यमंत्री के अनुमोदन से होगा। नियुक्ति विभाग के प्रमुख सचिव एम देवराज ने मंगलवार की शाम स्थानांतरण नीति संबंधी शासनादेश



जारी भी कर दिया। तबादले के लिए कटऑफ डेट 31 मार्च 2025 को माना जाएगा। दायरे में न आने वाले समूह ग के कर्मचारियों का पटल जरूर बदला जाएगा। समूह क व ख की तय सीमा से अधिक स्थानांतरण के लिए सीएम से अनुमति लेनी होगी। समूह ग व घ के 10 प्रतिशत से अधिक होने पर विभागीय मंत्री से अनुमोदन लेना होगा। समूह ग और घ का स्थानांतरण मानव संपदा पोर्टल से होगा। तबादले के बाद कार्यभार मुक्ति और ग्रहण करने की व्यवस्था ऑनलाइन होगी। समूह क के अधिकारियों का उनके गृह जिले में तबादला नहीं होगा। स्थानांतरित कर्मियों को एक सप्ताह में प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा किए बिना नए स्थान के लिए कार्यमुक्त किया जाएगा। इसके बाद वे स्वत: कार्यमुक्त माने जाएंगे। नीति में किसी भी संशोधन के लिए मुख्यमंत्री अधिकृत होंगे।

## मौलाना शहाबुद्दीन बोले- पाकिस्तान को करारा जवाब... आतंकियों का खात्मा बहुत जरूरी था

**बरेली, एजेंसी।** आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर पर खुशी जताते हुए ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि आतंकवाद को पालने वाले पाकिस्तान को करारा जवाब देना बहुत जरूरी था। मौलाना



ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को पालता-पोसता है। बाहर की दुनिया में इस बात से इनकार करता है। चोर की तरह भारत में आतंकवादी हमला कराता है। इसलिए पाकिस्तान और आतंकवादियों पर यह कार्रवाई बहुत ज्यादा जरूरी थी। मौलाना ने कहा कि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के अंदर एयर स्ट्राइक कर आतंकी ठिकानों को तबाह किया है। आतंकवादियों का खात्मा बहुत जरूरी थी। यह बहुत ही अच्छा कदम है। इससे देशवासियों को बेहद खुशी हुई है।
पहलगाम हमले का बदला भारत ने पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक कर लिया है। भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों को तहस-नहस कर दिया। इस बीच बुधवार को देशभर में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल होगा।

### भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे से गूंज उठी काशी

# ऑपरेशन सिंदूर की खुशी में बांटी मिठाई



**वाराणसी। , एजेंसी।** आधी रात को जब देश के लोग सो रहे थे, उस समय भारतीय सेना ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकवादियों के कैंप पर स्ट्राइक कर नौ आतंकियों के अड्डे को मिट्टी में मिलाने का काम किया गया। पहलगाम में आतंकी हमले में भारतीय महिलाओं का सिंदूर उजाड़ने वाले आतंकियों के लिए भारत का सिंदूर भारी पड़ गया।

ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी होते ही काशी में जश्न का माहौल हो गया। लोग भारत माता का जयकारा लगाते हुए पटाखे फोड़ने लगे। साथ ही गुलाल उड़ाकर और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया।

सुबह- सुबह सामाजिक कार्यकर्ता विशाल भारत संस्थान के मुख्यालय सुभाष भवन में जुट गए। इस दौरान बैंड बाजे के साथ तिरंगा लहराया गया। लोगों ने पीएम मोदी को बधाई देते हुए भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए जयकारे लगाए। भारतीय सेना जिंदाबाद, पीएम नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद, अजित डोवाल जिंदाबाद के नारे से काशी गूंज उठी।

लोगों ने पाकिस्तान पर ये हमला तो अभी झांकी है, लाहौर करांची बाकी है के नारे भी लगाए। महिलाओं ने भी पटाखा जलाकर खुशी जाहिर किया। खुशी जाहिर करते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।

इस अवसर पर विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजीव ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। धर्म पूछकर गोली मारी थी। भारतीय सेना ने आतंकियों से बिना धर्म पूछे उनके अड्डो को मिट्टी में मिला दिया। लश्कर, जैश, हिजबुल जैसे आतंकी संगठनों के मुख्यालय उड़ा दिए गए। आतंक की फैक्ट्री पर हमला किया गया। लेकिन यह विराम नहीं है। इस बार पीओके की वापसी कराना है।

### मायावती-अखिलेश ने सेना के पराक्रम को सराहा

**लखनऊ , एजेंसी।** भारतीय सेना ने पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। इस पर राजनीतिक दलों के नेताओं ने सेना के शौर्य की सराहना की है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने की भारतीय सेना की 'आपरेशन सिंदूर' कार्रवाई गौरवमय व सराहनीय। बता दें कि भारत ने पाकिस्तान और पीओके के अंदर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। इसमें आतंकी सरगना हाफिज सईद और मसूद अजहर के ठिकाने शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार भारत ने मुजफ्फराबाद, बहावलपुर, मुरीदके, सियालकोट, कोटली, बाघ, गुलपुर, भिंबेर और शकरगढ़ में आतंक के ठिकानों को निशाना बनाया है।



### यूपी में रेड अलर्ट घोषित, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए



**लखनऊ , एजेंसी।** पहलगाम में आतंकी हमले का जवाब देते हुए भारतीय सेना ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया और आतंकियों के नौ ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। इसके बाद उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट जारी किया गया है। यूपी डीजीपी के एक्स पर जारी किए गए बयान में कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट घोषित किया गया है। यूपी पुलिस की सभी फील्ड इकाइयों को रक्षा बलों से समन्वय स्थापित करने एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं ।यूपी पुलिस सतर्क है, संसाधनों से लैस है और प्रदेश के प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। जय हिन्द ! भारत की सेना ने पाकिस्तान और पीओके के अंदर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। इसमें आतंकी सरगना हाफिज सईद और मसूद अजहर के ठिकाने शामिल हैं।

### मुरादाबाद मंडल में मॉक ड्रिल

# सायरन बजते ही जमीन पर लेट गए लोग, दौड़ने लगे दमकल वाहन, अस्पताल में अलर्ट

**मुरादाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान से तनाव के बीच आपात स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा के लिए बुधवार को पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल की गई। इसके अलावा जिले में 100 जगहों पर सायरन बजाकर लोगों को सचेत किया गया। दमकल विभाग की गाड़ियां दौड़ती नजर आई। इस बीच थाने, पुलिस चौकी और जिला अस्पताल की इमरजेंसी में स्टाफ अलर्ट नजर आया।

बुधवार रात 8:05 बजे ब्लैक आउट होगा। गृह मंत्रालय के आदेश पर मॉक ड्रिल को लेकर पुलिस, प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग में तैयारियां की थी। जिले में थाने, चौकी और सार्वजनिक स्थानों पर 100 जगह पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगा गया। सुबह साढ़े नौ बजे पब्लिक एड्रेस सिस्टम से सायरन बज उठा।

एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल में हवाई हमले की चेतावनी, ब्लैक आउट, निकासी और प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने जैसे अभ्यास करवाए गए। डीएम अनुज सिंह ने बताया कि ब्लैक आउट की अवधि में विभिन्न शासकीय भवनों, निजी प्रतिष्ठानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर लगी स्क्रीन, होर्डिंग, साइन बोर्ड को बंद रखे जाएंगे।

आबादी क्षेत्र की कोई पहचान हवाई साधन से न की जा सके। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य आबादी क्षेत्रों में इस बात की सजगता फैलाना है कि



भविष्य में किसी हवाई हमले की स्थिति में उन्हें किस प्रकार से व्यवहार करना है।

उन्होंने कहा कि ब्लैक आउट की अवधि में यदि कोई निजी वाहन से नगरीय क्षेत्र में यात्रा कर रहा है तो उसे गाड़ी किनारे रोककर हेडलाइट बंद करनी होगी। साथ ही दोबारा सायरन बजने तक का इंतजार करना होगा। ब्लैक आउट अवधि में रेल संचालन और राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलने वाले यातायात को नहीं रोका जाएगा।

हसनपुर के श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज में बुधवार को विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को युद्ध की संभावित परिस्थितियों और उनसे बचाव के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सीओ दीप कुमार पंत ने छात्रों को युद्धकाल में अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों से अवगत कराया। सीओ ने बताया कि अप्रत्याशित युद्ध की स्थिति में घबराने की बजाय धैर्य और समझदारी से काम लेना आवश्यक है। उन्होंने उन्हें सुरक्षित स्थानों की पहचान करने, आवश्यक वस्तुओं का भंडारण करने और अफवाहों से बचने जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी समझाया कि यदि हवाई हमले या बमबारी की आशंका हो तो कैसे सुरक्षित तरीके से जमीन पर लेटकर या किसी मजबूत ढांचे की आड़ लेकर अपनी जान बचाई जा सकती है। मॉक ड्रिल में छात्रों को प्राथमिक चिकित्सा के बुनियादी सिद्धांतों के बारे में भी बताया गया, ताकि घायल होने की स्थिति में स्वयं या दूसरों की मदद कर सकें।

उन्हें पट्टी बांधने, रक्तस्राव रोकने और अन्य तात्कालिक उपचारों के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वरुण कुमार ने बताया कि ऐसे अभ्यास छात्रों को न केवल संभावित खतरों के प्रति जागरूक करते हैं, बल्कि उन्हें विपरीत परिस्थितियों का सामना करने के लिए मानसिक रूप से भी तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि यह मॉक ड्रिल छात्रों के समग्र विकास और सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। छात्रों ने भी इस अभ्यास में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## आगरा किला और सीकरी के लिए सीईसी दो माह में दाखिल करेगी रिपोर्ट; 5 किमी दायरे में पेड़ कटाई के नए नियम

**आगरा , एजेंसी।** ताजमहल से 5 किमी की हवाई दूरी के अंदर पेड़ों को काटने पर पूरी तरह से रोक लगा रखी है। यूनेस्को के विश्व धरोहर स्मारकों आगरा किला और फतेहपुर सीकरी के पास पेड़ों की कटाई रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने सेंट्रल इंपावर्ड कमेटी से रिपोर्ट तलब की है। कमेटी को दो माह के अंदर दोनों स्मारकों के पास पेड़ों की कटाई पर रोक के नियम और शर्तों का ब्योरा सुप्रीम कोर्ट के सामने दाखिल करना होगा।
मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने ताजमहल और टीटीजेड में पेड़ों को काटने की याचिका 13381/1984 के मामले में दिए गए आदेश को अपलोड किया। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने सेंट्रल इंपावर्ड कमेटी से पूछा है कि आगरा किला और फतेहपुर सीकरी की सुरक्षा के लिए पेड़ों की कटाई पर क्या प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए। सीईसी दो महीने की अवधि के भीतर न्यायालय के समक्ष एक रिपोर्ट दाखिल करेगी।
कोर्ट ने पेड़ों को काटने की अनुमति देने से इंकार किया और सेंट्रल इंपावर्ड कमेटी की सिफारिशों के साथ कुछ शर्तें भी जोड़ी हैं। इसमें कहा गया है कि टीटीजेड के अंदर, पर ताज के 5 किमी से बाहर के क्षेत्र में अनुमति प्रदान करते समय डीएफओ और सीईसी तब तक अनुमति नहीं देंगे, जब तक वनारोपण की सभी शर्तों का पालन नहीं हो जाता। तब तक वास्तविक पेड़ों को गिराने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्हें यह सत्यापित करके देना होगा।
सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि डीएफओ और सीईसी पेड़ काटने की अनुमति देते हैं तो 15 दिन के अंदर कोर्ट के सामने विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करनी होगी। जब शर्तों का पालन कर दिया जाएगा, तब नई रिपोर्ट दायर की जाएगी। पेड़ों की छंटाई और काट छांट से पहले और बाद की तस्वीरों को अपलोड करने की व्यवस्था जारी रहेगी।
सुप्रीम कोर्ट ने एग्रो फॉरेस्ट्री के तहत निजी भूमि पर पेड़ों की कटाई के लिए अनुमति प्राप्त करने की शर्त में ढील देने की मांग वाली केसी जैन की याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि अगर एग्रो फॉरेस्ट्री के तहत पेड़ों की कटाई की अनुमति दी जाती है तो 1984 से सुप्रीम कोर्ट के दिए गए आदेश पूरी तरह से विफल हो जाएंगे। लोगों को इससे बिना अनुमति के पूरी तरह से विकसित पेड़ों को काटने का लाइसेंस मिल जाएगा। इससे टीटीजेड में पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। केसी जैन की याचिका आगरा को आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने के उद्देश्य के बिल्कुल विपरीत है। इसलिए उनके आवेदन खारिज किए जाते हैं।

## तीन साल की छात्रा के साथ स्कूल में दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज, खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ के आगरा रोड पर स्थित गगन पब्लिक स्कूल के प्ले वे ग्रुप में पढ़ने वाली तीन साल की छात्रा के साथ स्कूल में दुष्कर्म का आरोप लगा है। छात्रा की मां ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस ने छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया है। वहीं स्कूल प्रबंधन का कहना है कि क्लास में गिरने से बच्चे के चोट लगी थी। सासनीगेट क्षेत्र के एक इलाके में रहने वाली यह बच्ची प्ले वे ग्रुप में नर्सरी की छात्रा है। इसका 19 अप्रैल को ही यहां दाखिला कराया गया है। छात्रा की मां के अनुसार स्कूल की छुट्टी होने पर रोजाना की तरह 6 मई को जब वह बेटी को लेने के लिए स्कूल पहुंचीं तो बेटी को चलने में काफी परेशानी हो रही थी। इस पर वह उसे गोद में लेकर घर आ गई। यहां कपड़े बदलने के दौरान उसके शरीर पर खून नजर आया। जब उन्होंने बेटी से पूछा तो वह रोने लगी। कुछ देर बाद मां बेटी को लेकर स्कूल पहुंची और अपनी शंका के बारे में स्कूल प्रबंधन को जानकारी दी। मां का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन पहले लीपापोती करने लगा। फिर बताया कि बेटी को गिरने से चोट आई थी। जब उन्होंने सवाल उठाया कि यदि चोट आई थी तो उन्हें बताया क्यों नहीं गया। इसका जवाब नहीं दे पाए। यहां तक कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में बेटी कमरे से काफी देर तक गायब नजर आ रही है। बाद में बच्ची को परिवार वाले आगरा रोड के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां बच्ची की हालात देखकर डॉक्टरों ने इलाज से पहले मामला पुलिस को बताने को कहा। इसके बाद पुलिस की मदद ली गई। एएसपी मयंक पाठक ने बताया कि मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। चिकित्सकीय परीक्षण करा लिया गया है मगर अभी रिपोर्ट नहीं आई। रिपोर्ट से ही स्थिति साफ होगी।

# स्टेट बैंक की शाखा में 14.60 लाख का घोटाला

### निष्क्रिय खाते को सक्रिय कर दिया अंजाम

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की माल रोड स्थित पर्सनल बैंकिंग ब्रांच (पीबीबी) में 14.60 लाख रुपये का घोटाला सामने आया है। करीब तीन साल से निष्क्रिय खाते को सक्रिय करके चार बार में रकम निकाली गई। मामले को उच्च अधिकारी कई दिनों तक दबाए रहे। एक मई को आए गुमनाम पत्र से फर्जीवाड़े का पता चला। मामले में जांच शुरू कर दी गई है। एसबीआई की ऑफिसर्स एसोसिएशन के एक पदाधिकारी समेत कई अफसर-कर्मचारी इसमें फंस गए हैं। बैंक के मुख्य महाप्रबंधक को भेजे गए पत्र में बताया गया कि 121-363 सिविल लाइंस कानपुर नगर कटरी बिठूर कला निवासी शिरोमणि यादव का 19 जुलाई 2006 से बैंक में खाता (संख्या 11022343963) है। इस खाते में कोई भी मोबाइल नंबर दर्ज नहीं है। खाते में 14,60,500 रुपये थे। इस खाते में लंबे समय से लेनदेन न होने के कारण इसे 2022 में निष्क्रिय कर दिया गया। पत्र में बताया गया कि बैंक में उप प्रबंधक स्तर के अधिकारी एसबीआई ऑफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी भी हैं।

**पांच लाख का भुगतान नॉन होम शाखा से कराया-** वह शहर स्थित क्षेत्रीय रीजन कार्यालय द्वितीय में कार्यरत हैं। इन्होंने अन्य अफसरों और कर्मियों के साथ मिलकर फर्जी ई-केवाईसी करके इस निष्क्रिय खाते को 25 मार्च 2025 को सक्रिय करवाया। दो अप्रैल को खाते से पहली बार में पांच लाख का भुगतान नॉन होम शाखा विश्व बैंक बर्रा से कराया गया। फिर 4 अप्रैल को पांच लाख का भुगतान पीबीबी कानपुर से कराया गया। इसके बाद 9 अप्रैल 2025 को फिर बर्रा विश्व बैंक शाखा से 4.60 लाख रुपये निकाले गए।

**शातिराना अंदाज में किया घोटाला-** खास बात यह है कि यह घोटाला बेहतर शातिराना अंदाज में और षड्यंत्र के तहत किया गया। खाताधारक





शिरोमणि यादव का पता 121-363 सिविल लाइंस कानपुर नगर कटरी बिठूर कला दर्ज है। सिविल लाइंस और कटरी बिठूर शहर के दो छोर हैं। जाहिर है फर्जी केवाईसी से चेक बुक जारी कराई गई। इसके बाद दूसरी शाखा से रकम निकाल ली गई। बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय द्वितीय की ओर से 14 जुलाई 2022 को इस खाते पर रोक (स्टॉप) लगाई गई थी।

**500 रुपये का भुगतान करवा कर खाता सक्रिय कराया-** दरअसल निष्क्रिय खाते को सक्रिय करवाने में आधार आधारित बायोमीट्रिक प्रक्रिया होती है। इसमें संबंधित खाताधारक के अंगूठे या मोबाइल नंबर पर आए ओटीपी के जरिए केवाईसी कराया जाता है। 25 मार्च 2025 को यह प्रक्रिया पीबीबी में करवाई गई और इसी दिन खाते पर लगी लेनदेन की रोक को हटवाया गया।

### बैंक का ओटीएमएस सिस्टम कर रहा घोटाले की ओर इशारा

बैंकों ने खातों में होने वाले सभी लेनदेन पर नजर रखने के लिए एक ऑनलाइन ऑटोमेटिक सिस्टम (ओटीएमएस) बनाया है। यह बैंक के डेटा सेंटर पर काम करता है और किसी भी असामान्य लेनदेन पर उस खाते की आधार ब्रांच को ई-मेल के जरिए इसकी सूचना देता है।

**फिर से निष्क्रिय खाता बना दिया गया-** संबंधित शाखा के प्रबंधक या अधिकारी की जिम्मेदारी होती है कि उस खाते के लेनदेन की ग्राहक से पुष्टि कराई जाए। संबंधित लेनदेन में कोई गड़बड़ी या घोटाला है तो तत्काल रिपोर्ट की जाए। इस मामले में भी ओटीएमएस ने अलर्ट भेजा तो पीबीबी के अधिकारी या कर्मचारी ने उस पर संदेहात्मक लिखकर नौ अप्रैल 2025 को फिर से रोक लगा दी। यानी उसे फिर से निष्क्रिय खाता बना दिया गया।

# पटना शाम 7 बजे से 10 मिनट का ब्लैकआउट

## सभी घरों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों की बत्तियां बंद रखी गई 0 सायरन बजते ही पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पहलगाम हमले के जवाब में भारत की पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद बुधवार को राजधानी पटना समेत राज्य के छह जिलों में मॉक ड्रिल की गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार राजधानी पटना समेत राज्य के छह जिलों में शाम 7 बजे से 10 मिनट के लिए ब्लैकआउट किया गया। इस दौरान सभी घरों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों की बत्तियां बंद रखी गई। शाम 6 बज कर 58 मिनट पर सायरन बजते ही पटना के डाक-बंगला चौराहे पर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगने लगे। पटना में 80 जगहों पर सायरन बजे। फायर ब्रिगेड, पुलिस, थानों की गाड़ियां और अन्य आपातकालीन सेवाओं ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर सायरन बजाये। प्रशासन के लोगों ने कहा कि यह केवल एक रिहर्सल है। बिहार के पटना, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज और बेगूसराय में मॉक ड्रिल की गई। इसको लेकर सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए गए थे। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य युद्ध जैसे हालात में भारत की नागरिक तैयारियों का परीक्षण करना है। इसी कड़ी में राजधानी पटना में मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान पटना में सात बजे शाम से 10 मिनट के लिए ब्लैक आउट किया गया। वहीं सायरन बजाकर लोगों को युद्ध की परिस्थिति से निपटने के जागरूक किया गया। ब्लैक आउट के दौरान सड़कों और गलियों में अन्धेरा पसरा रहा जबकि लोगों ने इस दौरान इनवर्टर की लाइट भी बंद कर ली जिससे कहीं भी रौशनी का नामोनिशान नहीं रहा। बाइक और चारपहिया वाहनों में भी गाडी जलाकर जा रहे लोगों को भी रोक दिया गया। ऐसी स्थिति में लोगों को फटकार भी लगाया गया। ब्लैक आउट के दौरान डाकबंगला चौराहा, इनकम टैक्स चौराहा जैसे इलाकों में थोड़ी देर के लिए सन्नाटा पसरा रहा है। 10 मिनट के बाद फिर सभी इलाकों में विद्युत आपूर्ति बहल की गयी। वहीं सड़कों पर वाहनों का आवागमन सुचारू हो सका। ब्लैक आउट को लेकर पटना पुलिस अलर्ट मोड पर थी। पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल में आज दोपहर को जिला प्रशासन की ओर से ब्लैक आउट से पहले मॉक ड्रिल की ट्रेनिंग दी गई। मॉक ड्रिल के दौरान वायुसेना के साथ हॉटलाइन और रेडियो-संचार लिंक का संचालन, नियंत्रण कक्षों की कार्य क्षमता और उनकी तत्परता का आकलन किया गया। जिला प्रशासन और सेना इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी हर कड़ी का मूल्यांकन किया गया। इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों, विशेषकर हवाई हमले जैसी संभावित आपदाओं से निपटने के लिए तैयार करना है। इसमें युद्ध या बड़े हमले की स्थिति में नागरिकों को कैसे सुरक्षित रखा जाए, इसका प्रदर्शन किया गया। पटना में मॉक ड्रिल से पहले पटना एयरपोर्ट पर मॉक ड्रिल हुआ। पटना एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग में आग से बचाव के लिए यह मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान फायर ब्रिगेड के कर्मचारी पूरी तरह से मुस्तैद नजर आए।


# भाजपा के पूर्व विधायक अनिल सिंह कांग्रेस में शामिल

### जदयू नेता शंभू पटेल ने भी थामा कांग्रेस का दामन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के पूर्व विधायक अनिल सिंह बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। अनिल सिंह चंडी विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित मिलन समारोह में उनके साथ जदयू के पूर्व प्रदेश महासचिव और राज्य सलाहकार परिषद के सदस्य शंभू पटेल ने भी कांग्रेस का दामन थाम लिया। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने दोनों नेताओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। इस मौके पर कांग्रेस के कई नेता मौजूद थे।

# पाक को मिला मुंहतोड़ जवाब : डॉ. प्रेम कुमार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार में सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि भारत की बहन-बेटियों का सिंदूर उजारने वाले पाक फौज पोषित दुर्दांत आतंकी को ऑपरेशन सिंदूर द्वारा भारतीय सेना ने ठिकाने लगाया। इसके लिए विश्व की सबसे मजबूत और बहादुर सेना में से एक भारतीय सेना को बिहार वासियों की ओर से जय हिंद, जय जवान, आपकी सदा विजय हो। हमें हमारे सेना पर सदा गर्व रहा है। दुश्मन हमारी सेना का का शौर्य, पराक्रम, अदम्य साहस, दिलेरी और बहादुरी का नमूना वर्ष 1948, 1965, 1971 और 1999 में देख चुकी है। हमने सर्जिकल और एयर स्ट्राइक कई बार कर अपनी क्षमता का परिचय भी दिया है। आज रात में की गई ऑपरेशन सिंदूर देश के इतिहास में सदा याद किया जाता रहेगा। हमारी सेना ने लाहौर के करीब पहुंचकर ऑपरेशन को अंजाम दिया है। हमारी सेना ने सैकड़ों आतंकी को ढेर किया है। पाकिस्तान सेना को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाक में किए गए नौ जगहों पर हमले सदा सपने में याद आते रहेंगे। हमें जख्म देने वाले इसे याद रखें, हमें छेड़ोगे तो हम छोड़ेंगे नहीं। छठी का दूध और नानी की याद दिलाते रहेंगे। भारत माता की जय।

# आतंकिस्तान की फिजां में गूंज रहा 56 इंच सीना का खौफ : मंगल पाण्डेय

## आतंक पर प्रहार के लिए पीएम मोदी पर है पूरे देश को गर्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की शानदार सफलता पर कहा है, 'शाबाश भारतीय जांबाज़!' उन्होंने कहा है कि भारतीय सेना के शौर्य व प्रधानमंत्री मोदी के 56 इंच के सीना का खौफ आतंकिस्तान पाकिस्तान की फिजां में तैर रहा है। आतंकियों के अड्डे ध्वस्त हो चुके हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि आखिरकार भारत ने पाकिस्तान के आतंकियों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर केवल पहलगाम के बर्बर आतंकी हमले का ही नहीं बल्कि तमाम विपक्षी आलोचनाओं का भी माकूल जवाब दे दिया है। गगनवीर इंडियन एयरफोर्स और नेवी ने मंगलवार की आधी रात के बाद पाकिस्तान और पीओके (पाक अधिकृत कश्मीर) के भीतर मिसाइल अटैक कर आतंकियों के अड्डे ध्वस्त कर अपना बदला पूरा कर लिया। वाकई पीएम मोदी ने जो कहा, उसे कर दिखाया। इस हमले में 7 शहरों के 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया है। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। पाकिस्तान जैसा दुष्प्रचार करने व आतंकियों को पनाह देने वाला देश भी इसे स्वीकार कर रहा है। दुनिया के लिए आतंक के खिलाफ भारत के जीरो टॉलरेंस का यह खुला सन्देश है। श्री पाण्डेय ने कहा कि भारत की ये जवाबी कार्रवाई पहलगाम हमले के 15 दिन बाद की गई है और इसका नाम दिया गया है 'ऑपरेशन सिंदूर' । ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने निर्ममता से धर्म पूछ कर हत्या कर दी थी। पीएम मोदी के धैर्य के साथ लिए गए प्रतिशोध व भारतीय सेना के शौर्य को सैल्यूट करना ही पहलगाम में शहीद हुए 26 नागरिकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# जन संघर्ष मोर्चा की बैठक, धरना की तैयारी पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आज जन संघर्ष मोर्चा एक बैठक सी पी आई के कार्यलय काजीपुर में सी पी आई के जिला सचिव विश्वजीत कुमार की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में बांकीपुर बस स्टैंड को सरकार द्वारा हटाए जाने के विरोध में 8 मई के होने वाले धरना की तैयारी पर चर्चा हुआ। बैठक में अपने अध्यक्षीय संबोधन में विश्वजीत जी ने कहा कि परिवहन विभाग के भूमि को कॉर्पोरेट के हाथों से कौड़ियों के भाव बेचकर सरकार गरीबों की सुविधा से वंचित करना चाह रही है। बैठक में एक स्वर से सभी ने बांकीपुर बस स्टैंड को सरकार द्वारा हटाकर फाइव स्टार होटल या मौल बनाए जाने के निर्णय का विरोध किया है और सभी साथियों ने सर्व सहमिति से निर्णय लिया कि कल होने वाले धरना-प्रदर्शन में छात्र नौजवानों , समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों और आम नागरिको अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है इसकी जानकारी जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सह पूर्व पार्षद प्रदीप मेहता ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से प्रेस को दी और कहा कि कल के धरना के कार्यक्रम के बाद जन संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल पटना के जिला अधिकारी से मिलकर एक ज्ञापन सोपा जाएगा। बैठक में सी पी आई के देवरत्न, सत्येंद्र सिंह, अनिल रजक, उदयन राय, पूर्व पार्षद मोहन प्रसाद सी पी आई एम के सजय चटर्जी, रूपेश मेहता, सकुर रहमान राजकुमार मेहता, सन्त जी इत्यादि प्रमुख उपस्थित थे।

# शिक्षक अभ्यर्थियों को कानून का उल्लंघन नहीं करना चाहिए : सुनील कुमार

## हमने पूर्व में ही कहा था कि हमारे विभाग ने बीपीएससी को चिट्ठी भेज दी है

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बीपीएससी टीआरई-3 अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज को लेकर राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि हमने पूर्व में ही कहा था कि हमारे विभाग ने बीपीएससी को चिट्ठी भेज दिया है। इस पर बीपीएससी निर्णय लेगा। उन्होंने कहा कि इसमें घेराव करने का प्रश्न ही नहीं था जहां तक विधि व्यवस्था का सवाल है तो इसको मेंटेन करना प्रशासन का काम है। किसी को भी कानून का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। सुनील कुमार से जब पूछा गया कि टीआई-3 के सफल



शिक्षकों का जो स्कूल आवंटन किया गया है, उसमें आरोप लग रहा है कि एक ही स्कूल में एक ही विषय के कई शिक्षकों को भेजा गया है। इस पर उन्होंने कहा कि हम सभी लिस्ट को देख रहे हैं। जहां एक ही विषय के अधिक शिक्षक हैं, वहां से शिक्षकों का स्थानान्तरण किया जाएगा। बता दें कि बीते दिन टीआरई-3 में सफल शिक्षकों को स्कूल आवंटन किया गया। नीट पेपर लीक मामले में शामिल कोचिंग माफिया पर कार्रवाई के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पुलिस जांच कर रही है। निष्पक्ष रुप से कार्रवाई की जा रही है जो भी इस मामले में गलत पाया जाएगा या जो भी शामिल होगा उस पर सख्त एक्शन लिया जाएगा।

# नई दिल्ली-भागलपुर एवं अमृतसर-सहरसा के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में और 02 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी संख्या 04068/04067 नई दिल्ली-भागलपुर-नई दिल्ली स्पेशल (डीडीयू-पटना- किउल-जमालपुर के रास्ते): गाड़ी संख्या 04068 नई दिल्ली-भागलपुर स्पेशल 11 मई से 09 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को नई दिल्ली से 14.00 बजे खुलकर अगले दिन 02.50 बजे डीडीयू, 07.30 बजे पटना एवं 10.40 बजे किउल सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 13.30 भागलपुर पहुंचेगी ।

# तिरहुत रेंज के डीआईजी चंदन कुमार कुशवाहा पहुंचे शिवहर, लिया विधि व्यवस्था का जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर/पटना।** डीआईजी चंदन कुमार कुशवाहा ने निरीक्षण के क्रम में लंबित मामलों को निपटारा करने का निर्देश दिया एवं साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं इसके लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने की निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिया। इस मौके पर एसपी शैलेश कुमार सिन्हा, एएसपी प्रेमचंद सिंह, सदर डीएसपी सुशील कुमार, ट्रेफिक डीएसपी भरत कुमार, नगर थाना अध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह व अन्य मौजूद रहे। बताया जाता है कि डीआईजी का निरीक्षण पुलिस महकमे में एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जो विभिन्न पुलिस प्रतिष्ठानों, जैसे कि



थाना, पुलिस लाइन, और एसडीपीओ कार्यालयों की कार्यप्रणाली, व्यवस्थाओं, और प्रदर्शन की जांच के लिए किया जाता है। डीआईजी द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान, लंबित मामलों की समीक्षा, अपराध नियंत्रण, और विधि व्यवस्था के संबंध में दिशा-निर्देश दिए जाते हैं। डीआईजी विभिन्न पुलिस प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चल रही हैं और किसी भी प्रकार की कमी या अनियमितता को समय रहते ठीक किया जा सके।

# एकेडमिक काउंसिल के नवनिर्वाचित सदस्यों ने कुलपति प्रो. डी सी राय से शिष्टाचार मुलाकात की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्वविद्यालय में एकेडमिक काउंसिल के नवनिर्वाचित सदस्यों ने कुलपति प्रो. डी सी राय से औपचारिक शिष्टाचार मुलाकात की। बैठक का उद्देश्य विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रणाली को और अधिक प्रभावशाली एवं समकालीन बनाना था। बैठक में एकेडमिक काउंसिल के सामाजिक विज्ञान संकाय से डॉ. सौरभ राज, विज्ञान संकाय से डॉ. राजेश कुमार, वाणिज्य संकाय से डॉ. चौधरी साकेत कुमार तथा मानविकी संकाय से डॉ. सुशांत कुमार मौजूद थे। विश्वविद्यालय के डीन, स्टूडेंट वेलफेयर, डॉ. आलोक कुमार भी इस महत्वपूर्ण बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान नवनिर्वाचित सदस्यों ने कुलपति को कई गंभीर अकादमिक मुद्दों से अवगत कराया। विशेष रूप से एउएट्ट




प्रणाली के अंतर्गत तृतीय सेमेस्टर के पाठ्यक्रम में व्याप्त खामियों की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया। सदस्यों ने बताया कि रसायन विज्ञान और मनोविज्ञान जैसे विषयों में जहां थ्योरी परीक्षा कराई जा रही है, वहीं प्रयोगात्मक विषय होने के बावजूद प्रैक्टिकल परीक्षा का सिलेबस ही मौजूद नहीं है। यह न केवल छात्रों की अकादमिक प्रगति में बाधा उत्पन्न करता है, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है। इसके अतिरिक्त, सदस्यों ने यह भी सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय के कई पाठ्यक्रमों में वर्तमान समय की आवश्यकताओं के अनुरूप संशोधन की सख्त आवश्यकता है। बदलते शैक्षणिक और औद्योगिक परिदृश्य को देखते हुए कोर्स कंटेंट को अद्यतन करना समय की मांग है। कुलपति ने सदस्यों की बातों को गंभीरता से सुना और शैक्षणिक व्यवस्था को अधिक प्रभावशाली एवं व्यावहारिक बनाने की दिशा में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाएगा। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. आलोक प्रताप सिंह ने भी छात्रहित को प्राथमिकता देते हुए निर्णय प्रक्रियाओं में तेजी लाने एवं प्रशासनिक स्तर पर सहयोग को मजबूत करने की बात कही। अकादमिक काउंसिल के सदस्यों की यह पहल विश्वविद्यालय में सकारात्मक शैक्षणिक परिवर्तनों की ओर एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस भेंटवार्ता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नवचयनित एकेडमिक काउंसिल प्रतिनिधि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक नीतियों को छात्र और शिक्षक हित में नया आयाम देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# झारखण्ड मैथिली मंच के बहिना प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जानकी दिवस आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखण्ड मैथिली मंच के बहिना प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जानकी प्राकट्य दिवस आयोजित किया गया। प्रथम चरण में विद्यापति दलान हरमू के परिसर में माता जानकी की विधिवत पूजा अर्चना की गयी एवं विद्यापति तथा माता जानकी को सामूहिक रूप से पुष्पांजलि अर्पित की गई। तदुपरांत विद्यापति रचित भगवती बंदना जय जय भैरवि असुर भयाऊनि के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। तत्पश्चात सोहर आदि अनेक विधा में आकर्षक गीतों की प्रस्तुति बबिता झा, बिट्टू झा, सुनीता झा, अनिता झा, नमीता मिश्र, किरण झा के समूह गान के रूप में हुई। दूसरे चरण में डीएवी स्वर्ण रेखा विद्यानगर में 51 कुंवारी कन्या का पूजन कार्यक्रम किया गया।



बच्चियों को उपहार भी प्रदान किया गया। सभी कन्या पारंपरिक परिधान में सुसज्जित बहुत ही आकर्षक एवं मनमोहक लग रही थी। विद्यालय के सचिव डाक्टर गंगेश गुन्जन ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। बदरी नाथ झा ने बच्चियों को प्रश्न-उत्तर के माध्यम से माता जानकी के बारे में पूरी जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य मंजू सिंह, निभा झा सहित अनेक शिक्षिकाओं ने सहयोग किया। कार्यक्रम में झारखण्ड मैथिली मंच के अध्यक्ष विनय कुमार झा, महासचिव जयन्त कुमार झा, संरक्षक अरूण कुमार झा, ब्रज किशोर झा, नरेश झा, ब्रज कुमार झा, बदरी नाथ झा, भारतेन्दु कुमार झा, बहिना प्रकोष्ठ के बबिता झा, बिट्टू झा, सुनीता झा, अनीता झा, नमीता मिश्र, किरण झा सहित काफी संख्या में सदस्य सम्मिलित हुए। समस्त कार्यक्रम बहिना प्रकोष्ठ के देखरेख में सम्पन्न हुआ।

# एमजी मोटर इंडिया ने एमजी विंडसर प्रो को लॉन्च किया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने एमजी विंडसर प्रो को लॉन्च किया है, जो व्यावसायिक श्रेणी की यात्रा को और भी आरामदायक और सुरक्षित बनाने वाला है। इस नए मॉडल में उन्नत तकनीकी सुविधाएं और सुरक्षा फीचर्स के साथ 52.9 केडब्लूएच की नई बैटरी शामिल की गई है। लॉन्च के बाद से एमजी विंडसर को ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है और अब प्रो सीरीज की शुरुआत इसके बाजार में प्रदर्शन को और मजबूत बनाएगी। एमजी विंडसर प्रो को एक आकर्षक प्रारंभिक बीएएएस मूल्य 12.49 लाख रुपये प्लस 4.5 रुपये प्रति किमी और एक्स-शोरूम कीमत 17,49,800 रुपये (पहली 8,000 बुकिंग्स के लिए वैध) पर लॉन्च किया गया, एमजी विंडसर प्रो इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर तेजी से बदलाव को बढ़ावा देने का वादा करता है। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपने बैटरी-एज-ए-सर्विस (बीएएएस) मॉडल की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और कोटक महिंद्रा प्राइम जैसे नए वित्तीय साझेदारों को अपने साथ जोड़ा है। यह स्वामित्व मॉडल ईवी खरीदने को भारतीय ग्राहकों के लिए अधिक लचीला और सुलभ बनाता है। कंपनी एमजी विंडसर प्रो के पहले मालिक को जीवनभर की बैटरी वारंटी प्रदान करेगी। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया एमजी विंडसर प्रो के लिए अपनी 3-60 आश्वस्त बायबैक योजना भी पेश करेगी जो यह सुनिश्चित करती है कि 3 साल बाद इसका 60 प्रतिशत मूल्य बना रहेगा। एमजी विंडसर प्रो के लॉन्च पर बात करते हुए जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक अनुराग मेहरोत्रा ने कहा एमजी विंडसर ने भारत के 4डब्लू -इवी सेगमेंट की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, अपनी आकर्षक मूल्य प्रस्तावना के साथ ग्राहकों का विश्वास जीता है।

# रेलवे ट्रैक पर संरक्षा के लिए पूर्व मध्य रेल द्वारा उठाए गए कई कदम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा सुरक्षित एवं बाधारहित रेल परिचालन के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इसी कड़ी में रेलवे ट्रैकों का नवीनीकरण, महत्वपूर्ण रेलखंडों की फेंसिंग, घनी आबादी वाले क्षेत्रों में चहारदिवार आदि के बाद कई रेलखंडों में ट्रेनों की गतिसीमा में वृद्धि की गयी है। रेलवे द्वारा यात्री सुरक्षा के मद्देनजर एफओबी/एलएचएस/ सब-वे के निर्माण सहित यात्री सुरक्षा/संरक्षा के मद्देनजर कई कदम उठाए गए हैं। सोशल मीडिया सहित विभिन्न प्रचार माध्यमों द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन आदि के माध्यम से रेलवे ट्रैक से उचित दूरी बनाए रखने की सलाह दी जाती रही है। विदित हो कि गलत तरीके से रेलवे ट्रैक पार करने में जनवरी, 2025 से मार्च, 2025 तक पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में लगभग 335



लोगों की दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से पैदल या वाहन के साथ ट्रेन से टकराकर मौत हो गयी। इनमें दानापुर मंडल में 136, सोनपुर मंडल में 22, समस्तीपुर मंडल में 66, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 62 तथा धनबाद मंडल में 49 लोगों की अवैध तरीके से रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन से टकराकर मौत हो गयी। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि जल्दबाजी में रेल पटरी पार कर अपने जीवन को खतरे में न डालें। साथ ही एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए सदैव सब-वे या फुट ओवर ब्रिज का प्रयोग करें। रेलवे ट्रैक के आसपास हमेशा सतर्क रहें तथा रेलवे ट्रैक से हमेशा पर्याप्त दूरी बनाकर रखें। रेलवे ट्रैक हमेशा अधिकृत समपार फाटकों से ही पार करें। यत्र-तत्र अनधिकृत रूप से रेलवे ट्रैक पार करना गैरकानूनी तथा जानलेवा है। रेलवे ट्रैक पर न चलें, यह खतरनाक भी है और अपराध भी।

# जैन धर्मावलंबियों ने मनाया 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का ज्ञान कल्याण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जैन धर्मावलंबियों ने पटना के मंदिरों में मनाया जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का ज्ञान कल्याण पटना के मीठापुर, कदमकुआं, मुरादपुर, गुलजारबाग सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर का ज्ञान कल्याणक श्रद्धा एवं भक्ति से मनाया। प्रातः से हीं श्रद्धालुगण मंदिर पहुंचने लगे। भगवान का अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद शांतिधारा की गई। फिर भगवान का अर्घ्य चढ़ाया गया। फिर श्रद्धालुओं ने



पूजा अर्चना की। मुरादपुर दिगम्बर जैन चैत्यालय में सुबोध जैन फंटि एवं अन्य ने शांतिधारा एवं पूजन किया। मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर में भी पूजा अर्चना की गई। कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर में सोनू जैन एवं अन्य ने पूजा किया।

# बिहार राज्य पंचायत परिषद् के अध्यक्ष के निधन पर श्रद्धांजलि सभा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार राज्य पंचायत परिषद् के अध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विद्यापति मार्ग स्थित परिषद् भवन में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। बीते 29 अप्रैल को एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान बिंदेश्वरी प्रसाद सिंह का निधन हो गया। वे 77 वर्ष के थे। बिंदेश्वरी प्रसाद सिंह वरीय कांग्रेस नेता थे। वे मरची पंचायत के पूर्व मुखिया भी थे। इन्होंने अखिल भारतीय पंचायत परिषद के महामंत्री पद को भी सुशोभित किया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान परिषद् के पदाधिकारियों ने कहा कि बिंदेश्वरी प्रसाद सिंह ने जीवन पर्यन्त गरीबों, पिछड़ों एवं दलितों के उत्थान के लिए कार्य किया। वे पिछले 50 वर्षों से राज्य में पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ करने में जुटे रहे। श्रद्धांजलि सभा में पंचायती राज संस्थाओं से जुड़े अनेक लोग शामिल हुए। यह जानकारी कार्यालय प्रभारी रामबाबू कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

# आशीर्वाद ने अब बिहार में अपने फ्रेश डेयरी प्रोडक्ट्स की रेंज को और भी किया मजबूत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** पूर्वी भारत का लोकप्रिय डेयरी ब्रांड आशीर्वाद, अब बिहार में अपने फ्रेश डेयरी प्रोडक्ट्स की रेंज को और भी मजबूत करते हुए मसाला छाछ 10 रुपये के किफायती दाम पर लेकर आया है। गर्मियों की शुरुआत में यह नई पेशकश एकदम सही समय पर आई है जो स्वाद और ताजगी का बढ़िया मेल पेश करती है। आशीर्वाद ने इस खास लॉन्च के साथ एक बार फिर दिखाया है कि वो अपने उपभोक्ताओं को बढ़िया क्वालिटी, किफायती दाम, भरोसा और अनोखा स्वाद देने के लिए पूरी तरह से समर्पित है। आशीर्वाद मसाला छाछ खासतौर पर बिहारी स्वाद के लिए स्थानीय स्तर में ही तैयार किया गया है जिससे आपको मिले ताजगी भरा घर जैसा एहसास। छाछ में जीरा, काली मिर्च और काले नमक जैसे मसालों का स्वादिष्ट मिश्रण किया गया है जो न केवल अपने विशिष्ट स्वाद, बल्कि पाचन संबंधी लाभों के लिए भी पसंद किए जाते हैं। इस विस्तार के बारे में बोलते हुए विवेक कुक्कल, वाइस प्रेसिडेंट एंड हेड, डेयरी एंड बेवरेजेस, आईटीसी लिमिटेड, आईटीसी में हमारा मकसद हमेशा से रहा है कि हम अपने उपभोक्ताओं के स्वाद और पसंद को समझते हुए उत्तम क्वालिटी वाले प्रोडक्ट्स बनाएं। आशीर्वाद मसाला छाछ अब 200 मिली पाउच में उपलब्ध होगा जिसकी कीमत सिर्फ 10 रुपये है। यह जल्द ही बिहार के सभी किराना और मॉडर्न ट्रेड स्टोर्स पर उपलब्ध होगा।

CMYK

## संपादकीय

# दवा कंपनियां की बेलगाम मुनाफाखोरी से आम लोग त्रस्त

ऐसे मामले अक्सर सामने आते रहते हैं, जिनमें कमजोर या गरीब तबकों के लोग सिर्फ इसलिए किसी गंभीर बीमारी का इलाज ठीक से नहीं करा पाते, क्योंकि उसके इलाज का खर्च वहन करना उनकी क्षमता से बाहर होता है। इलाज में सबसे अहम खर्च दवाओं पर होता है, जिनकी कीमतें कई बार सबकी पहुंच में नहीं होतीं। समूची स्वास्थ्य सेवा के संदर्भ में समय के साथ यह एक बड़ी समस्या बनती गई है। दवाओं की बेलगाम कीमतों को लेकर कई तरह के सवाल उठाए जाते हैं। सरकार ने इस मुश्किल से पार पाने के लिए वैकल्पिक उपाय के तौर पर मरीजों के लिए जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता बढ़ाने की कोशिशें की हैं, लेकिन अब भी इस दिशा में कोई ठोस प्रगति नहीं दिखती। दवाओं की कीमतों और कंपनियों की अनैतिक विपणन के चलन पर काबू पाने से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान गत शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चिकित्सक अगर सिर्फ जेनेरिक दवाएं लिखें तो दवा कंपनियों और चिकित्सकों के बीच रिश्वतखोरी से उपजी इस समस्या को रोका जा सकता है। यह छिपा नहीं है कि दवा कंपनियों के दबाव में डाक्टर मरीजों को आमतौर पर महंगी दवाएं लिखते हैं। जबकि उन्हीं रासायनिक मिश्रण से बनी और समान असर वाली उपयोगी जेनेरिक दवाओं की कीमत काफी कम हो सकती है। दरअसल, मरीजों को जरूरत से ज्यादा दवाएं लिखने के एवज में दवा कंपनियां चिकित्सकों को कई तरह की सुविधाएं मुहैया कराती रही हैं, उन्हें प्रकारांतर से रिश्वत भी देती हैं। इस तरह डाक्टरों पर यह दबाव बनता है कि वे मरीजों को किसी खास ब्रांड या कंपनी की ही दवा लेने की सलाह दें। चिकित्सा क्षेत्र में पलते इस भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए सरकारें अक्सर कुछ कदम उठाने की घोषणा करती हैं, लेकिन व्यवहार में अब तक इसका कोई ठोस असर सामने नहीं आया है। अनुचित तौर-तरीके अपना कर चिकित्सकों के जरिए दवा कंपनियां जिस तरह बेलगाम मुनाफाखोरी करती हैं, उसका खमियाजा आम लोगों को ही भुगतना पड़ता है। जरूरत इस बात की है कि सरकार समान गुणवत्ता और असर वाली जेनेरिक दवाओं की आसान उपलब्धता और इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सुचिंतित कदम उठाए।

# ग्लोबल पॉवर के रूप में उभर रहा है भारत

**भारत, रूस और यूरोपीय संघ जैसे देश अधिक भू-राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव का दावा कर रहे हैं. हाल ही में हम चीन का सैन्य शक्ति प्रदर्शन भी देख रहे हैं. यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि अमेरिका अब भी एक प्रमुख शक्ति बना हुआ है. फिर भी डोनाल्ड ट्रम्प के नई उभरती नई व्यवस्था के कारण यूएस का एकतरफा प्रभाव धीरे-धीरे कमजोर हो रहा है. आर्थिक बदलावों, सैन्य चुनौतियों और कूटनीतिक तौर पर इस पर असर पड़ा है। किसी राष्ट्र के उभरने के बहुतेरे कारण होते हैं. इन राष्ट्रों के उभरने की राह दिखाने वाले तत्वों पर ध्यान केंद्रित करना अत्यंत महत्वपूर्ण होता है. किसी राष्ट्र की शक्ति वैश्विक मंच पर कई कारकों के संयोजन से आती है.**

**(लेफ्टीनेंट जनरल के. आर. राव)**

वैश्विक मानचित्र में भारत एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरता रहा है. दुनिया इस बदलते रूप का गवाह बन रही है. हाल के दिनों में दुनिया भर में हुए बदलावों ने भारत को कई तरह से प्रभावित किया है. दुनिया एकध्रुवीय व्यवस्था से बदल रही है, और अब बहुध्रुवीय व्यवस्था में बदल रही है. इस व्यवस्था में कई राष्ट्र प्रभाव डालते हैं. हालात ये हैं कि चीन, भारत, रूस और यूरोपीय संघ जैसे देश अधिक भू-राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव का दावा कर रहे हैं. हाल ही में हम चीन का सैन्य शक्ति प्रदर्शन भी देख रहे हैं. यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि अमेरिका अब भी एक प्रमुख शक्ति बना हुआ है. फिर भी डोनाल्ड ट्रम्प के नई उभरती नई व्यवस्था के कारण यूएस का एकतरफा प्रभाव धीरे-धीरे कमजोर हो रहा है. आर्थिक बदलावों, सैन्य चुनौतियों और कूटनीतिक तौर पर इस पर असर पड़ा है।

किसी राष्ट्र के उभरने के बहुतेरे कारण होते हैं. इन राष्ट्रों के उभरने की राह दिखाने वाले तत्वों पर ध्यान केंद्रित करना अत्यंत महत्वपूर्ण होता है. किसी राष्ट्र की शक्ति वैश्विक मंच पर कई कारकों के संयोजन से आती है. इन कारकों में आर्थिक शक्ति, सैन्य क्षमता, कूटनीतिक, राजनीतिक तकनीकी उन्नति, सांस्कृतिक प्रभाव, प्राकृतिक संसाधन, भौगोलिक लाभ जनसांख्यिकी और मानव पूंजी, और ऊर्जा स्वतंत्रता जैसी चीजें शामिल हैं. हाल ही में देखने को मिला है कि कई देश रणनीतिक स्वायत्तता का प्रयोग कर रहे हैं. स्वतंत्र विदेश नीतियों की राह पर चल रहे हैं. ये देश एक ही प्रमुख शक्ति के साथ गठबंधन करने की बजाय कई शक्तियों के साथ संबंधों को संतुलित कर रहे हैं. ये सब क्षेत्रीय गठबंधन और ब्लॉक ब्रिक्स, एससीओ और आई2यू2 जैसे संगठनों के साथ अपने को जोड़कर अपनी भागीदारी को बढ़ा रहे हैं. आज के हालात में वैश्विक अर्थव्यवस्था अब अमेरिका के इर्द-गिर्द नहीं घूम रही है. ये देश उभरते बाजार व्यापार और निवेश में महत्वपूर्ण रोल निभा रहे हैं. इसका ताजातरीन उदाहरण टैरिफ पर अमेरिकी राष्ट्पति ट्रंप द्वारा दिया गया नया मोड़ है. जिसकी वजह से दुनिया के कई देशों में उथल-पुथल मची हुई है।

इस उभरती तस्वीर में, भारत के लिए स्पष्ट रूप से स्पष्ट और मजबूत निहितार्थ हैं. भारत के लिए अधिक रणनीतिक स्वायत्तता है. साथ ही दुनिया के देशों के साथ व्यापारिक साझेदारी और आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण के विस्तार का मौका भी है. इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण रूप से उन सुरक्षा चुनौतियों के समाधान के लिए सावधानीपूर्वक कूटनीतिक पैंतरेबाज़ी और बड़े खिलाड़ियों के सत्ता के खेल से बचने की जरूरत है. देखा जाए तो बहुध्रुवीय दुनिया अवसर और चुनौतियाँ दोनों प्रस्तुत करती है. जिसके लिए भारत को विकसित भू-राजनीतिक गतिशीलता के अनुकूल होना पड़ेगा. हालांकि भारत अब भी एकध्रुवीय शक्ति नहीं है, लेकिन इसमें क्षमता है और यह बहुध्रुवीय दुनिया में सबसे मजबूत ध्रुवों में से एक के रूप में उभरने की राह पर चल रहा है. एकध्रुवीय खिलाड़ी के रूप में उभरने में भारत के सामने कुछ कठिन चुनौतियां हैं।

वहीं देखा जाए तो वैश्विक शक्ति संतुलन



में चीन की आर्थिक और सैन्य ताकत एक बड़ा कारक है. इसकी राह में भू-राजनीतिक जटिलताएं भी हैं. वहीं भारत को एक बड़ी ताकत के रूप में उभरने में क्षेत्रीय संघर्षों, व्यापार निर्भरताओं और कूटनीतिक चुनौतियों से निपटना होगा. गौर करें तो अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस के कट्टर समर्थन के बावजूद, चीन क्षेत्रीय शक्ति गतिशीलता में बदलाव के डर से संयुक्त राष्ट्र की स्थायी सीट के लिए भारत की बोली का निरंतर विरोध करता रहता है. वहीं कुछ देश वीटो पावर के बिना यूएनएससी विस्तार की वकालत करते हैं. इस एंगिल का भारत विरोध करता है. यूएनएससी की स्थायी सदस्यता के लिए भारत के प्रयास को दुनिया के कुछ देशों का कड़ा विरोध झेलना पड़ रहा है. ऐसे में इसे सर्वोत्तम संभव तरीके से आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

दुनिया के बदलते माहौल के बीच एक बात की अनदेखी नहीं की जा सकती है कि भारत अगले 10-15 वर्षों में दुनिया की शीर्ष तीन आर्थिक शक्तियों में से एक होने की राह पर है. आने वाले समय में भारत वैश्विक व्यापार और निवेश में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने की सफल राह पर है. भारत आज के दौर में जिस तरह से अमेरिका, रूस, चीन और यूरोपीय संघ के साथ अपने संबंधों को संतुलित कर रहा है, उससे ये साफ दिख रहा है कि वो वैश्विक निर्णय लेने में स्वतंत्र बना रहेगा. भारत अपनी रणनीति के तहत अपनी सैन्य क्षमताओं, रक्षा निर्यात और समुद्री उपस्थिति का लगातार विस्तार कर रहा है. ऐसा करने से उसकी वैश्विक सुरक्षा भूमिका मजबूत हो रही है. भारत जी-20, ब्रिक्स, क्वॉड और एससीओ में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है. इसके साथ ही वैश्विक नीतियों को आकार भी दे रहा है. इतना ही नहीं भारत अक्षय ऊर्जा और डिजिटल परिवर्तन में शामिल उन प्रमुख खिलाड़ियों में से एक है, जो वैश्विक स्थिरता प्रयासों को प्रभावित कर रहा है. इस तरह से भारत को शक्ति को प्रदर्शित करने का समय आ गया है।

इन हालातों में इंडिया को प्रमुख रणनीतिक क्षेत्रों पर फोकस करते हुए अपने वैश्विक प्रभाव को और मजबूत करना चाहिए. वैसे तो भारत मेक इन इंडिया जैसी पहलों के माध्यम से विनिर्माण और निर्यात को मजबूत कर रहा है. फिर भी वैश्विक व्यापार समझौतों और मुक्त व्यापार भागीदारी में सक्रिय रोल निभाने के लिए हमें अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी है. हमें अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में उभरती अर्थव्यवस्थाओं के साथ संबंधों को बढ़ाने के नए तरीके खोजने होंगे. ऐसा करना फ्यूचर के दृष्टिकोण से सही है. अगर ध्यान से देखें तो वैश्विक रक्षा निर्यातक के रूप में भारत की भूमिका का विस्तार करने में हम बहुत दूर नहीं हैं. हमें लंबे इसके लिए एक बड़े विजन के साथ कुछ साहसिक कदम उठाने पड़ेंगे. इसके लिए हमारे तकनीकी लाभ का उपयोग अभिनव एआई, क्वॉटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर उत्पादन विकसित करने में किया जाना चाहिए. हमें वैश्विक सांस्कृतिक चीजों पर भी गौर करना चाहिए. इसके लिए बॉलीवुड, योग, व्यंजन और साहित्य का लाभ उठाकर अपनी ताकत को दुनिया के सामने तक ले जाना चाहिए।

कूटनीतिक की राह में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है. अब कई मुद्दों पर भारत अपने स्वतंत्र मार्ग के कारण एक ताकत के रूप में पहचाना जाने लगा है. पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विदेश मंत्री जयशंकर के नेतृत्व में इसमें बहुत बड़ी प्रगति हुई है. इसके साथ ही भारत की आर्थिक वृद्धि कई प्रमुख कारकों से प्रेरित हुई है. यहां का युवा और बढ़ते कार्यबल, तकनीकी स्थिति और तेजी से बढ़ता बुनियादी विकास ढांचा इसके लिए खास बन गया है. इसके अलावा भारत की नीति भूमि और श्रम सुधार, कराधान और निवेश आकर्षित करने के लिए पूंजी बाजार सुधार इस अहम रोल अदा कर रहा है. इतना ही नहीं मजबूत घरेलू मांग और दीर्घकालिक समृद्धि का समर्थन करने वाली सरकारी पहल के साथ भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से उड़ान भरने की राह पर है. इन सुधारों ने भारत की आर्थिक लचीलेपन को मजबूत करते हुए इसे एक अग्रणी वैश्विक बाजार के रूप में स्थापित किया है।

भारत की सैन्य वृद्धि ने विश्व शक्ति के रूप में आधुनिक युद्ध में आगे रहने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग, हाइपरसोनिक, साइबर युद्ध और रोबोटिक्स में क्षमताओं को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रखा है. इसके साथ ही स्वदेशी रक्षा विनिर्माण, रणनीतिक नौसैनिक विस्तार, ड्रोन में निवेश, मिसाइल रक्षा और अंतरिक्ष-आधारित निगरानी, ??रक्षा अधिग्रहण सुधार और एकीकृत थिएटर कमांड के विकास में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है. गौर करें तो भारत पहले से ही इन क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है. पहले कहां वो हथियारों का आयात करता था अब वो प्रोडक्शन कर एक्सपोर्ट कर रहा है।

वैसे देखा जाए तो भारत ने वैश्विक शक्ति के रूप में कई कदम आगे बढ़ा लिए हैं, लेकिन अब भी उसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है. इन चुनौतियों से धीरे-धीरे निपटने की जरूरत है। भारत को जिन चुनौतिों से निपटना है, उनमें शासन संबंधी मुद्दों को निपटाने में तेजी लानी है. धीमी निर्णय-प्रक्रिया की नौकरशाही को तेज करना है. अति-केन्द्रीकरण और व्यापार और कूटनीति को प्रभावित करने वाली विनियामक बाधाओं को दूर करना है. भ्रष्टाचार और नीतिगत अनिश्चितता को दूर करनी होगी, क्योंकि इनसे विदेशी निवेश और आर्थिक सुधारों में बाधा पहुंचती है. इसके साथ ही न्यायिक प्रक्रिया को आसान और सरल बनाना है।

# पाकिस्तान को बर्बाद कर देगा युद्ध, अर्थव्यवस्था होगी तबाह

**मूडीज ने कहा, '' भारत के साथ तनाव निरंतर बढ़ने से पाकिस्तान की वृद्धि पर असर पड़ेगा और सरकार के मौजूदा राजकोषीय समेकन में बाधा आएगी, जिससे पाकिस्तान की व्यापक आर्थिक स्थिरता हासिल करने की प्रगति बाधित होगी।'' इस बात पर भी गौर करने की जरूरत है कि पाकिस्तान की वृहद आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है, वृद्धि दर धीरे-धीरे बढ़ रही है, मुद्रास्फीति घट रही है और आईएमएफ कार्यक्रम में निरंतर प्रगति के बीच विदेशी मुद्रा भंडार में भी वृद्धि हो रही है। मूडीज ने कहा, '' तनाव लगातार बढ़ने से पाकिस्तान की अन्य देशों से मिलने वाली आर्थिक मदद तक पहुंच बाधित हो सकती है तथा उसके विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ सकता है जो अगले कुछ वर्षों के लिए उसके बाह्य ऋण भुगतान की जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक स्तर से काफी कम है।''**

**(प्रयास मालवीय)**

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से भारत में कोई बड़ी आर्थिक बाधा उत्पन्न नहीं होगी। हालांकि, यह पाकिस्तान के लिए झटका होगा क्योंकि इससे उसका विदेशी मुद्रा भंडार दबाव में आ सकता है और उसकी वृद्धि दर प्रभावित हो सकती है। रेटिंग एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने 'भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से पाकिस्तान की वृद्धि पर असर' शीर्षक से सोमवार (5 मई, 2025) को रिपोर्ट जारी की।



इसमें कहा गया कि उसे भारत की आर्थिक गतिविधियों में कोई बड़ा व्यवधान उत्पन्न होने के आसार नहीं दिखते क्योंकि पाकिस्तान के साथ उसके आर्थिक संबंध बहुत मामूली हैं। वर्ष 2024 में भारत के कुल निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 0.5 प्रतिशत से भी कम रही थी।

**पहलगाम हमले के बाद युद्ध जैसे हालात**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों के पर्यटकों पर किए हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। भारत ने पहलगाम में हुए नरसंहार के पीछे तीन पाकिस्तानी नागरिकों सहित पांच आतंकवादियों की पहचान की है और इस जघन्य कृत्य के अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने का संकल्प किया है। इससे दोनों देशों के बीच एकबार फिर तनाव बढ़ गया है।

**भारत पर नहीं पड़ेगा असर**

मूडीज ने कहा, '' भारत के साथ तनाव निरंतर बढ़ने से पाकिस्तान की वृद्धि पर असर पड़ेगा और सरकार के मौजूदा राजकोषीय समेकन में बाधा आएगी, जिससे पाकिस्तान की व्यापक आर्थिक स्थिरता हासिल करने की प्रगति बाधित होगी।'' इस बात पर भी गौर करने की जरूरत है कि पाकिस्तान की वृहद आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है, वृद्धि दर धीरे-धीरे बढ़ रही है, मुद्रास्फीति घट रही है और आईएमएफ कार्यक्रम में निरंतर प्रगति के बीच विदेशी मुद्रा भंडार में भी वृद्धि हो रही है।

मूडीज ने कहा, '' तनाव लगातार बढ़ने से पाकिस्तान की अन्य देशों से मिलने वाली आर्थिक मदद तक पहुंच बाधित हो सकती है तथा उसके विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ सकता है जो अगले कुछ वर्षों के लिए उसके बाह्य ऋण भुगतान की जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक स्तर से काफी कम है।''

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का कार्यकारी बोर्ड नौ मई को पाकिस्तानी अधिकारियों से मिलने वाला है, जिसमें जलवायु परिवर्तन ऋण कार्यक्रम के तहत पाकिस्तान के लिए 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर की नई वित्तपोषण व्यवस्था का मूल्यांकन किया जाएगा। यह मौजूदा सात अरब अमेरिकी डॉलर के 'राहत' पैकेज का भी मूल्यांकन करेगा। सूत्रों ने बताया कि भारत आईएमएफ सहित वैश्विक बहुपक्षीय एजेंसियों से पाकिस्तान को दिए गए धन व ऋण की फिर से जांच करने के लिए कहेगा।

मूडीज ने कहा कि भारत में वृहद आर्थिक स्थितियां स्थिर रहेंगी, जो मजबूत सार्वजनिक निवेश तथा स्वस्थ निजी खपत के बीच धीमी लेकिन अब भी उच्चस्तर की वृद्धि से मजबूत होंगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा, '' स्थानीय तनाव में निरंतर वृद्धि के परिदृश्य में, हम भारत की आर्थिक गतिविधियों में बड़े व्यवधान के आसार नहीं देखते हैं, क्योंकि पाकिस्तान के साथ भारत के आर्थिक संबंध बहुत मामूली हैं। हालांकि, उच्च रक्षा खर्च संभावित रूप से भारत की राजकोषीय ताकत पर भार डालेगा और इसके राजकोषीय समेकन को धीमा कर देगा।'

# अव्वल आने की होड़ में छात्रों की आत्महत्याएं चिन्ताजनक

**हाल ही में लगातार हो रही छात्रों की दुखद मौतें जहां शिक्षा प्रणाली अतिश्योक्तिपूर्ण प्रतिस्पर्धा पर प्रश्न खड़े करती है, वहीं विचलित भी करती हैं। इनमें राजस्थान स्थित कोटा के नीट के परीक्षार्थी और मोहाली स्थित निजी विश्वविद्यालय में फोरेंसिक साइंस का एक छात्र शामिल था। पश्चिम बंगाल के आई आई टी खड़गपुर में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के तीसरे वर्ष के छात्र मोहम्मद आसिफ कमर का शव उनके हॉस्टल रूम में फंदे से लटका मिला। भुवनेश्वर के कीट में कम समय में दूसरी नेपाली छात्रा की मौत से विश्वविद्यालय की छवि और भारत के विदेशी छात्रों को आकर्षित करने के प्रयासों पर सवाल उठ रहे हैं। नीट के पेपर के तनाव में नूपुर ने नीट पेपर के एक दिन पहले फांसी लगाकर जान देना एवं मौत को गले लगाना हमारी घातक प्रणालीगत विफलता एवं टॉपर संस्कृति की आत्महंता सोच को ही उजागर करती है।**

**(ललित गर्ग)**

कोचिंग संस्थानों की बढ़ती बाढ़ एवं गलाकाट प्रतिस्पर्धा में छात्र किस हद तक जानलेवा घातकता का शिकार हो रहे हैं। यह दुखद ही है कि सुनहरे सपने पूरा करने का ख्वाब लेकर कोटा गए चौदह छात्रों ने इस साल आत्महत्याएं की हैं।

टॉपर संस्कृति के दबाव एवं अव्वल आने की होड़ में छात्रों के द्वारा तनाव, अवसाद, कुंठा में आत्महत्या कर लेना एक गंभीर समस्या है। यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण है कि हमारी छात्र प्रतिभाएं आसमानी उम्मीदों, टॉपर संस्कृति के दबाव व शिक्षा तंत्र की विसंगतियों के चलते आत्मघात की शिकार हो रही हैं। हाल ही में लगातार हो रही छात्रों की दुखद मौतें जहां शिक्षा प्रणाली अतिश्योक्तिपूर्ण प्रतिस्पर्धा पर प्रश्न खड़े करती है, वहीं विचलित भी करती हैं। इनमें राजस्थान स्थित कोटा के नीट के परीक्षार्थी और मोहाली स्थित निजी विश्वविद्यालय में फोरेंसिक साइंस का एक छात्र शामिल था। पश्चिम बंगाल के आई आई टी खड़गपुर में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के तीसरे वर्ष के छात्र मोहम्मद आसिफ कमर का शव उनके हॉस्टल रूम में फंदे से लटका मिला। भुवनेश्वर के कीट में कम समय में दूसरी नेपाली छात्रा की मौत से विश्वविद्यालय की छवि और भारत के विदेशी छात्रों को आकर्षित करने के प्रयासों पर सवाल उठ रहे हैं। नीट के पेपर के तनाव में नूपुर ने नीट पेपर के एक दिन पहले फांसी लगाकर जान देना एवं मौत को गले लगाना हमारी घातक प्रणालीगत विफलता एवं टॉपर संस्कृति की आत्महंता सोच को ही उजागर करती है। निश्चित रूप से छात्र-छात्राओं के लिये घातक साबित हो रही टॉपर्स संस्कृति में बदलाव लाने के लिए नीतिगत फैसलों की सख्त जरूरत है। राजस्थान सरकार की ओर से प्रस्तावित कोचिंग संस्थान (नियंत्रण और विनियमन) विधेयक इस दिशा में बदलावकारी साबित हो सकता है। लेकिन केन्द्र सरकार को भी ऐसे ही कदम उठाने होंगे ताकि छात्रों में आत्महत्या की समस्या के दिन-पर-दिन विकराल होते जाने पर अंकुश लग सके। यह शिक्षाशास्त्रियों, समाज एवं शासन व्यवस्था से जुड़े हर एक व्यक्ति के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। कोचिंग संस्थानों की बढ़ती बाढ़ एवं गलाकाट प्रतिस्पर्धा में छात्र किस हद तक जानलेवा घातकता का शिकार हो रहे हैं। यह दुखद ही है कि सुनहरे सपने पूरा करने का ख्वाब लेकर कोटा गए चौदह छात्रों ने इस साल आत्महत्याएं की हैं। विडंबना यह है कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद कोचिंग संस्थानों के संरचनात्मक दबाव, उच्च दांव वाली परीक्षाओं, गलाकाट स्पर्धा, दोषपूर्ण



कोचिंग प्रथाएं और सफलता की गारंटी के दावों का सिलसिला थमा नहीं है। यही वजह है कि हाल ही में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण यानी सीसीपीए ने कई कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापारिक प्रथाओं के चलते नोटिस दिए हैं। दरअसल, कई कोचिंग संस्थान जमीनी हकीकत के विपरीत शीर्ष रैंक दिलाने और चयन की गारंटी देने के थोथे एवं लुभावने वायदे करते रहते हैं। निस्संदेह, इस तरह के खोखले दावे अक्सर कमजोर छात्रों और चिंतित अभिभावकों के लिये एक घातक चक्रव्यूह बन जाते हैं। छात्रों को अनावश्यक प्रतिस्पर्धा के लिये बाध्य करना और योग्यता को अंकों के जरिये रैंकिंग से जोड़ना कालांतर में अन्य छात्रों को निराशा के भंवर में फंसा देता है। वास्तव में सरकार को ऐसा पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करना चाहिए, जो विभिन्न क्षेत्रों में रुचि रखने वाले युवाओं के लिये पर्याप्त संख्या में रोजगार के अवसर पैदा कर सके। वास्तव में हमें युवाओं को मानसिक रूप से सबल बनाने की सख्त जरूरत है, तभी भारत सशक्त होगा, विकसित होगा।

पारिवारिक दबाव, शैक्षिक तनाव और पढ़ाई में अव्वल आने की महत्वाकांक्षा ने छात्रों के एक बड़े वर्ग को गहरे मानसिक अवसाद में डाल दिया है। युवाओं को भी सोचना होगा कि जिंदगी दोबारा नहीं मिलती। इसे यूं ही तनाव में आकर ना गंवाएं, बल्कि जिंदगी में आने वाली कठिनाइयों का डटकर मुकाबला करें। पढ़ाई में असफल रहने के कारण कुछ बच्चों पर मानसिक दबाव बढ़ रहा है। हर परिवार की अपने बच्चों से ज्यादा अपेक्षाएं होती हैं। अधिकतर युवा जिंदगी में आने वाली समस्याओं को बर्दाश्त नहीं कर पाते और वे अपनी बात किसी से साझा तक नहीं करते। प्रतिभागियों को बताया जाना चाहिए कि कोई भी परीक्षा जीवन से बड़ी नहीं होती। छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं तथाकथित समाज एवं राष्ट्र विकास एवं शिक्षा की विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद तस्वीर को बयां करती है। आत्महत्या शब्द जीवन से पलायन का डरावना सत्य है जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है। प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों, उच्च शिक्षा संस्थानों एवं कोंचिंग संस्थानों में आत्महत्या की बढ़ती घटनाएं हमारी चिन्ता का सबब बनना चाहिए।

वैसे छात्रों की आत्महत्या कोई नई बात नहीं है, ऐसी खबरें हर कुछ समय बाद आती रहती हैं। रिकॉर्ड बताते हैं कि पिछले एक दशक में कोचिंग संस्थानों में ही नहीं, आईआईटी जैसे संस्थानों में ही 52 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। यह संख्या इतनी छोटी भी नहीं कि ऐसे मामलों को अपवाद मानकर नजरअंदाज कर दिया जाए। बेशक ऐसे हर मामले में अवसाद का कारण कुछ अलग रहा होगा, वे अलग-अलग तरह के दबाव होंगे, जिनके कारण ये छात्र-छात्राएं आत्महत्या के लिए बाध्य हुए होंगे। ऐसे संस्थानों में जहां भविष्य की बड़ी-बड़ी उम्मीदें उपजनी चाहिए, वहां अगर दबाव और अवसाद अपने लिए जगह बना रहे हैं और छात्र-छात्राओं को आत्महंता बनने को विवश कर रहे हैं तो यह एक काफी गंभीर मामला है। शैक्षणिक दबावों के चलते छात्रों में आत्महंता होने की घातक प्रवृत्ति का तेजी से बढ़ना हमारे नीति-निर्माताओं के लिये चिन्ता का कारण बनना चाहिए। क्या विकास के लम्बे-चौड़े दावे करने वाली भारत सरकार ने इसके बारे में कभी सोचा? क्या विकास में बाधक इस समस्या को दूर करने के लिये सक्रिय प्रयास शुरु किए?

विचित्र है कि जो देश दुनिया भर में अपनी संतुलित जीवनशैली एवं अहिंसा के लिये जाना जाता है, वहां के शिक्षा-संस्थानों में हिंसा का भाव पनपना एवं छात्रों के आत्महंता होते जाने की प्रवृत्ति का बढ़ना अनेक प्रश्नों को खड़ा कर रहा है। ऐसे ही अनेक प्रश्नों एवं खौफनाक दुर्घटनाओं के आंकड़ों ने शासन-व्यवस्था के साथ-साथ समाज-निर्माताओं को चेताया है और गंभीरतापूर्वक इस विडम्बनापूर्ण एवं चिन्ताजनक समस्या पर विचार करने के लिये जागरूक किया है, लेकिन क्या कुछ सार्थक पहल होगी? बहुत जरूरी है कि कोचिंग संस्थान अपनी कार्यशैली एवं परिवेश में आमूल-चूल परिर्वतन करें ताकि छात्रों पर बढ़ते दबावों को खत्म किया जा सके। फिलहाल जरूरी यह भी है कि इन संस्थानों में एक ऐसे तंत्र को विकसित किया जाए, जो निराश, हताश और अवसादग्रस्त छात्रों के लगातार संपर्क में रहकर उनमें आशा का संचार कर सके, उन्हें सकारात्मकता के संस्कार दे सके।

## संक्षिप्त समाचार

### 14 पंचायत के महादलित बस्ती में लगा विकास शिविर



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के 14 पंचायतों में महादलित टोलों में बुधवार को विकास शिविर लगाया गया। बीडीओ सूरज कुमार सिंह एवं बीपीआरओ विवेक आर्या ने पंचायतों में आयोजित शिविर का जायजा लिया। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि हरदी टेढ़ा के दहड़वा टोला, बिनवलिया के मंझरिया में लगे विकास शिविर का जायजा लिया गया है। उन्होंने बताया कि केहुनिया रोवारी, हरदी टेढ़ा, भभटा, धुमनगर,मलदहिया पोखरिया,शेरहवा, बिनवलिया, भेड़िहारवा, शिकारपुर, रखइ चम्पापुर, भसुरारी, गोखुला, सुगौली तथा नौतनवा पंचायत के महादलित टोलों में विकास शिविर लगाया गया। शिविर के माध्यम से लोगो को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओ की जानकारी व उसके लाभ के बारे में अवगत कराया गया। वही शिविर में महादलित बस्ती से लोगो की समस्या से सम्बंधित शिकायत ली गई। जिसका निष्पादन के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिया जाएगा।

### 18 फेरों में चलेगी अमृतसर-सहरसा-अमृतसर द्विसाप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 04618/04617 अमृतसर-सहरसा-अमृतसर वाया सीवान,छपरा द्विसाप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन अमृतसर से 12 मई से 08 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार एवं मंगलवार को तथा सहरसा से 14 मई से 10 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार एवं बृहस्पतिवार को 18 फेरों हेतु किया जायेगा.04618 अमृतसर-सहरसा द्विसाप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 12 मई से 08 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार एवं मंगलवार को अमृतसर से रात्रि 08.10 बजे प्रस्थान कर गोरखपुर से शाम 05.20 बजे, सीवान से रात्रि 07.22 बजे, छपरा से रात्रि 08.30 बजे छूटकर तीसरे दिन सहरसा रात्रि 03.00 बजे पहुंचेगी.वापसी यात्रा में 04617 सहरसा-अमृतसर द्विसाप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 14 मई से 10 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार एवं बृहस्पतिवार को सहरसा से सुबह 05.00 बजे प्रस्थान कर सीवान से अपराह्न 01.32 बजे, गोरखपुर से शाम 04.10 बजे छूटकर दूसरे दिन अमृतसर अपराह्न 02.00 बजे पहुंचेगी.इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 18 तथा एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे.

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर करें जागरुक : सचिव

**सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पारा लीगल वोलेंटियर की मासिक बैठक सह प्रशिक्षण सोमवार को प्राधिकार सभागार में हुई। प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पीएलवी द्वारा किए गए कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में 31 मई को तम्बाकू निषेध दिवस पर भी विधिक जागरूकता शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में 10 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु लोगों को जागरूक करने की भी बात कही गई। सचिव ने कहा कि सभी पीएलवी लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे जानकारी दें। सभी पीएलवी अपने अपने प्रतिनियुक्त थाना और पंचायत सचिवालयों में निर्धारित दिवस पर बैठ कर वहां आने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान करें। सचिव ने कहा कि विभिन्न विभागों से समन्वय बनाते हुए लोगों की समस्याओं के समाधान करने की कोशिश करें। ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए समय समय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन करें। मौके पर पारा लीगल वोलेंटियर ने अपनी समस्याएं रखी। प्रोविजन पदाधिकारी रंजीत कुमार ने विक्टिम वेलफेयर फंड के बारे जानकारी दी। बैठक में सभी पीएलवी मौजूद थे।

### बैठक में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर दिया जोर

**कोडरमा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एमआर ग्लोबल स्कूल चाराडीह, कोडरमा में मंगलवार को अभिभावक-शिक्षक की बैठक हुई। बैठक में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया गया। प्राचार्या शिल्पी सिंह ने कहा कि आज का युग केवल किताबों तक सीमित शिक्षा का नहीं है। हमें बच्चों को घर और स्कूल दोनों जगह ऐसी परवरिश देनी है, जिससे वे न केवल अकादमिक रूप से, बल्कि नैतिक रूप से भी सशक्त बन सकें। उन्होंने कहा कि हर माता-पिता को चाहिए कि वे स्कूल में आयोजित प्रत्येक पीटीएम में जरूर भाग लें। यह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह हमारे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। जब शिक्षक और अभिभावक एक साथ मिलकर बच्चे के विकास पर चर्चा करते हैं, तभी सही मार्गदर्शन संभव हो पाता है। उन्होंने स्कूल की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। छात्रों ने हाल ही में शैक्षणिक परीक्षाओं, खेलकूद में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय शिक्षकों की मेहनत,स्कूल की अनुशासित प्रणाली और अभिभावकों के सहयोग को दिया। निदेशिका मीरा देवी ने भी संबोधित किया। शिक्षकों ने प्रत्येक कक्षा के बच्चों की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की और अभिभावकों को उनके बच्चों की ताकत और सुधार के क्षेत्रों के बारे में बताया। अभिभावकों ने भी इस दौरान कई उपयोगी सुझाव दिए और स्कूल के प्रयासों की सराहना की।

### बाल संसद संसद का ही एक छोटा रूप है: निदेशक

**गढ़वा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला मुख्यालय स्थित जीएन कान्वेंट स्कूल में संसदीय प्रणाली के अंतर्गत सोमवार को बाल सांसदों का चुनाव संपन्न हुआ। भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आधारित गुप्त मतदान द्वारा बाल सांसदों का चुनाव उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। उसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए निदेशक एमपी केशरी ने कहा कि बाल संसद संसद का ही एक छोटा रूप है। उसे विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित किया जाता है। उसे एक ऐसा माध्यम के रूप में प्रस्तुत किया जाता है जिससे विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक गुणों के साथ प्रेम, त्याग, सहानुभूति, करुणा, दया, परोपकार भाव का विकास हो सके। दूसरे स्थान पर संध्या कुमारी रही। सभा का संचालन कृष्णा कुमार के अगुवाई में किया गया। वहीं चुनाव संचालन प्रक्रिया में बीके ठाकुर, कृष्णा कुमार और विकास कुमार रहे। वहीं गुप्त मतदान में कक्षा 6 वीं से लेकर 12 वीं तक के बच्चों ने बैलेट पेपर के माध्यम से किया। राजनीति विज्ञान के शिक्षक कृष्णा कुमार ने चुनाव प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक समझाया। चुनाव में पीठासीन अधिकारी का दायित्व संतोष प्रसाद ने निभाई। चुनाव को सफल बनाने में शिक्षक खुर्शीद आलम, वीरेंद्र साह, विकास कुमार, नीरा शर्मा, नीलम कुमारी, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, शिवानी कुमारी, रागिनी कुमारी, ऋषभ श्रीवास्तव की भूमिका सराहनीय रही।

# पांकी में भीषण सड़क हादसा, चार की मौत



**डालटनगंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पांकी-मेदिनीनगर पथ में पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के बसडीहा में जाइलो कार व ट्रक बीच आमने-सामने की टक्कर के बाद एक बाइक को भी चपेट में ले लेने से चार लोगों की मौत हो गई। बाइक और जाइलो कार में सवार दो-दो की मौत हुई। सूचना मिलने पर पांकी पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच डालटनगंज में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात पहले जाइलो कार व ट्रक बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। जाईलो कार ने इस दौरान वहां से गुजर रहे एक बाईक पर सवार दो युवक युवराज सिंह व श्याम दयाल सिंह को भी अपनी चपेट में ले लिया। इससे घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। जाईलो कार में चार पुरूष दो महिला व दो छोटे बच्चे सवार थे। इसमे गुलाबी यादव (रतनपुर) व कर्म दयाल यादव (बिदरा) की मौत हो गई। बच्चों के अलावे सभी घायल हुए हैं। स्थानीय समाजसेवी विद्यासागर पांडेय ने पूर्व मुखिया रही पूजा देवी ने घायल बच्चों एवं अन्य को कार से निकाल कर एंबुलेंस पर बिठाया। इस दौरान सूचना पर पांकी थाना पुलिस भी पहुंच गई। इस दौरान अधिकतर लोग मोबाईल से वीडियो बनाते रहे। बताया गया कि पांकी के लोहरसी-बिदरा से तिलकोत्सव की बारात हुरलौंग गांव जा रही थी। इसी बीच बसडीहा में सड़क हादसा हो गया।

## गुठनी में ट्रैक्टर के तहखाने से 1 लाख 80 हजार का शराब बरामद

### गुप्त सूचना के आधार पर तहखाना से शराब बरामद




**गुठनी /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के जतौर बाजार के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी किया। इस दौरान पुलिस ने ट्रैक्टर के तहखाना से 1लाख 80 हजार का शराब बरामद किया। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के ताली गांव के रास्ते तस्करो द्वारा शराब लाया जा रहा है। पुलिस ने एक टीम बनाकर सघन जांच शुरू कर दिया। जिसमें पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। जहां ट्रैक्टर के अंदर से 32 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। जिसकी कीमत बाजार में लगभग 1 लाख 80 हजार रुपए लगाई गई है। इस टीम में थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, एस आइ गणेश चौहान, एएसआइ रंजीत कुमार, एएसआइ पंकज कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे। थानाध्यक्ष ने कहा कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान छपरा जिले के माझी थाना क्षेत्र के भलुआ बुजुर्ग गांव निवासी कृष्णा यादव उर्फ गोलू हैं।उन्होंने बताया कि इस कांड में संलिप्त अन्य आरोपियों के खिलाफ भी पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने कहा कि शराब के विरुद्ध इस तरह के अभियान चलाते रहेंगे। थाना अध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने कहा कि गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में बताया कि शराब की डिलीवरी दरौली में करनी थी। उनका कहना था कि इसमें अन्य आरोपियों की संलिप्तता और उनके पहचान के लिए भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस इनमें शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करेगी।

## पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद छपरा के नगरपालिका चौक पर मनाया गया जश्न



**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय सेना द्वारा 6 मई की देर रात ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के नौ ठिकानों पर एयर स्ट्राइक किए जाने के बाद पूरे देश में उत्साह व गर्व का माहौल है। इसी क्रम में छपरा नगर निगम चौक पर सारण्य महोत्सव समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा जोरदार जश्न मनाया गया। इस मौके पर अध्यक्ष चंद्र प्रकाश राज की अगुवाई में लोगों ने पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। राहगीरों और स्थानीय नागरिकों के बीच भी मिठाइयां बांटी गईं। मौके पर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारे गूंजते रहे। महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल ने जानकारी दी कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने साहसिक कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान की सीमा के भीतर घुसकर आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया। इस ऑपरेशन में कई आतंकियों को मार गिराया गया। उन्होंने कहा कि यह भारत की संप्रभुता की रक्षा के लिए एक मजबूत संदेश है। इस दौरान लालू प्रसाद ने कहा कि पहलगाम में हालिया आतंकी हमले में 26 भारतीय पर्यटकों की मृत्यु के बाद सेना ने यह कार्रवाई की, जो शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर सारण्य महोत्सव के संरक्षक डॉ. सुरेश प्रसाद सिंह, अरुण कुमार सिंह, सीए अमित कुमार, डॉ. संपूर्णानंद सिंह, अमरेंद्र सिंह, इंजीनियर विनोद सिंह, डॉ. विकास सिंह, धर्मेंद्र सिंह, कुमार अर्नज, बंटी सिंह, प्रमोद सिंह, सुशील सिंह, अशोक कुमार सिंह, चंद्रशेखर बबलू, अभय कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बिहार में बदलाव के लिए जनसंपर्क ही सबसे बड़ा हथियार : विकास सिंह






### एकमा में जन सुराज का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जन सुराज के बैनर तले एकमा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन बुधवार को एकमा के बंधन विवाह भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार गिरि व मंच संचालन रमेश गिरी ने किया।

सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय लोग उपस्थित रहे। जन सुराज के नेता विकास कुमार सिंह ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में व्याप्त भ्रष्टाचार, बेरोजगारी व बदहाली से लोग परेशान हैं। जनता अब बदलाव चाहती है और इसके लिए जन सुराज को गांव-गांव, गली-गली तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि इस बार जनता पूरी तरह तैयार है और अबकी बार सरकार को बदलने का संकल्प लेना है। श्री सिंह ने कहा कि जन सुराज एक विचार है, जो जनता को अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास की गारंटी दिलाने के लिए संघर्षरत है। इसके लिए जरूरी है कि कार्यकर्ता एकजुट होकर जनसंपर्क अभियान को गति दें और अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ें। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार गिरि ने किया। सम्मेलन में जिला अध्यक्ष बच्चा राय, भवानी मुन्ना, संतोष सिंह, ललित तिवारी, प्रकाश कुमार, रमेश गिरि, राजा अहमद खान, महासचिव रामनाथ मांझी, प्रखंड महिला अध्यक्ष बेबी देवी, सजल कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। सम्मेलन में संगठन विस्तार, बूथ स्तरीय समिति गठन, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा व जनसंपर्क रणनीति पर भी विस्तृत चर्चा हुई। अंत में प्रखंड अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए संगठन के प्रति निष्ठा व सक्रियता का संकल्प दिलाया।

## दुबई में काम के दौरान युवक की मौत से परिजनों में मचा हाहाकार

**06 मई को काम करने के दौरान हुए हादसे में हुई थी मौत**

**परिजनों ने बताया 19 मई को वापस घर आने की कर रहा था तैयारी**

**गुठनी /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के भुलौली गांव के युवक की मौत काम करने के दौरान दुबई में हो गई। मृतक भुलौली गांव निवासी रणजीत कुमार सिंह (30) वर्ष था। परिजनों ने बताया कि दुबई में काम करने के दौरान 06 मई की दोपहर उसके शरीर पर कांच का बड़ा टुकड़ा गिर गया। जहां काम करने के दौरान वह जमीन पर खून से लथपथ हालत में गिर गया। वहां मौजूद उसके दोस्तो और कंपनी के मजदूरों ने उठकर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां 07 मई को ही इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। परिजनों की इसकी सूचना वहां मौजूद मजदूरो और कंपनी के अधिकारियों द्वारा फोन पर दी गई। जिसके बाद परिजनो में हाहाकार मच गया। जहां परिजनो के करुण विलाप से पूरा माहौल गमगीन हो गया। वह परिवार का इकलौता कमाऊं सदस्य था। उसके परिवार में उसकी पिता मनन सिंह, मां उमरावती देवी, दो भाई और दो बहन शामिल है। सूचना मिलने के बाद उसके दरवाजे पर सामाजिक कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों की भीड़ उमड़ पड़ी। परिजनों ने बताया कि मृतक स्वदेश लौटने के लिए 19 तारीख की तैयारी कर रहा था। परिजनो को इस बात का मलाल था कि वह अपने घर सुरक्षित और सकुशल नहीं पहुंच पाया। उसकी मां उमरावती देवी बार बार यह कह-के बेहोश हो जा रही थी कि आखिर हमने किसी का क्या बिगाड़ा था।

## डॉक्टर अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड अंतर्गत नयागांव, भीखपुर रामपुर, सिसवा कला और बखरी में बुधवार को डॉक्टर अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में अंचल अधिकारी पंकज कुमार ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत नागरिकों को जन्म प्रमाण-पत्र बनाने में मदद की जाएगी, आधार कार्ड बनाने और अपडेट करने में सहायता की जाएगी, राशन कार्ड बनाने और लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद की जाएगी।इसके अलावा, स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय निर्माण में सहायता की जाएगी, गरीबों को आवास और जमीन के आवंटन में मदद की जाएगी और उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवारों को एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने में सहायता की जाएगी।

## 17 फाइलेरिया मरीजों को दवा सेवन के लिए दी गई 12 दिनों की दवा

### फाइलेरिया मरीजों को खुद करनी होगी ग्रसित अंगों की साफ-सफाई



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हसनपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत सहुली गांव स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कुमारी प्रीति ने पीएसपी सदस्य आशा देवी, सुरेंद्र प्रसाद, संतोष कुमार, पूनम देवी और उर्मिला देवी के सहयोग से लगभग 17 फाइलेरिया मरीजों को विभागीय स्तर पर जोड़ते हुए 12 दिनों की दवा वितरण किया.उन्होंने कहा कि रोगी हितधारक मंच सामुदायिक स्तर का एक मंच है. जिसके माध्यम से फाइलेरिया मरीज और स्थानीय पोषक क्षेत्रों के निवासी सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़कर विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं, योजनाओं, दवाओं, प्रमाण पत्र सहित कई अन्य प्रकार की सेवाओं का सुगमता से लाभ उठा सकते हैं.उन्होंने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सामूहिक रूप से हम सभी को प्रयास करने की आवश्यकता है. क्योंकि यह बीमारी केवल इलाज से नहीं. बल्कि जन जागरूकता से भी नियंत्रित की जा सकती है. पीएसपी सदस्यों के माध्यम से हमने न केवल दवा दी है. आम नागरिकों को इससे संबंधित अन्य बीमारियों जैसे- मलेरिया, डेंगू और त्वचा संक्रमणों की जानकारी भी दी गई है. इस दौरान सीएचओ कुमारी प्रीति, एएनएम आशा कुमारी, सिफार के बीसी सोनू कुमार, आशा कार्यकताओं में नूरसाबो खातून, भानुमति देवी, नीतू देवी, सुनीता देवी, लालमती देवी और गीता कुमारी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे.

**17 फाइलेरिया मरीजों को दवा सेवन के लिए दी गई 12 दिनों की दवा**

हसनपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार ने बताया कि सहूली स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सीएचओ कुमारी प्रीति ने पीएसपी के सहयोग से 17 फाइलेरिया मरीजों को दवा सेवन के लिए 12 दिनों की दवा दी गई. वहीं इन सभी फाइलेरिया मरीजों को अपने अंगों की साफ- सफाई और देखभाल के लिए विशेष रूप से बताया गया.क्योंकि जब तक मरीज सेल्फ केयर नहीं करेंगे तब तक बीमारी को कम नहीं किया जा सकता है. हालांकि सबसे अहम बात यह है कि फाइलेरिया ग्रसित अंगों की साफ- सफाई रखने से इंफेक्शन का डर नहीं रहता है और सूजन में भी कमी रहती है. रोगी हितधारक मंच के सहयोग से फाइलेरिया मरीजों का दिव्यंगता प्रमाण पत्र के लिए शारीरिक मूल्यांकन कर जल्द ही प्रमाण पत्र दिलाया जाएगा. क्योंकि दीर्घकालिक रूप से फाइलेरिया से प्रभावित मरीजों को सरकारी योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिलाने के लिए दिव्यंगता पत्र का होना अतिआवश्यक है.

## अमृतसर-सहरसा द्विसाप्ताहिक विशेष ट्रेन का 18 फेरों में होगा संचालन

**12 मई से 8 जुलाई तक छपरा व सीवान होकर गुजरेगी ट्रेन**

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए अमृतसर-सहरसा-अमृतसर के बीच विशेष ग्रीष्मकालीन द्विसाप्ताहिक ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह विशेष ट्रेन संख्या 04618/04617 के साथ सीवान व छपरा मार्ग से होकर गुजरेगी। जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गाड़ी संख्या 04618 अमृतसर-सहरसा विशेष ट्रेन का संचालन 12 मई से 08 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक सोमवार व मंगलवार को अमृतसर से किया जाएगा। यह ट्रेन अमृतसर से रात्रि 08:10 बजे रवाना होकर जलंधर सिटी, लुधियाना, अंबाला, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, बरौनी, खगड़िया होते हुए तीसरे दिन तड़के 03:00 बजे सहरसा पहुंचेगी। वहीं वापसी यात्रा में 04617 सहरसा-अमृतसर विशेष ट्रेन 14 मई से 10 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक बुधवार और बृहस्पतिवार को सहरसा से सुबह 05:00 बजे प्रस्थान करेगी और पूर्व के स्टेशनों से होते हुए दूसरे दिन दोपहर 02:00 बजे अमृतसर पहुंचेगी। इस ट्रेन में कुल 20 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें 18 शयनयान (स्लीपर) कोच एवं 2 एस.एल.आर. कोच शामिल होंगे। ट्रेन सीवान और छपरा के यात्रियों के लिए भी विशेष सुविधा का अवसर लेकर आएगी, जिससे ग्रीष्मकालीन यात्रा सुगम और आरामदायक होगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि ट्रेन की समय-सारणी एवं अन्य जानकारी के लिए रेलवे स्टेशन, रेल मदद नंबर 139 या आधिकारिक वेबसाइट पर संपर्क करें।

## जिले के 19 प्रखण्डों के 138 महादलित टोलों में डॉ आंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विकास शिविर का हुआ आयोजन







**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को जिले के19 प्रखण्डों के 138 महादलित टोलों में डॉ आंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत विकास शिविर का आयोजन कर सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित लाभुकों को लाभान्वित किया गया। और उपस्थित लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। गौरतलब हो कि डा० भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर दिनांक 14.04.2025 को माननीय मुख्यमंत्री बिहार श्री नीतीश कुमार के द्वारा डा० अम्बेदकर समग्र सेवा अभियान के तहत सभी पंचायतों में क्रमवार सभी महादलित टोलों में विशेष विकास शिविर का आयोजन किये जाने की योजना का शुभारम्भ किया गया था।उक्त योजना के तहत जिले के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोलों में निवास कर रहे व्यक्तियों को विकास योजनाओं से आच्छादान हेतु जिला के सभी प्रखण्डों में पंचायत स्तर पर दिनांक-26.04.2025 से प्रत्येक सप्ताह बुधवार एवं शनिवार को विशेष विकास शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज बुधवार को जिले के सभी 19 प्रखण्डों में स्थित 138 महादलित टोलों में शिविर आयोजित किया गया।

शिविर से पूर्व प्राप्त कई आवेदनों के आलोक में ऑन स्पॉट निष्पादन भी किया गया।आयोजित शिविर में बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड,मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम तीनों योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा सरकार द्वारा चलाए जा रही योजना सार्वजनिक वितरण प्रणाली से आच्छादन (राशन कार्ड), ई-श्रम कार्ड/बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कल्याण बोर्ड में निबंधन,उज्जवला योजना से आच्छादन,आयुष्मान भारत कार्ड/स्वास्थ्य कार्ड/हेल्थ कैम्प,औपचारिक शिक्षा हेतु विद्यालय में दाखिला, प्रधानमंत्री आवास योजना से आच्छादन, आँगनबाड़ी, वास-भूमि/ बासगीत पर्चा,जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से आच्छादन, सामाजिक सुरक्षा योजनायें,आधार कार्ड निर्माण,बुनियाद केन्द्र से संबंधित योजनायें,कुशल युवा प्रोग्राम /कौशल विकास कार्यक्रम,हर घर नल-जल योजना का आच्छादन,मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता योजना भत्ता,मुख्यमंत्री ग्रामीण पक्की गली- नाली निश्चय योजना,मनरेगा जॉब कार्ड से आच्छादन,प्रधानमंत्री जन-धन योजना / प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना /प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से आच्छादन,बिजली कनेक्शन,जीविका समूह/सतत जीविकोपार्जन योजना से आच्छादन,अनु० जाति एवं अनु० जनजाति टोलों में मुख्यमंत्री टोला सम्पर्क योजना स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/लोहिया स्वच्छता अभियान / सामुदायिक शौचालय / व्यकिगत शौचालय योजनाएं भी शामिल है। रघुनाथपुर प्रतिनिधि के अनुसार बुधवार को प्रखंड के दिघवलिया पंचायत के वार्ड न. 06 पिपरा महादलित टोला में बिहार महादलित विकास मिशन के अंतर्गत विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी अजय कुमार के नेतृत्व में किया गया। मौके पर उपस्थित विकास मित्र दशरथ राम ने लोगो को संबोधित करते हुए आयोजित शिविर के बारे में बताई हुए कहा कि सरकार इस विकास शिविर के माध्यम से पंचायत स्तर पर चलाए जा रहे महात्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सीधे आप तक पहुंचना चाहती है। जिसके लिए इस शिविर का आयोजन हर पंचायत में अलग अलग तिथियों में निर्धारित की है। जो 30 जून तक चलेगा। इस शिविर के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा, जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, बॉस भूमि, बंदोबस्ती, ई श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, नल जल योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वल गैस योजना, कुशल युवा प्रोग्राम, आंगनवाड़ी, बुनियादी केंद्र, मनरेगा, सतत जीविकोपार्जन,स्वच्छ भारत मिशन व ग्रामीण विकास से संबंधित कुल 22 बिंदुओं पर सीधे लाभ आप सभी को दिया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित किशन सलाहकार धर्मात्मा मिश्र ने भी अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के बार में उपस्थित लोगों को बताया और लोगों से अधिक से अधिक शिविर का लाभ उठाने की अपील की। वही उपस्थित कार्यपालक सहायक विवेक कुमार मिश्र ने पंचायत में क्रियाशील लोकसेवा केंद्र (आर टी पी एस) से दी जाने वाली नियमित सेवाओं के बारे में जानकारी देते हुए उपस्थित लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील की। शिविर में स्थानीय लोगों द्वारा अपनी समस्याओं को रखा गया जिसका समाधान का उपाय स्थानीय विभाग के कर्मचारियों ने बताया। मौके पर उपस्थित स्थानीय मुखिया अजय बैठा ने भी शिविर में लोगों को संबोधित करते हुए लोगों को सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित लोगों की कई समस्याओं को भी सुन उनका निपटारा जल्द कराने का आश्वासन दिया। मौके पर स्वस्थ विभाग से अर्चना कुमारी, आंगनबाड़ी सेविका तारा , इंद्र मिश्रा, विकाश मित्र मिथलेश कुमार, टोला सेवक, जीविका के बीपीएम ,आशा दीदी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। इस दौरान प्रखंड के चकरी,बडुआ, गभिरार,खुजवा, कड़सर, सहित कई पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया।

## रेमेडियम लाइफकेयर राइट्स इश्यू को सकारात्मक प्रतिभाव

### पहले दो दिनों में 26 प्रतिशत सब्सक्राइब

**मुंबई, एजेंसी।** रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड का राइट्स इश्यू कंपनी की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण माइल स्टोन है। इस इश्यू को निवेशकों और शेयरधारकों से जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और दूसरे दिन के अंत तक इसे 26.03 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ है। विशेष रूप से, रेमेडियम लाइफकेयर एक तेजी से बढ़ती कंपनी है जो फार्मास्युटिकल उद्योग के लिए आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के हिस्से के रूप में कच्चे माल के व्यापार और वितरण में विशेषज्ञता रखती है। इस इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग रणनीतिक रूप से वैश्विक विस्तार पहलों में तेजी लाने, प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कंपनी के पदचिह्न को मजबूत करने और कार्यशील पूंजी को मजबूत करने और अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं में निवेश करने के लिए किया जाएगा। इससे कंपनी की समग्र वित्तीय स्थिति में सुधार होगा। अपनी बैलेंस शीट को मजबूत करके और परिचालन क्षमताओं को बढ़ाकर, रेमेडियल लाइफकेयर का लक्ष्य अपने निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण दीर्घकालिक मूल्य हासिल करना है। इसके अलावा, इसका लक्ष्य खुद को वैश्विक विशेष रसायन और फार्मास्युटिकल क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी के रूप में स्थापित करना भी है। रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक आदर्श मुंजाल ने कहा कि इस कदम से कंपनी की वित्तीय स्थिति में सुधार होगा और महत्वपूर्ण वृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त होगा। हमारा ध्यान विश्व स्तर पर अपनी उपस्थिति का विस्तार करने और व्यापक बाजार की सेवा के लिए अनुसंधान और विनिर्माण में आगे बढ़ने पर है। यह दृष्टिकोण हमारी दीर्घकालिक स्थिरता और सफलता सुनिश्चित करेगा।

## टेक्सटाइल शेयरों में तूफानी तेजी, 20 प्रतिशत तक उछल गया दाम

**मुंबई।** टेक्सटाइल कंपनियों के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। एसपी अपैरल्स, गोकलदास एक्सपोर्ट्स, अरविंद लिमिटेड, केपीआर मिल और वेलस्पन लिविंग के शेयर बुधवार को 20 पर्सेंट तक उछल गए हैं। भारत और युनाइटेड किंगडम ने मंगलवार को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को अंतिम रूप दे दिया है, इसी के बाद टेक्सटाइल कंपनियों के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। एस पी अपैरल्स लिमिटेड के शेयर बुधवार को 20 पर्सेंट उछलकर 876.10 रुपये पर जा पहुंचे हैं।

डील से टेक्सटाइल इंडस्ट्री को क्या फायदा
भारत-यूके के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट के तहत टेक्सटाइल्स और गारमेंट्स पर 8-12 प्रतिशत यूके इंपोर्ट ड्यूटी को हटा दिया जाएगा। इंपोर्ट ड्यूटी खत्म होने से बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों के मुकाबले भारत का एक्सपोर्ट और प्रतिस्पर्धी होगा। इसे गोकलदास एक्सपोर्ट्स लिमिटेड, केपीआर मिल, अरविंद लिमिटेड, एसपी अपैरल्स और वेलस्पन लिविंग जैसी कंपनियों के लिए पॉजिटिव डिवेलपमेंट के रूप में देखा जा रहा है। एनालिस्ट्स के मुताबिक, यह डील भारतीय कंपनियों को वित्त वर्ष 2027 तक युनाइटेड किंगडम से अपने रेवेन्यू कंट्रीब्यूशंस को दोगुना करने में मदद कर सकती है। 17 प्रतिशत से ज्यादा उछल गए गोकलदास एक्सपोर्ट्स के शेयर
गोकलदास एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के शेयर बुधवार को बीएसई में 17 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 1013 रुपये पर पहुंच गए। कंपनी के शेयर मंगलवार को 852.65 रुपये पर बंद हुए थे। वेलस्पन लिविंग लिमिटेड के शेयर बुधवार को 13 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 138.65 रुपये पर जा पहुंचे।

### अमेरिका 1, चीन 2, जर्मनी 3...

# भारत करने वाला है बड़ा उलटफेर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत 2025 तक जापान को पीछे छोड़ देगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने यह बात कही है। उसके अनुसार, जापान को पछाड़कर भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आईएमएफ के अप्रैल में जारी आंकड़ों में यह बात सामने आई है। भारत की नॉमिनल जीडीपी 4.187 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह जापान के 4.186 ट्रिलियन डॉलर से थोड़ा ही ज्यादा है। 2024 में भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना थी। तब भारत की जीडीपी 3.9 ट्रिलियन डॉलर थी, जबकि जापान की 4.1 ट्रिलियन डॉलर थी। भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। वह अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से आगे निकल गया है। आईएमएफ का अनुमान है कि 2025 में भारत की अर्थव्यवस्था 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। यह पहले के 6.5 प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा कम है। फिर भी भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। भारत की अर्थव्यवस्था में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आईएमएफ के अनुसार, 2025 में यह 6.2 प्रतिशत और 2026 में 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। इसके उलट जापान की अर्थव्यवस्था 2025 में केवल 0.6 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। इससे पता चलता है कि दोनों देशों की आर्थिक स्थिति अलग-अलग है। भारत की तेज ग्रोथ वैश्विक अर्थव्यवस्था को बदल रही है। इससे भारत को अपने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय समकक्षों पर महत्वपूर्ण लाभ मिल रहा है। आईएमएफ के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत घरेलू मांग और अनुकूल



जनसांख्यिकीय रुझानों के कारण आगे भी बढ़ती रहेगी।

### जापान के पीछे जाने के कई हैं कारण

वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता बनी हुई है। व्यापार तनाव और नीतिगत बदलावों का असर कई विकसित अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ा है। इनमें जापान भी शामिल है। जापान की आर्थिक संभावनाओं को बाहरी दबावों से नुकसान हुआ है। अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ का नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। आईएमएफ ने हाल ही में जापान के 2025 के विकास अनुमान को 1.1 प्रतिशत से घटाकर 0.6 प्रतिशत कर दिया है। जापान की आबादी बूढ़ी हो रही है और कार्यबल घट रहा है। ये लंबे समय से चली आ रही संरचनात्मक समस्याएं हैं जो विकास को बाधित कर रही हैं। इन फैक्टर्स के कारण जापान की अर्थव्यवस्था भारत की तुलना में धीमी रफ्तार से बढ़ रही है। भारत का चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में एक बड़े बदलाव का संकेत है। अभी अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान के बाद भारत का नंबर आता है।

## 2030 तक भारत जर्मनी को छोड़ देगा पीछे

आईएमएफ के अनुमान के अनुसार, 2030 तक भारत की अर्थव्यवस्था जर्मनी से 20 प्रतिशत बड़ी हो जाएगी। यह 6.8 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी। यह जापान से 33 प्रतिशत से भी ज्यादा बड़ी होगी। 2020 में भारत ब्रिटेन को पछाड़कर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया था। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष अगले चार वर्षों में अर्थव्यवस्था में 10.1 प्रतिशत की ग्रोथ का अनुमान लगाता है।

आईएमएफ ने अपनी वर्ल्ड इकनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। यह दुनिया की अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से आगे निकल रही है। भारत सरकार ने आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। इन कदमों में बुनियादी ढांचे में निवेश और व्यापार को बढ़ावा देना शामिल है। भारत की अर्थव्यवस्था में ग्रोथ के कई कारण हैं। एक कारण यह है कि भारत की आबादी युवा है और तेजी से बढ़ रही है। दूसरा कारण है कि भारत में एक बड़ा और बढ़ता हुआ मध्यम वर्ग है। तीसरा कारण यह है कि भारत सरकार आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत की अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी से देश के लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। इससे गरीबी कम होगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। भारत की अर्थव्यवस्था में ग्रोथ से देश को वैश्विक मंच पर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में मदद मिलेगी। आईएमएफ का कहना है कि भारत की अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी की रफ्तार आगे भी बनी रहेगी। भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की राह पर है।

# अमेरिका में नौकरी छोड़ी तो सभी को हैरानी

### फिर पत्नी संग खड़ा किया कारोबार, अब सालाना 55 लाख कमाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हैदराबाद के संदीप जोगीपर्ती ने लड्डू के साथ मीठा रिश्ता बनाया है। वह अपनी पत्नी कविता गोपू के साथ लड्डूबॉक्स नाम से स्टार्टअप चलाते हैं। दोनों पहले सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। अमेरिका में नौकरी छोड़कर उन्होंने अपना स्टार्टअप शुरू किया। यह स्टार्टअप गुड़ और खजूर के लड्डू बनाता है। इसकी शुरुआत 2019 में हुई थी। वे लड्डू को एक स्वस्थ विकल्प बनाना चाहते थे। 2022 तक उन्होंने अपना पहला फिजिकल स्टोर भी खोल लिया। आइए, यहां संदीप जोगीपर्ती की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। संदीप जोगीपर्ती सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। वह अमेरिका में अच्छी जिंदगी जी रहे थे। लेकिन, उनका असली सपना कुछ अपना करने का था। 2018 में संदीप अपनी पत्नी कविता गोपू के साथ हैदराबाद लौट आए। वह अपने सपने को सच करना चाहते थे। जब अमेरिका में नौकरी छोड़कर दोनों वापस आए तो कई लोगों को हैरानी भी है। इसके बाद संदीप ने कविता के साथ 2019 में लड्डूबॉक्स नाम की एक कंपनी शुरू की।

### ऐसे आया आइडिया

दरअसल, संदीप को हर बार भोजन करने के बाद कुछ मीठा खाने की आदत थी। एक दिन उनके परिवार ने उन्हें चीनी छोड़कर गुड़ खाने को कहा। तभी उन्हें यह आइडिया आया कि क्यों न ऐसे लड्डू बनाए जाएं जो हेल्दी हों और जिन्हें हर कोई बिना किसी डर के खा सके। उन्होंने अपनी बचत और विश्वास के साथ यह काम शुरू किया। बिजनेस शुरू करने में संदीप की पत्नी ने उनका पूरा साथ दिया।

### 18 तरह के बनाए जाते हैं लड्डू

लड्डूबॉक्स कई तरह के लड्डू बनाता है। इनमें उड़द दाल, नारियल, मल्टीग्रेन, बाजरा और रागी के लड्डू शामिल हैं। रागी के लड्डू में बादाम और अलसी भी होती है। एक लड्डू सिर्फ काजू से भी बनता है। लड्डूबॉक्स के डिब्बे में नौ लड्डू (250) या 24 लड्डू (770) होते हैं। शुरुआत में वे 11 तरह के लड्डू बनाते थे। अब लगभग 18 तरह के लड्डू बनाए जाते हैं।

### अब लाखों की कमाई

कोरोना की दूसरी लहर में संदीप और कविता का बिजनेस धीमा हो गया था। लेकिन, 2021 में दिवाली के दौरान बिजनेस फिर से चल पड़ा। शुरुआत में उन्हें हर महीने 200 ऑनलाइन ऑर्डर मिलते थे। त्योहारों के दौरान उन्हें 400 से 1000 ऑर्डर तक मिलने लगे। लड्डूबॉक्स की सफलता से उत्साहित होकर उन्होंने जुलाई 2022 में अपना पहला फिजिकल स्टोर खोला। पति-पत्नी ने दूसरे हेल्दी स्नैक्स भी बनाने शुरू कर दिए हैं। ये सभी भारतीय परंपरा पर आधारित हैं। लड्डूबॉक्स की सालाना कमाई लगभग 55 लाख रुपये है।

### पाकिस्तान पर हमला होते ही रॉकेट बन गए डिफेंस स्टॉक

# एक ने लगा दी लंबी छलांग




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सेना ने बुधवार को पाकिस्तान में छिपे आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के तहत कार्रवाई की। इसके बाद बुधवार को डिफेंस कंपनियों के शेयरों में तेजी आई। जिन जगहों से भारत पर आतंकी हमले हो रहे थे, भारतीय सेना ने उन जगहों पर कार्रवाई की। ये जगहें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में थीं। इस खबर के बाद बुधवार को कई डिफेंस कंपनियों के शेयर बढ़ गए। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के शेयर 4 प्रतिशत तक बढ़ गए। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयर करीब 2 प्रतिशत बढ़कर 4,589 रुपये पर पहुंच गए। इनके अलावा कोचीन शिपयार्ड, भारत डायनामिक्स, डाटा पैटर्न, अस्त्र माइक्रोवेव, पारस डिफेंस आदि के शेयर में भी तेजी आई।

### किस शेयर में कितनी तेजी

मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के शेयर बुधवार को तेजी के साथ खुले और कुछ ही देर में 4.68 फीसदी की तेजी के साथ 3107.55 रुपये पर पहुंच गए।

# तीन फीसदी से नीचे आ सकती है खुदरा महंगाई, खाद्य कीमतों में गिरावट बेहतर प्रबंधन का नतीजा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऊंची ब्याज दरों से राहत मिलने के बाद अब आम लोगों को महंगाई से भी राहत मिल सकती है। बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल के आंकड़ों में खुदरा महंगाई की दर तीन फीसदी से नीचे जा सकती है। इसके आंकड़े अगले हफ्ते जारी होंगे। पिछले कुछ समय से खाद्य वस्तुओं खासकर दालों और सब्जियों के भाव में भारी गिरावट आई है जिसका असर खुदरा महंगाई पर दिखेगा। रिपोर्ट के अनुसार, खुदरा महंगाई में कमी से आरबीआई को दरों में कटौती का और अवसर मिलेगा। जून में होने वाली बैठक में रेपो दर में ज्यादा कटौती हो सकती है। टमाटर, प्याज और आलू उत्पादक राज्यों में गर्मी में कमी आई है। टमाटर की खुदरा कीमत अगस्त, 2024 के बाद से सबसे कम हो गई है। यह अप्रैल, 2025 में सालाना आधार पर 34.4 प्रतिशत कम हो गई है। आलू और प्याज की कीमतें अप्रैल, 2025 में सालाना आधार पर क्रमशः 11 प्रतिशत और 5.7 प्रतिशत घटी हैं।

**चावल की खुदरा कीमत 4.1 प्रतिशत घटी-** चावल की खुदरा कीमत मार्च की तुलना में अप्रैल में 4.1 प्रतिशत की घटी है। हालांकि, खाद्य तेलों की कीमतों में तेजी आई हैं, पर यह खुदरा महंगाई को प्रभावित करने की स्थिति में नहीं हैं। टमाटर, प्याज और आलू की आवक में जबरदस्त से कीमतों में गिरावट है।

# 31 मई तक अकाउंट में रखिए 436 रुपये... बैंक भेज रहे ग्राहकों को मैसेज



**मुंबई, एजेंसी।** अगर आप प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) से जुड़े हैं तो ये खबर आपके काम की है। दरअसल, इस योजना की डेडलाइन 31 मई को खत्म हो रही है। इसके बाद आप प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के ग्राहक नहीं रह जाएंगे। अगर आगे भी इससे जुड़े रहना चाहते हैं तो आपको 31 मई तक अपने बैंक अकाउंट में 436 रुपये रखने होंगे। इस संबंध में बैंक अपने ग्राहकों को मैसेज भी भेजने लगे हैं। आइए डिटेल में योजना के बारे में जान लेते हैं।

### क्या है डिटेल

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) साल 2015 में शुरू की गई थी, जो ग्राहकों को 2 लाख रुपये तक का बीमा कवर देती है। योजना का प्रीमियम एक साल की अवधि के लिए होता है। यह अवधि जैसे ही खत्म होती है, एक बार फिर से प्रीमियम जमा करना होता है। इसी के बाद ग्राहकों को बीमा कवर मिल पाता है। योजना एक साल की जीवन बीमा योजना है जो किसी भी कारण से होने वाली मृत्यु को कवर करती है।

### कौन लोग हैं पात्र

योजना के लिए पात्र 18-50 वर्ष के आयु वर्ग के व्यक्ति हैं। 50 वर्ष की आयु पूरी करने से पहले योजना में शामिल होने वाले लोग नियमित प्रीमियम के भुगतान पर 55 वर्ष की आयु तक लाइफ के रिस्क को जारी रख सकते हैं। इस योजना के लिए प्रीमियम 436 रुपये प्रति वर्ष है, जिससे 2 लाख रुपये का लाइफ कवर मिलता है। बता दें कि योजना के तहत नामांकन खाताधारक के बैंक की शाखा/बीसी पॉइंट या बैंक की वेबसाइट पर जाकर या डाकघर बचत बैंक खाते के मामले में डाकघर में किया जा सकता है। योजना के तहत प्रीमियम ग्राहक के बैंक खाते से हर साल ऑटो डेबिट किया जाता है।

## 90 के शेयर पर टूट पड़े निवेशक, खरीदने की लूट

मुंबई, एजेंसी। भारत सीट्स लिमिटेड के शेयर आज बुधवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर में बुधवार, 7 मई को 20 प्रतिशत का अपर सर्किट लग गया। इसी के साथ यह शेयर 90.60 रुपये पर पहुंच गया। शेयरों में इस तेजी के पीछे मार्च तिमाही के बंपर नतीजे हैं। दरअसल, मार्च तिमाही के दौरान भारत सीट्स का मुनाफा 42.5 प्रतिशत बढ़कर 11.4 करोड़ हो गया, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 8 करोड़ था।

**रेवेन्यू में भी बढ़ोतरी-** कंपनी का रेवेन्यू साल-दर-साल आधार पर 41.4 प्रतिशत बढ़कर 393 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले समान तिमाही में यह 278 करोड़ रुपये था।

ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की आय 23 करोड़ रही, जो पिछले साल के 17 करोड़ से 34 प्रतिशत अधिक है।

# टैरिफ का असर: 58 कंपनियों ने आईपीओ लाने की योजना टाली; इश्यू लाने के लिए सेबी के पास आवेदन में आई भारी गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी टैरिफ के कारण वैश्विक बाजार में मचे उथल-पुथल के कारण देश की 58 कंपनियों ने प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम यानी आईपीओ लाने की योजना टाल दी है। इन सबको पूंजी बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल चुकी है। अगर अगले कुछ महीनों में यह कंपनियां बाजार में नहीं आती हैं तो मंजूरी खत्म हो जाएगी और नए सिरे से इनको आवेदन करना होगा। तीन बड़े आईपीओ एलजी, एंथम बायोसाइंसेज व अवांस फाइनेंशियल ने योजना टाल दी है। अवांस को अक्तूबर, 2024 में, एंथम को 3 अप्रैल और एलजी को इस साल मार्च में मंजूरी मिली थी। एलजी 15,000 करोड़ जुटाना चाहती है। अवांस 3,061 करोड़ व एंथम 3,404 करोड़ जुटाना चाहती है। दक्षिण कोरियाई कंपनी एलजी के मुख्य वित्तीय अधिकारी किम चांग ताए के अनुसार, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का इश्यू तभी आएगा, जब बाजार की स्थितियां सही मूल्यांकन और तालमेल सुनिश्चित करेंगी। शुरू में आईपीओ मई में आने की उम्मीद थी, लेकिन अब कंपनी अगस्त के बाद लाने की योजना बना रही है। वैश्विक अनिश्चितता को देखते हुए इस समय चुनिंदा संस्थागत निवेशक ही निवेश को तैयार हैं। यह रुझान इस बात का संकेत है कि वैश्विक व्यापार युद्ध व देशों के बीच तनावों ने आर्थिक दृष्टिकोण को धुंधला कर दिया है।




### एथर की खराब शुरुआत छह फीसदी टूटा शेयर

करीब 3,000 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने वाली एथर एनर्जी की खराब शुरूआत रही। मंगलवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर इसका शेयर 302 रुपये पर बंद हुआ। यह इश्यू भाव 321 रुपये की तुलना में 5.76 फीसदी कम है। दिन में यह 332 रुपये तक गया था। कंपनी ने इश्यू का आकार 44 फीसदी घटा दिया था।



# मेट गाला में रिहाना ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप

मेट गाला में रिहाना के स्टाइलिश लुक के साथ प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ा सरप्राइज रहा। रिहाना ने रेड कार्पेट पर ग्रे ब्लैक टू-पीस आउटफिट में शानदार एंट्री की। इस लुक में सिंगर का बेबी बंप भी साफ दिखाई दिया। एक्ट्रेस की ये गुड न्यूज जानकर उनके फैंस बेहद खुश है और सोशल मीडिया पर अब चारों ओर अब रिहाना के ही चर्चे हो रहे हैं। 37 साल की रिहाना का यह तीसरा बच्चा है।

### तीसरे बच्चे की मां बनने वाली हैं रिहाना

सिंगर रिहाना ने न्यूयॉर्क में मेट गाला के रेड कार्पेट पर पुष्टि की कि वह अपने तीसरे बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। रिहाना, जिनका असली नाम रोबिन फेंटी है, ने गहरे नीले फूलों से सजी ड्रेस में अपने पेट को सहलाते हुए मुस्कुराईं। उनके साथी रैपर-क्क्र रॉकी, जिनका असली नाम रकीम मेयर्स है, ने भी खुशी जताई और बधाई देने वालों का धन्यवाद किया। इस जोड़े के पहले से दो बेटे हैं–आर.जेड.ए. (जन्म मई 2022) और रायट (जन्म अगस्त 2023)।एक खबर के मुताबिक, रिहाना ने कहा, अब समय आ गया है कि लोगों को दिखाया जाए कि हम क्या तैयार कर रहे हैं। रॉकी ने कहा, हम बहुत खुश हैं और सबके प्यार के लिए आभारी हैं।



## भारतीय सेलेब्स को ट्रोल करने वालों को जान्हवी का करारा जवाब

बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने उन नेटिजन्स पर कड़ी प्रतिक्रिया दी, जो 'मेट गाला' में बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए भारतीय सेलेब्स को ट्रोल कर रहे थे। 'मेट गाला 2025' में शाहरुख खान, कियारा आडवाणी, दिलजीत दोसांझ, प्रियंका चोपड़ा और कई अन्य सेलेब्स शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद इंटरनेट पर कुछ लोगों ने इसे मेट का चांदीवेलिफिकेशन (चांदीकरण) कहा। मशहूर फैशन समीक्षक डाइट सब्या ने अपने पोस्ट में इस तरह के कमेंट पर सवाल उठाए। इस मुद्दे पर जान्हवी कपूर ने भी अपनी राय रखते हुए भारतीय सेलेब्स की उपस्थिति पर सवाल उठाने वालों की आलोचना की। जान्हवी ने कमेंट करते हुए लिखा, 'यह सही समय था। हमारे आर्टिस्ट और डिजाइनर दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं, वह मेट जैसे वैश्विक मंच पर सुर्खियों के हकदार हैं। हमारे आइकन भी हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा, 'क्या हमें इस बात पर खुश नहीं होना चाहिए कि हमें आखिरकार अपना हक मिल रहा है, बजाय इसके कि हम इस बात पर दुखी हों कि इस मंच पर अपने ही लोगों को देखकर यह थोड़ा कम महत्वाकांक्षी लग रहा है? क्या मैं कह सकती हूं कि हमारी ड्रेस सबसे शानदार थी। दशकों से हमारे आर्टिस्ट के काम को हमारे देश से निर्यात किया जाता रहा है और बिना किसी क्रेडिट के वैश्विक मंचों पर रखा जाता रहा है। दशकों से उन्होंने हमारे कपड़े, हमारी कढ़ाई, हमारे वस्त्र, हमारे आभूषण उधार लिए हैं और इसे एक ऐसी रचना के रूप में प्रस्तुत किया है, जिसके वे असली मालिक हैं। मुझे खुशी है कि हमारे लोगों को आखिरकार हमारे काम और विरासत का इतना प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल रहा है। कुछ भी हो मेट में हमारे कलाकारों और परिधानों को देखकर मुझे जो गर्व की अनुभूति हुई, उसने पूरे मेट को और भी जादुई बना दिया।

# करण जौहर ने सुहाना खान को लेकर किया दिलचस्प खुलासा

फिल्म निर्माता-निर्देशक करण जौहर हमेशा से ही नए टैलेंट को अपनी फिल्मों में मौका देते आए हैं, लेकिन इस बात करण अपनी फिल्म की एक्ट्रेस को लेकर नहीं बल्कि शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान के टैलेंट की तारीफ करते नजर आए। बातों ही बातों में करण ने फिल्म किंग से एक खास बात से भी पर्दा उठा दिया। आइए जानते हैं फिल्म किंग से जुड़ा किस्सा....

### करण ने की सुहाना की तारीफ

एक खबर के मुताबिक, करण जौहर ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सुहाना खान की तारीफ की, जो जल्द ही फिल्म किंग से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाली हैं। करण ने राज शमनी के पॉडकास्ट में कहा कि सुहाना बहुत प्रतिभाशाली हैं और उनका अभिनय देखने लायक होगा। उन्होंने सुहाना की फिल्में देखी हैं और उनके काम से प्रभावित हैं। करण ने यह भी कहा कि उनकी तारीफ खान परिवार से रिश्ते की वजह से नहीं, बल्कि सुहाना की मेहनत और प्रतिभा के कारण है।

### फिल्म किंग को लेकर किया खुलासा

करण का मानना है कि सुहाना की असली प्रतिभा किंग में सबके सामने आएगी। फिल्म किंग का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है, जिसमें सुहाना के साथ उनके पिता शाहरुख खान और अभिषेक बच्चन भी नजर आएंगे। इस फिल्म में शाहरुख एक डॉन की भूमिका में होंगे, जो सुहाना का गुरु बनेगा। सुहाना इससे पहले नेटफ्लिक्स की फिल्म द आर्चीज में नजर आ चुकी हैं, जो एक म्यूजिकल फिल्म थी।

## छह साल बाद कोवई सरला करेंगी टॉलीवुड में वापसी, ओटीटी वेब सरीज देविका एंड डैनी में आएंगी नजर

लोकप्रिय कॉमेडियन कोवई सरला अब जल्द ही छह सालों बाद ओटीटी में लौटने के लिए तैयार हैं। वह जल्द ही देविका एंड डैनी में नजर आएंगी, जिससे उनके फैंस के बीच खुशी की लहर दौड़ रही है। तमिल सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री कोवई सरला, जो तेलुगु फिल्मों में अपनी हास्य भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं, वह अब पूरे छह सालों बाद टॉलीवुड में वापसी कर रही हैं। वह जल्द ही ओटीटी वेब सीरीज देविका एंड डैनी में अपनी शानादार कॉमोडी से दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार हैं।



### देविका एंड डैनी से करेंगी वापसी

देविका एंड डैनी एक आगामी वेब सीरीज है। देविका एंड डैनी में कोवई सरला और रितु वर्मा महत्वपूर्ण भूमिकाओं में साथ नजर आएंगी। इस सीरीज में शिवा कंडुकुरी और सूर्य वशिष्ठ भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। हाल ही में इसका पहला पोस्टर जारी हुआ। कोवई सरला की कॉमेडियन ब्रह्मानंदम के साथ जोड़ी को तेलुगु दर्शकों ने खूब पसंद किया है। दोनों ने अक्सर एक जोड़े की भूमिका निभाकर दर्शकों को हंसाया है। फैंस को पूरी उम्मीद है कि कोवई सरला इस वेब सीरीज के साथ शानदार वापसी करेंगी।



### 'बिग बॉस 17' फेम अभिनेत्री, कहा-

# इस इंडस्ट्री ने मुझे सांस नहीं लेने दी

'बिग बॉस 17' से मशहूर होने वाली अभिनेत्री सोनिया बंसल अब एक्टिंग छोड़ सकती हैं। अभिनेत्री ने अब तक पांच फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री के पास काम और पैसा तो है, लेकिन वह अपने जीवन में शांति की कमी का अनुभव कर रही हैं। अभिनेत्री ने यह भी साझा किया कि वह एक लाइफ कोच बनना चाहती हैं।

### जीवन में शांति की कमी

अभिनेत्री ने हाल ही में बातचीत में साझा किया कि उनके पास सब-कुछ होने के बाद भी जीवन में शांति की कमी है। उन्होंने कहा, 'हम दूसरों के लिए सब कुछ करने में इतने व्यस्त हैं कि हम खुद को भूल जाते हैं। मुझे एहसास हुआ कि मैं अब यह भी नहीं जानती कि मेरा असली उद्देश्य क्या है। परफेक्ट बनने, प्रासंगिक बने रहने और ज्यादा कमाने की इस दौड़ में, मैंने खुद को खो दिया।' अभिनेत्री ने आगे कहा, 'पैसा, शोहरत, लोकप्रियता सब कुछ मेरे पास था। जो मेरे पास नहीं था वह थी शांति। और अगर आप शांति में नहीं हैं तो आप पैसे का क्या करेंगे? आपके पास बाहरी रूप से सब कुछ हो सकता है, लेकिन अगर आप अंदर से खाली हैं, तो यह बहुत ही अंधकारमय जगह है।'

### कौन हैं सोनिया बंसल?

सोनिया बंसल 'बिग बॉस 17' के घर से बेदखल होने वाली पहली प्रतियोगी थीं। साल 2019 में उन्होंने फिल्म 'नॉटी गैंग' से अपने अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद वह 'डुबकी', 'गेम सौ करोड़ का', 'शूरवीर' और 'धीरा' जैसी फिल्मों में नजर आईं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वह 'यह बॉस' की शूटिंग कर रही हैं, जो इंडस्ट्री छोड़ने से पहले उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है।

### लाइफ कोच बनना चाहती हैं अभिनेत्री

सोनिया ने यह भी साझा किया कि वह अब एक स्पिरिचुअल हीलर और लाइफ कोच बनना चाहती हैं। अभिनेत्री ने कहा, 'मैं गहराई से अध्ययन करना चाहती हूं कि मैं वास्तव में जीवन में क्या चाहती हूं? इस इंडस्ट्री ने मुझे पहचान तो दी, लेकिन इसने मुझे शांति नहीं दी। इसने मुझे सांस लेने नहीं दिया। मैं अब और दिखावा नहीं करना चाहती। मैं अपने लिए, अपने आप में जीना चाहती हूं और एक लाइफ कोच और स्पिरिचुअल हीलर बनना चाहती हूं।' सोनिया ने आगे कहा, 'आप कभी नहीं जानते कि आपका जीवन कब बदल जाएगा? आप कभी नहीं जानते कि मौत कब दस्तक दे सकती है? और अगर हमने तब तक सच्चाई से जीवन नहीं जिया है, तो इस पूरे सफर का क्या मतलब है?'

### 5 साल बाद छोटे पर्दे पर वापसी को तैयार गौरव चोपड़ा

# पुष्पा इम्पॉसिबल में आएंगे नजर



अभिनेता गौरव चोपड़ा पांच साल के ब्रेक के बाद छोटे पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। अभिनेता सोनी सब चैनल के पुष्पा इम्पॉसिबल में एक वकील के किरदार में नजर आएंगे। शो में उनका नाम राजवीर शास्त्री है, जो तेज और दमदार वकील है। शो में राजवीर शास्त्री की एंट्री के साथ कहानी एक नया और मनोरंजक मोड़ लेगी। अपनी शानदार अदालती दलीलों के लिए प्रसिद्ध राजवीर का सफल करियर एक केस में फंसकर बर्बाद हो जाता है, जिसका असर उसकी निजी जिंदगी को भी तहस-नहस कर देता है। यही नहीं, उसकी पत्नी और बेटी के साथ भी उसका रिश्ता खराब हो जाता है। धोखे और पछतावे से ग्रस्त वह अपने दुख और गुस्से को छिपाने के लिए शराब पीने लगता है और जो उसकी आदत हो गई है। उसका विश्वास लोगों पर से खत्म हो जाता है। हालांकि, जब पुष्पा उसकी जिंदगी में आती है तो सब कुछ बदलने लगता है। पुष्पा की एनर्जी और नजरिए से उसे नया रास्ता मिलता है। शो में अपनी भूमिका के बारे में गौरव ने बताया, जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मुझे राजवीर का व्यवहार आकर्षक लगा। वह प्रतिभाशाली है, मगर अंदर से टूटा हुआ इंसान है। हालांकि, उसकी जिंदगी का सफर दर्द से भरा हुआ है। गौरव ने आगे कहा, एक अभिनेता के रूप में मैं उन भूमिकाओं के लिए जीता हूं, जो मुझे चुनौती देती हैं और नए रास्ते तलाशती हैं। राजवीर शास्त्री के किरदार में वह सब है। अभिनेता ने बताया कि शो में उनके को-एक्टर्स भी कमाल हैं। करुणा पांडे के साथ काम करने का अनुभव आपमें सकारात्मकता जोड़ता है। वह पुष्पा में शानदार तरीके से अभिनय करती हैं। उनकी एनर्जी हर सीन को बेहतरीन बनाती है। अभिनेता ने शो के लिए निर्माताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा, इस तरह की मजबूत भूमिका के लिए मैं निर्माताओं का आभारी हूं और दर्शकों के सामने आने के लिए उत्साहित हूं। 'पुष्पा इम्पॉसिबल' सोमवार से शनिवार रात 9 बजे सोनी सब चैनल पर प्रसारित होगा।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' के बीच मनोज मुंतशिर ने पाकिस्तान से कहा-

# 'औकात में रहो'



पाकिस्तान पर भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' को सलाम करते हुए गीतकार-लेखक मनोज मुंतशिर ने पाकिस्तान को खूब खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक क्लिप शेयर करते हुए कहा कि कुल चार युद्ध हुए और पाक हमसे कभी जीत नहीं सका, तो मैं कह सकता हूं कि उन्हें औकात में रहना चाहिए। इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो क्लिप शेयर करते हुए मनोज मुंतशिर ने लिखा, औकात में रहो। वहीं, वीडियो में वह कहते नजर आए, मैं एक बात सोचता हूं कि पाकिस्तान ने पूरे इतिहास में हमसे कुल चार युद्ध लड़े और चारों हमसे हार गए। तो वो जो मेडल लटकाए चलते हैं, वो क्या कैंडी क्रश गेम खेलकर जीते हैं? आटा मांगने के लिए लाइन लगाते हैं, लेकिन चाहिए उन्हें कश्मीर। पड़ोसी मुल्क पर तंज कसते हुए मुंतशिर ने उन्हें सलाह भी दे दी। उन्होंने आगे कहा, मैं उन्हें एक मशवरा दे देता हूं कि इस दुनिया में रहने के लिए एक से बढ़कर एक जगह हैं, लेकिन अच्छा ये है कि औकात में रहो। इससे पहले मनोज मुंतशिर ने ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीर शेयर करते हुए भारतीय सेना के शौर्य को सलाम किया। उन्होंने तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, जय हिंद, जय हिंद की सेना। देश के मुद्दों को लेकर मुखर रहने वाले मनोज मुंतशिर ने 25 अप्रैल को एक पोस्ट शेयर कर पहलगाम हमले को लेकर देशवासियों से मार्मिक अपील की थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो जारी करके उन्होंने लोगों से इस घटना को न भूलने की अपील की थी।

भारत-पाक सीमा विवाद के बीच

# विदेशी खिलाड़ियों के पीएसएल छोड़ने पर पीसीबी ने कहा तय कार्यक्रम जारी रहेंगे




**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को दावा किया कि कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत के साथ बढ़ते सीमा पार तनाव के बावजूद पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) तय कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेगी।

भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा के गढ़ शामिल हैं। ये हमले पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए किए गए जिसमें 26 लोग मारे गए थे।


बोर्ड के एक अधिकारी ने भी पुष्टि की कि भू-राजनीतिक स्थिति के कारण अभी तक किसी भी विदेशी खिलाड़ी ने लीग छोड़ने का कोई अनुरोध नहीं किया है। लीग में शामिल छह फ्रेंचाइजी के कम से कम तीन मीडिया मैनेजरों ने कहा कि अभी तक उनकी टीमों के किसी भी विदेशी खिलाड़ी ने लीग छोड़ने का अनुरोध नहीं किया है।

लीग में प्रत्येक फ्रेंचाइजी के दल में पांच-छह विदेशी खिलाड़ी हैं। पीसीबी ने कहा कि इस्लामाबाद यूनाइटेड और क्वेटा ग्लैडिएटर्स के बीच होने वाला मैच रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में होगा।

आईपीएल2025

# पंजाब किंग और मुंबई मैच पर संकट

## धर्मशाला से बाहर स्थानांतरित होने की संभावना



**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के पंजाब किंग्स बनाम मुंबई इंडियंस मैच को धर्मशाला स्थित हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम से स्थानांतरित किए जाने की संभावना है। पंजाब और मुंबई के बीच मैच रविवार 11 मई को होगा।

भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल है। यह कार्रवाई पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में की गई जिसमें 26 लोग मारे गए थे और अधिकांश पर्यटक थे। इसी के साथ ही भारत-पाक के बीच तनाव की स्थिति के कारण हवाई अड्डों को बंद कर दिया गया है जिससे दोनों टीमों की यात्रा प्रभावित होना तय है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक पंजाब किंग्स बनाम मुंबई इंडियंस मैच धर्मशाला से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में स्थानांतरित करने के बारे में चर्चा हो रही है। पंजाब और मुंबई के बीच होने वाले मैच के लिए मुंबई के खिलाड़ियों के लिए वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था की तलाश भी जारी है क्योंकि पंजाब दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के लिए पहले से ही धर्मशाला में है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अभी तक इस बारे में आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी है जिससे यह कहा जा सकता है कि आईपीएल का शेड्यूल जैसा चल रहा है वैसे ही चलेगा।




# मिशेल ओवेन को पंजाब किंग्स में मिली जगह

## चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह टीम में शामिल हुए

**धर्मशाला (एजेंसी)।** चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिशेल ओवेन को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के शेष सत्र के लिए पंजाब किंग्स की टीम में शामिल किया गया है। पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने 23 वर्षीय ओवेन का टीम में स्वागत करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि हम सभी इस सत्र के अंतिम चरण के लिए मिशेल ओवेन को अपनी टीम में शामिल करके बहुत खुश हैं। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जिसे मैंने पिछले 12 महीनों में बहुत करीब से देखा है। वह ऐसा खिलाड़ी है जो अलग-अलग क्रम पर बल्लेबाजी कर सकता है और साथ ही कुछ बहुत ही उपयोगी मध्यम गति की गेंदबाजी भी कर सकता है। मैं उसे टीम का हिस्सा बनाकर वास्तव में उत्साहित हूं और जल्द से जल्द उसके यहां आने का इंतजार कर रहा हूं। तीन करोड़ रुपए में पंजाब किंग्स में शामिल हुए ओवेन ने 34 टी20 मैचों में कुल 646 रन बनाए हैं और 10 विकेट लिए हैं। उनके नाम दो शतक भी हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 108 है। टीम में शामिल होने पर ओवेन ने कहा, 'मैं पंजाब किंग्स में शामिल होने का अवसर पाकर वास्तव में उत्साहित हूं। पंजाब किंग्स के मुख्य कार्यकारी सतीश मेनन ने कहा, ''हमें विश्वास है कि मिच ओवेन के पास आईपीएल में कामयाब होने के लिए कौशल और स्वभाव है।

# 'एकता में निडर, शक्ति में असीम', आपरेशन सिंदूर की भारतीय खिलाड़ियों ने सराहना की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए भारतीय सेना के 'आपरेशन सिंदूर' की भारतीय खेल जगत ने सराहना की है और चैम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने तो कहा, 'एकता में निडर, शक्ति में असीम। भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तड़के पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 9 आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए,




जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल है। यह कार्रवाई पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में की गई जिसमें 26 लोग मारे गए थे और अधिकांश पर्यटक थे।

तेंदुलकर ने 'एक्स ' पर लिखा, 'एकता में निडर, शक्ति में असीम। भारत की ढाल उसके लोग हैं। दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। हम एक टीम हैं। जय हिंद।


पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने लिखा, 'अगर कोई आप पर पत्थर फेंके तो उस पर फूल फेंको लेकिन गमले के साथ। जय हिंद।

पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ने लिखा, 'भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की।

पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान और ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने कहा, 'जय हिंद। ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह और पहलवान योगेश्वर दत्त ने भी इसकी सराहना की। विजेंदर ने लिखा, 'भारत माता की जय। योगेश्वर ने लिखा, 'आतंकवाद अब बर्दाश्त नहीं करेगा भारत। जय हिंद, जय जवान। शतरंज खिलाड़ी विदित गुजराती ने लिखा, 'मुझे खुशी है कि भयानक पहलगाम हमले के बाद भारत ने आपरेशन सिंदूर के जरिये माकूल जवाब दिया। आतंकवाद का जवाब दिया ही जाना चाहिए। आपरेशन का कितना सुंदर नाम। भारत माता की जय।

# हार्दिक पांड्या और आशीष नेहरा ने किया आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन, लगा भारी जुर्माना

**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 56 मैच के दौरान धीमे ओवर रेट के लिए मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या और उनकी पूरी टीम तथा गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मंगलवार रात वानखेड़े स्टेडियम में मुम्बई इंडियंस और गुजरात टाइटन्स के बीच खेले गये मैच में धीमी ओवर गति के लिए हार्दिक पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सीजन का दूसरा अपराध है इसलिए पांड्या पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। इम्पैक्ट प्लेयर और कन्कशन सब्सटीट्यूट सहित मैच खेल रही टीम के सभी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से छह लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया।



वहीं गुजरात टाइटन्स के मुख्य कोच आशीष नेहरा पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट अंक भी मिला है। उन्होंने अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार करते हुए मैच रेफरी की सजा को स्वीकार कर लिया।

खेलो इंडिया गेम्स 2025

# साइक्लिंग ट्रैक पर चला हर्षिता जाखड़ का जलवा, सुहानी ने रच दिया बिहार का इतिहास

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान की हर्षिता जाखड़ ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 बिहार के साइक्लिंग मुकाबलों के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। 18 वर्षीय हर्षिता ने 500 मीटर टाइम ट्रायल और 7.5 किमी स्क्रैच रेस में दबदबे के साथ जीत हासिल की। राजस्थान की हर्षिता जाखड़ ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 बिहार के साइक्लिंग मुकाबलों के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। 18 वर्षीय हर्षिता ने 500 मीटर टाइम ट्रायल और 7.5 किमी स्क्रैच रेस में दबदबे के साथ जीत हासिल की। हर्षिता, जिन्होंने 2025 जूनियर ट्रैक एशियन साइक्लिंग चैंपियनशिप में चार पदक जीते थे और टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप में जगह बनाई थी, ने 500 मीटर टाइम ट्रायल में 38.631 सेकंड का समय निकालकर महाराष्ट्र की आकांक्षा म्हात्रे (38.742) और तमिलनाडु की एस थबीथा (39.454) को पीछे छोड़ा।

दिन की शुरुआत में, हर्षिता ने 7.5 किमी स्क्रैच रेस में 11:50.973 के समय के साथ बिहार की सुहानी कुमारी को पछाड़ते हुए पहला स्वर्ण पदक जीता। सुहानी ने 11:51.558 में रजत और म्हात्रे ने 11:51.649 में कांस्य पदक जीता। हर्षिता ने पदक वितरण के बाद कहा, मैं अपने चचेरे भाई आदित्य जाखड़ के साथ स्वर्ण जीतकर खुश हूं।



मेजबान बिहार ने सुहानी कुमारी की 7.5 किमी स्क्रैच रेस में रजत और टीम स्प्रिंट में दूसरा रजत जीतकर पदक खाता खोला। टीम में अमृता कुमारी, शालिनी कुमारी और सुहानी शामिल थीं। सुहानी (17) ने कहा, पहले दिन बिहार के लिए दो पदक जीतना मेरे लिए गर्व की बात है। मुझे खुशी है कि मैंने हमारे खाते की शुरुआत की। हमारी जीत सभी को प्रेरित करे। हमने अच्छी ट्रेनिंग की और प्रतियोगी बहुत अच्छे हैं। उनके साथ खेलना नया अनुभव है। टाइम ट्रायल (1000 मीटर): 1. आदित्य जाखड़ (राजस्थान) 1:06.675; 2. साहिब प्रताप सिंह सरकारिया (राजस्थान) 1:08.644; 3. जी साई चरण यादव (तेलंगाना) 1:09.056

**स्क्रैच रेस (10 किमी)-** 1. सिद्धेश सरजेराव घोरफड़े (महाराष्ट्र) 13:26.584; 2. महावीर सारण (राजस्थान) 13:26.601; 3. थौनाओजम ज्ञानंता सिंह (मणिपुर) 13:27.933

**टीम स्प्रिंट (3 लैप)-** फाइनल: झारखंड (अर्जुन कुमार, निखिल लोहरा, बिकाश उरांव) 48.868 ने मणिपुर (कोंथौजम लांचेनबा सिंह, थौनाओजम ज्ञानंता सिंह, हुईड्रोम सूरज सिंह) 50.156 को हराया; कांस्य: अंडमान-निकोबार (माइकल, रोनी माइसलाप, चेम्बरलाइन) 50.471 ने राजस्थान (दिनेश गट, आदित्य जाखड़, ओमप्रकाश गट) 50.648 को हराया

**लड़कियां** - टाइम ट्रायल (500 मीटर): 1. हर्षिता जाखड़ (राजस्थान) 38.631; 2. आकांक्षा म्हात्रे (महाराष्ट्र) 38.742; 3. एस थबीथा (तमिलनाडु) 39.454

**स्क्रैच रेस (7.5 किमी)-** 1. हर्षिता जाखड़ (राजस्थान) 11:50.973; 2. सुहानी कुमारी (बिहार) 11:51.558; 3. आकांक्षा म्हात्रे (महाराष्ट्र) 11:51.649

**टीम स्प्रिंट (3 लैप)-** फाइनल: झारखंड (सबिना कुमारी, संजू कुमारी, सिंधु लता हेम्ब्रम) 56.283 ने बिहार (अमृता कुमारी, शालिनी कुमारी, सुहानी कुमारी) 57.606 को हराया; कांस्य: तमिलनाडु (जयज्योत्सना, जे निरलमाथी, एस थबीथा) 57.614 ने महाराष्ट्र (आकांक्षा म्हात्रे, श्रावणी कसर, असावरी अनिल राजमाने) 58.069 को हराया।

# हार्दिक पांड्या ने बनाया शर्मनाक रिकॉर्ड, ये प्लेयर्स भी कर चुके हैं ऐसा

**मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ एक ओवर में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा गेंद फेंकने का शर्मनाक रिकॉर्ड बनाया। गुजरात ने 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए हार्दिक ने आठवें ओवर में गेंदबाजी की। उन्होंने दो नो-बॉल और तीन वाइड गेंदें फेंकी, जिससे उनके छह गेंदों के ओवर में 11 गेंदें हो गईं और उन्होंने 18 रन दिए।



यह आईपीएल इतिहास में एक ओवर में किसी गेंदबाज द्वारा फेंकी गई संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा गेंदें हैं। अब वह ऐसा करने वाले पांचवें खिलाड़ी हैं। इससे पहले मोहम्मद सिराज, तुषार देशपांडे, शार्दुल ठाकुर और संदीप शर्मा ऐसा कर चुके हैं। उन्होंने अपने ओवर की शुरुआत तीन गेंदों से की और फिर लगातार वाइड गेंदें फेंकी और फिर नो-बॉल फेंकी। वाइड और नो-बॉल की कहानी तब तक जारी रही जब तक गिल ने ओवर की आठवीं गेंद (चौथी वैध गेंद) पर छक्का नहीं जड़ दिया। हार्दिक ने एक बार फिर वाइड गेंद फेंकी और डॉट बॉल के साथ अपने ओवर का समापन किया, जिससे उनके ओवर में 18 रन बने।

## आईपीएल में एक ओवर में सबसे ज़्यादा गेंदें फेंकने वाले खिलाड़ी

11 गेंदें मोहम्मद सिराज बनाम एमआई बेंगलुरु 2023 (ओवर -19)
11 गेंदें तुषार देशपांडे बनाम एलएसजी चेन्नई 2023 (ओवर -4)
11 गेंदें शार्दुल ठाकुर बनाम केकेआर कोलकाता 2025 (ओवर -13)
11 गेंदें संदीप शर्मा बनाम डीसी दिल्ली 2025 (ओवर -20)
11 गेंदें हार्दिक पांड्या बनाम जीटी वानखेड़े 2025 (ओवर -8)

हार्दिक की परेशानी सिर्फ गेंद तक ही सीमित नहीं थी। हार्दिक बल्ले से भी पहली पारी में विफल रहे, 12वें ओवर के बाद उनकी टीम 105-4 के स्कोर पर थी। अनुभवी ऑलराउंडर ने घुटने पर बैठकर स्लॉग स्वीप करने का प्रयास किया। वह अपने शॉट को बीच में नहीं ले पाए और गेंद ऊपर से लग गई, जो स्लिप में गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल के हाथों में चली गई। सफल कैच के साथ हार्दिक को एक (3) रन बनाकर सस्ते में ड्रेसिंग रूम लौटना पड़ा।

# गुजरात शीर्ष पर पहुंची, मुंबई की राह अब मुश्किल, सूर्यकुमार ने हासिल की ऑरेंज कैप




**मुंबई (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए वर्षा प्रभावित आईपीएल मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत दर्ज करते हुए अंक तालिका में पहले स्थान पर आ गई है। मुंबई को इस हार से झटका लगा है और उसकी प्लेऑफ की उम्मीदों पर संकट के बादल छा गए हैं।

गुजरात टाइटंस ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद शुभमन गिल (नाबाद 38), शरफेन रदरफोड (नाबाद 26) की दमदार बल्लेबाजी की बदौलत मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 56वें मैच में मुम्बई इंडियंस को डकवर्थ लुईस पद्धति से तीन विकेट से हरा दिया है। 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस ने खराब शुरूआत के बाद जॉश बटलर ने कप्तान शुभमन गिल की मदद के बाद 6 विकेट पर 132 रन बना लिए। हालांकि बारिश के बाद डकवर्थ लुईस पद्धति के अनुसार गुजरात मैच में चार रन पीछे था। बारिश रूकने के बाद गुजरात को एक ओवर में 15 रन बनाने का लक्ष्य मिला जिसे उन्होंने हासिल कर लिया।

गुजरात के 11 मैचों में 8 जीत और 3 हार के बाद 16 अंक हो गए हैं और वह अंक तालिका में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भी 11 मैचों में 8 जीत और 3 हार के बाद 16 अंक हैं लेकिन नेट रन रेट के कारण वह दूसरे स्थान पर हैं। पंजाब किंग्स को भी एक स्थान का झटका लगा है और वह 11 मैचों में 7 जीत, 3 हार और एक नो रिजल्ट के बाद 15 अंक सहित तीसरे स्थान पर है। मुंबई 12 मैचों में 7 जीत के साथ 14 अंक सहित चौथे स्थान पर है।

## ऑरेंज कैप

सूर्यकुमार यादव ने ऑरेंज कैप हासिल कर ली है। उनके 12 इनिंग्स में 68 के हाईएस्ट और 63.75 की औसत के साथ 510 रन हो गए हैं। हालांकि उन्हें साई सुदर्शन, शुभमन गिल, विराट कोहली और जोस बटलर से कड़ी टक्कर मिल रही है जिनके क्रमशः 509, 508, 505 और 500 रन हैं।

## पर्पल कैप

गुजरात टाइटंस के गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने पर्पल कैप होल्ड किए हुए हैं। उन्होंने अपने विकेटों की संख्या में इजाफा करते हुए 11 इनिंग्स में 41/4 के बेस्ट और 7.65 की इकोनॉमी के साथ 20 विकेट्स लिए हैं।

# 115 दिन बाद जड़ा शतक, सबसे बड़ा वनडे स्कोर बनाया, 88 रन तो सिर्फ स्मृति मंधाना के साथ मिलकर मारे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका में चल रही ट्राई-सीरीज में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के बल्लेबाजों ने साउथ अफ्रीका के गेंदबाजों पर पूरी तरह से अपना दबदबा बनाए रखा. इस दबदबे की एक वजह स्मृति मंधाना की बल्लेबाजी तो रही ही, जिसने बेहतरीन आगाज दिलाने का काम किया. लेकिन, उस आगाज को सही अंजाम दिया जेमिमा रोड्रिग्ज ने, जिन्होंने ना सिर्फ मैच में शतक लगाया बल्कि अपने वनडे करियर का सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया. जेमिमा ने भारतीय महिला वनडे टीम के लिए 7 साल पहले डेब्यू किया था. वो 2018 से वनडे क्रिकेट भारत के लिए खेलती आ रही हैं. लेकिन, वो अपने करियर के सारे शतक इस साल यानी साल 2025 में जड़ती दिख रही है. साउथ अफ्रीका के खिलाफ 7 मई को कोलंबो में खेले मुकाबले में जेमिमा रोड्रिग्ज ने जो शतक जड़ा, वो उनके वनडे करियर का दूसरा शतक रहा और सबसे बड़ा स्कोर भी ।



# इंटर मिलान चैंपियंस लीग 2024-25 के फाइनल में बार्सिलोना को 7-6 से हराया; पहला लेग ड्रॉ रहा था, जबकि दूसरा लेग 4-3 से जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटर मिलान ने बार्सिलोना को हराकर चैंपियंस लीग 2024-25 के फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है। मंगलवार को खेले गए दूसरे लेग में इंटर ने बार्सिलोना को 4-3 से हराया और कुल मिलाकर 7-6 से फाइनल में प्रवेश किया। इसके पहले बार्सिलोना के मोंटजुइक ओलिंपिक स्टेडियम में खेले गए पहले लेग में इंटर और बार्सिलोना का मुकाबला ड्रॉ रहा था।

21 वें मिनट में ही इंटर ने ले ली बढ़त मैच के 21वें मिनट में ही इंटर ने गोल कर 1-0 की बढ़त ले ली। इंटर के लौटरो मार्टिनेज ने मैच के 21वें मिनट में डेनजेल डमफ्रीज के पास पर गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।



**मैच के 45वें मिनट में हकन चालहानोग्लू ने** - गोल कर टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी। हाफ टाइम के बाद बार्सिलोना ने वापसी की और बार्सिलोना की ओर से मैच के 54वें मिनट में एरिक गार्सिया ने गेरार्ड मार्टिन के क्रॉस को गोल में तब्दील कर स्कोर 1-2 कर दिया। वहीं 60 वें मिनट में डैनी ओल्मो ने मार्टिन की एक पास को हेडर से गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा कर स्कोर 2-2 कर दिया। वहीं 87वें मिनट में बार्सिलोना की ओर से राफिन्हा ने गोल कर टीम को 3-2 से बढ़त दिला दी। ऐसा लगा कि अब बार्सिलोना का जीतना तय है,तभी इंटर के फ्रांसेस्को एसरबी ने गोल कर स्कोर 3-3 कर दिया।

डेविड फ्रेटेसी ने इंटर के लिए चौथा गोल कर टीम को जीत दिलाई वहीं 99 वें मिनट में इंटर ने फिर से बढ़त हासिल कर ली। इंटर की ओर से डेविड फ्रेटेसी ने गोल कर स्कोर को 4-3 कर दिया। इस तरह 7-6 से इंटर ने फाइनल में अपना स्थान पक्का किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन सिंदूर के वक्त जग रही थीं रेखा गुप्ता, सेना के विजय वाली पोस्ट पर क्या कहा ?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को जो हुआ उसके बाद यह तो तय था कि भारत पाकिस्तान और आतंक फैलाने वाले दहशतगर्दों पर कठोर कार्रवाई करेगा। बुधवार आधी रात जब पड़ोसी मुल्क सो रहा था, हमारी सेना ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर जैसे आसमानी आफत बरसा दी। रात के अंधेरे में सेना की मिसाइलों ने आतंकवादियों के 9 ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले किए। ऑपरेशन सिंदूर के नाम से आधी रात अंजाम दिए इस ऑपरेशन पर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने भी प्रतिक्रिया दी है। रात 1 से 2 बजे के बीच हुई इस सैन्य कार्रवाई के दौरान वह भी जग रही थीं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी भारत के इस पहलगाम हमले के इंतकाम पर अपना रिएक्शन दिया है। रेखा गुप्ता ने पहले कुछ लिखने के बजाय भारतीय सेना के एक्स पोस्ट को ही रिपोस्ट कर दिया था। आधी रात किए रिपोस्ट के बाद सुबह रेखा गुप्ता ने एक और पोस्ट किया। उसमें उन्होंने लिखा-भारत माता की जय! इंडियन आर्मी ने अपने आधिकारिक एक्स पोस्ट पर लिखा कि न्याय पूरा हुआ,जय हिंद। इसके साथ आर्मी ने ऑपरेशन सिंदूर की फोटो भी शेयर की है।

### दिल्ली में गर्मी पर अभी लगेगा एक और ब्रेक,फिर आ रही है बारिश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में अभी लोगों को मई वाली गर्मी का अहसास नहीं हुआ है। महीने के शुरुआत में ही बारिश की एंट्री ने गर्मी के तेवर ढीले किए हुए हैं। दिल्लीवालों के लिए अच्छी बात यह है कि यह सिलसिला 12 मई तक ऐसा ही रहेगा, जिसमें बारिश के साथ तेज हवाएं भी सुकून देंगी। अप्रैल के मुकाबले मई महीने के पहले 7 दिन काफी कूल-कूल रहे हैं। इस बीच तेज आंधी के साथ बारिश ने मौसम खुशनुमा बनाया है। दिल्ली में आज के मौसम की बात करें तो अधिकतम तापमान 37 डिग्री तो वहीं न्यूनतम तापमान 25 डिग्री तक जा सकता है। मतलब आज थोड़ा गर्मी सता सकती है। हालांकि मौसम विबाग ने आंशिक तौर पर बादल छाने के साथ हल्की बारिश का भी अनुमान जताया है। आज के बाद कल के मौसम की बात करें तो 8 मई को मौसम विभाग ने दिल्ली में बारिश का येलो अलर्ट घोषित किया है। इस दौरान गरज के साथ हल्की बरसात देखने को मिल सकती है। अधिकतम तापमान 36 तो वहीं न्यूनतम 24-26 डिग्री के बीच रहेगा। 9 मई से 12 मई के बीच हल्की-फुल्की बरसात देखने को मिल सकती है। तेज हवाएं भी 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं।

### पुरानी कार-बाइक दिखते ही बज जाएगा अलार्म, दिल्ली में सभी पेट्रोल पंपों पर लग रहे खास कैमरे

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए पुरानी गाड़ियों को जुलाई से पेट्रोल-डीजल और सीएनजी देने पर रोक लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए दिल्ली के सभी पेट्रोल पंपों और सीएनजी स्टेशनों पर एएनपीआर कैमरों के साथ-साथ अब अनाउंसमेंट सिस्टम भी लगाया जाने लगा है। यह सिस्टम पेट्रोल पंप पर पेट्रोल-डीजल और सीएनजी लेने आने वाले ऐसे वाहनों को पहचान लेगा जिनकी मियाद पूरी हो चुकी है। इन वाहनों को पहचान कर वह तुरंत अनाउंसमेंट कर कर्मचारियों को इसकी सूचना दे देगा। लेकिन अब इसकी अवधि बढ़ाकर 1 जुलाई से लागू किए जाने की तैयारी की जा रही है। पेट्रोल पंप डीलर्स एसोसिएशन का कहना है कि सभी पेट्रोल पंप पर ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रीड करने वाले कैमरे लग चुके हैं, अब साउंड सिस्टम लगाया जा रहा है।

# दिल्ली में चप्पे-चप्पे पर पुलिस, पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद राजधानी में हाई अलर्ट




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सेना ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूत कर दिया है। पहलगाम हमले का बदला लेते हुए भारतीय सेना ने बुधवार रात को पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला किया, जिसमें 80-90 आतंकियों के मौत की खबर है। इस स्ट्राइक के बाद भारत की राजधानी दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। दिल्ली के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की निगरानी लगाई गई है। इस दौरान लोगों की सोशल मीडिया पर सक्रियता को भी मॉनीटर किया जा रहा है। इसके अलावा एयरपोर्ट, बस्ट स्टैंड के साथ सार्वजनिक जगहों पर सावधानी बरती जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी में 'ऑपरेशन सिंदूर' के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त पुलिसकर्मियों तथा अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। इस मामले पर जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी पहले से ही हाई अलर्ट पर है और बुधवार को शाम चार बजे कई एजेंसियां मॉक ड्रिल करेंगी। उन्होंने कहा कि हमने प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए हैं। दिल्ली पुलिस पूरी तरह सतर्क है और किसी को भी कानून-व्यवस्था भंग करने नहीं दिया जाएगा। टीमें महत्वपूर्ण स्थानों पर कड़ी निगरानी रख रही हैं और सोशल मीडिया मंचों पर भी नजर रखी जा रही है। बता दें कि ऑपरेशने सिंदूर के बाद दिल्ली के साथ ही पूरे देश में सुरक्ष व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इस दौरान एयरपोर्ट के साथ ही रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर भी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली से जाने वाली कई फ्लाइट्स को भी डायवर्ट कर दिया गया है। इस दौरान राजस्थान के दो एयरपोर्ट बीकानेर और जोधपुर को अस्थाई तौर पर बंद कर दिया गया है। इसके अलावा जयपुर की कुछ फ्लाइट्स को डायवर्ट किया गया है।

## करारा जवाब, सटीक वार; स्वाति मालिवाल, आतिशी और सौरभ भारद्वाज ऑपरेशन सिंदूर पर क्या बोले

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर के 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। सेना द्वारा किए गए इस हमले पर सत्ता पक्ष के साथ ही विपक्षी दलों ने भी समर्थन दिया है। दिल्ली में विपक्ष की नेता आतिशी, आप नेता सौरभ भारद्वाज और राज्यसभा सांसद स्वाति मालिवाल ने भी इस हमले पर सेना का समर्थन किया है। स्वाति मालिवाल ने एक्स पर हमले से जुड़ी वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा- करारा जवाब, सटीक वारज भारत की तरफ़ आँख भी उठाई तो मिट्टी में मिला दिए जाओगे। इसके बाद जय हिन्द लिखकर भारतीय झंडा और दिल वाली इमोजी भी बनाई। वहीं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने ट्वीट करते हुए लिखा- जय हिंद की सेना। ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर भारतीय सेना को बधाई। आतंकवाद के ख़िलाफ़ इस लड़ाई में पूरा देश भारतीय सेना के साथ खड़ा है।

आप नेता सौरभ भारद्वाज ने न्यूज एजेंसी एएनआई से हुई बातचीत में कहा कि 140 करोड़ भारतीयों को अपनी सेना पर गर्व है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पाकिस्तान ऑक्युपाइड कश्मीर में आतंकवादी फैक्ट्री चल रही है, इन टैररिस्ट को ट्रेनिंग दी जाती है। इन्हें रेडिक्लाइज किया जाता है। उनको लॉन्च पैड के द्वारा भारत में भेजा जाता है। सौरभ ने कहा कि इस पूरी आतंकी फैक्ट्री को खत्म करके भारत को इस पर कब्जा लेना चाहिए।

गोपाल राय ने ट्वीट करते हुए लिखा, भारतीय सेना के शौर्य और वीरता पर हर भारतीय को गर्व है। आतंकवाद के खिलाफ इस जंग में 140 करोड़ देशवासी अपने जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं, हमारी सेना का साहस, हमारा गौरव है। एकजुट होकर हम आतंकवाद को हराएंगे। जय हिंद, भारत माता की जय। कैलाश गहलोत ने इंडियन आर्मी के ट्वीट को रीट्वीट करते हुए लिखा- भारत माता की जय। जय हिन्द। बल्लीमारान से आप विधायक इमरान हुसैन ने ट्वीट करते हुए लिखा- जय हिन्द। हिंदुस्तान ज़िंदाबाद।

## मोदी ने बता दिया; ऑपरेशन सिंदूर से गदगद मनोज तिवारी, आतंकियों को याद दिलाई वो बात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान पर आधी रात हुए हवाई हमले से पूरे भारतवासी जोश से भर गए हैं। पूरा देश पीएम मोदी और भारतीय जवानों को बधाई दे रहा है। आधी रात हुई इस एयर स्ट्राइक से पड़ोसी मुल्क के रातों की नींद उड़ने के बाद दिन का चैन भी उड़ने वाला है। ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी भी गदगद हैं। उन्होंने सेना के पराक्रम की तारीफ करते हुए पहलगाम में आए आतंकियों को भी एक बात याद दिलाई है।

बुधवार आधी रात भारतीय सेना के पाकिस्तान और पीओके के कुल 9 ठिकानों पर विस्फोटक हमले पर सांसद मनोज तिवारी ने एक के बाद एक दो पोस्ट किए। अपने एक्स हैंडल से उन्होंने पहले लिखा कि भारत माता की जय! आतंकिस्तान को सबक सिखाने चला है भारत। हर गोली का हिसाब होगा,हर बलिदान का बदला मिलेगा। जय हिंद! मनोज तिवारी ने यह एक्स पोस्ट रात 2 बजकर 44 मिनट पर किया था। इस पोस्ट के बाद बीजेपी सांसद ने रात 3 बजकर 13 मिनट पर दूसरा पोस्ट किया। उन्होंने इस बार 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमले को अंजाम देने वाले दहशतगर्दों को एक बात याद दिलाई। उन्होंने लिखा कि 22 अप्रैल्मोदी को बता देना ? 07 मई्मोदी ने बता दिया। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में आतंकियों ने लोगों से उनका धर्म पूछकर,पैंट चेक कर और कलमा न पढ़ने पर गोलियों से मौत के घाट उतार दिया था। एक महिला को विधवा कर उन नापाक लोगों ने कहा था कि तुम्हें नहीं मारेंगे,जाकर मोदी को बता देना। इस लाइन के बाद देश में और उबाल आ गया था। भारत ने आधी रात जिन 9 ठिकानों पर हमला किया है,उनमें से एक बहावलपुर भी है,जहां मोस्ट वांटेड आतंकी मसूद अजहर का अड्डा है।

## उड़ानों पर असर; ऑपरेशन सिंदूर के बाद दिल्ली एयरपोर्ट ने जारी की यात्रियों के लिए एडवाइजरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए थल सेना, वायु सेना और नौसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान औप पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के 9 आतंकी ठिकानों को बर्बाद कर दिया। खबर है कि इस हमले में 90 आतंकी भी ढेर हो गए हैं। पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर का जश्न मना रहा है। वहीं दूसरी ओर इस ऑपरेशन के बाद दिल्ली एयरपोर्ट ने भी लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की है। दिल्ली एयरपोर्ट की तरफ से कहा गया है कि हवाईक्षेत्र की स्थिति बदल रही है और इसका असर दिल्ली एयरपोर्ट की कुछ फ्लाइटों पर भी पड़ा है। ऐसे में लोगों को अपनी यात्रा से जुड़ी जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करने के कहा जा रहा है।

दिल्ली एयरपोर्ट ने अपनी एडवाइजरी में कहा, कृपया ध्यान दें, हवाई क्षेत्र की बदलती परिस्थितियों के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर कुछ उड़ानें प्रभावित हुई हैं। ऐसे में फ्लाइट संबंधी जानकारी के लिए, यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी संबंधित एयरलाइनों से संपर्क करें या हमारी आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं।

बता दें, दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पहलगाम हमले को लेकर पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई की समर्थन किया है और कहा है कि ये नया भारत है, ये घर में घुसेगा भी और मारेगा भी। दिल्ली भाजपा ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ये नया भारत है। ये घर में घुसेगा भी, और मारेगा भी। दिल्ली भाजपा ने लिखा, आतंकियों की जमीन को मिट्टी में मिला दिया। जय हिंद की सेना...। गौरतलब है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों को 'ऑपरेशन सिंदूर' तहत निशाना बनाया।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक भारतीय सेनाओं ने कुल मिलाकर, नौ (09) ठिकानों को निशाना बनाया है। भारतीय सेनाओं ने आतंकवादियों के जिन ठिकानों को निशाना बनाया है, वहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई थी और उन्हें (आतंकवादियों को) निर्देशित किया गया था।

## बांग्लादेश में चुनावी सरगर्मी तेज, पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा के ढाका वापसी से यूनुस सरकार पर बढ़ा प्रेशर



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के स्वदेश लौटते ही चुनाव कराने का दबाव बढ़ गया है. लंदन से इलाज कराकर जिया के ढाका लौटने से देश के अंतरिम नेताओं पर आम चुनाव कराने के लिए प्रेशर बढ़ गया है. गौर करें तो बीते साल अगस्त में छात्रों के नेतृत्व में हुए बड़े पैमाने पर विद्रोह में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हाथ धोना पड़ा था. उसके बाद से बांग्लादेश में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार चल रही है.

वहीं, शेख हसीना की कट्टर प्रतिद्वंद्वी खालिदा जिया और उनकी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी दिसंबर में राष्ट्रीय चुनाव कराने के लिए यूनुस सरकार पर दबाव बना रही है. बीएनपी जल्द से जल्द देश में लोकतांत्रिक शासन की वापसी चाह रही है. गौर करें तो कई लोगों ने हसीना को सत्ता से बेदखल करने का स्वागत लोकतांत्रिक चुनावों की वापसी के एक अवसर के रूप में किया था. मगर हाल के महीनों में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली नई सरकार की जल्द चुनाव कराने की प्रतिबद्धता को लेकर संदेह के बादल गहरा गए हैं. इस सरकार ने कहा है कि अगला चुनाव इसी साल दिसंबर में या अगले साल जून 2026 तक होगा. हालांकि ये सब देशभर में चल रहे विभिन्न क्षेत्रों में सुधारों की सीमा पर निर्भर करेगा. उधर जिया के स्वागत के लिए ढाका के मुख्य हवाई अड्डे के बाहर भीड़ उमड़ पड़ी. अपनी दो बहुओं के साथ जिया कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी द्वारा मुहैया कराए गए एक विशेष एयर एम्बुलेंस से पहुंचीं. कतर के अमीर शेख ने ही जनवरी में खालिदा के लंदन जाने की भी व्यवस्था कराई थी. बता दें कि जिया कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हैं और उन्होंने कई वर्षों से किसी भी सार्वजनिक समारोह में भाग नहीं लिया है. उनके बड़े बेटे तारिक रहमान लंदन में निर्वासन में रहते हुए पार्टी के कार्यवाहक प्रमुख के रूप में पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं. इस तरह से देखा जाए तो बांग्लादेश में खालिदा जिया की उपस्थिति उनकी पार्टी के लिए बहुत बड़ा महत्व रखती है, जबकि पूर्व पीएम शेख हसीना भारत में निर्वासन में रह रही हैं. गौर करें तो साल 1991 में तानाशाह राष्ट्रपति एच.एम. इरशाद के सत्ता से बेदखल होने के बाद लोकतंत्र में वापस लौटा था. इसके बाद से खालिदा जिया और शेख हसीना ने बारी-बारी से प्रधानमंत्री के रूप में बांग्लादेश पर शासन कर रही हैं. खालिदा जिया तीन बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं. उन्होंने दो बार पूरे 5 साल के कार्यकाल को पूरा किया. तीसरी बार सिर्फ कुछ महीनों के लिए ही सत्ता में रहीं.

## ट्रंप के विरोधी सांसद भी पहलगाम पर आए साथ, कहा- अमेरिकी प्रशासन खुलकर भारत का करे सहयोग



**ह्यूस्टन, एजेंसी।** सांसद थानेदार ने अमेरिकी प्रशासन पर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम मे हुए आतंकी हमले पर सुस्त प्रतिक्रिया दिखाने का आरोप लगाया. हमले में 26 लोगों की मौत हो गयी थी. डेमोक्रेट सांसद थानेदार ने 'हिंदूएक्शन' द्वारा 'ग्लोबल कश्मीरी पंडित डायस्पोरा' (जीकेपीडी) और 'कश्मीर ओवरसीज एसोसिएशन यूएसए' (केओए-यूएसए) के साथ मिलकर आयोजित एक शोक सभा में कहा, बयानबाजी पर्याप्त नहीं है, कार्रवाई की जरूरत है. वाशिंगटन डीसी में सोमवार को 'रेबर्न हाउस ऑफिस बिल्डिंग' में 'पाकिस्तान प्रॉक्सी वॉर अगेंस्ट हिंदू ग्लोबन इंप्लीकेशन' नाम के एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. थानेदार ने हिंदू अमेरिकियों से राजनीतिक रूप से एकजुट होने का आग्रह किया और वाशिंगटन से भारत को अन्य प्रमुख सहयोगियों, विशेष रूप से इजराइल के समान ही रणनीतिक महत्व देने का आह्वान किया. 'हिंदूएक्शन' के कार्यकारी निदेशक उत्सव चक्रवर्ती के अनुसार, पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए हमले में मारे गये लोगों के नाम पढ़े गए और भगवद गीता के श्लोकों का पाठ किया गया. उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को फोन पर यह जानकारी दी और एक प्रेस विज्ञप्ति साझा की. रक्षा विभाग की सलाहकार क्रिस्टल कौल भी कार्यक्रम में शामिल हुई. जीकेपीडी के सह-संस्थापक सुरिंदर कौल ने कहा, कश्मीर में जो हुआ वह वैश्विक आतंकवाद की एक बड़ी चुनौती का हिस्सा है. चरमपंथ के जाल इसकी सीमाओं से कहीं आगे तक फैले हुए हैं. माइकल रुबिन ने खाड़ी युद्ध के दौरान मार्गरेट थैचर-जॉर्ज बुश गठबंधन की तरह भारत-अमेरिका की आवश्यक साझेदारी की तुलना की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर रणनीतिक दबाव बनाए रखने का आग्रह किया. रुबिन ने कहा, अमेरिका के पास अपने सबसे करीबी लोकतांत्रिक सहयोगियों में से एक के साथ खड़े न होने का कोई बहाना नहीं है.

# भारत के साथ रक्षा समझौतों को संशोधित किया जा रहा है: मालदीव

**माले, एजेंसी।** मालदीव ने मंगलवार को कहा कि भारत के साथ मौजूदा रक्षा समझौतों में संशोधन किया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मालदीव की संप्रभुता और स्वतंत्रता प्रभावित नहीं हो. यहां मीडिया की खबरो में यह जानकारी दी गई है. रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून ने संसद के सदस्यों को यह भी बताया कि मालदीव में तैनात 74 भारतीय सैनिक, जिन्हें पिछले साल भारत के साथ हुए समझौते के तहत वापस भेजा गया था, मालदीव में रहने के दौरान निहत्थे थे.

मौमून का यह बयान मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू द्वारा 15 घंटे की मैराथन प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह कहने के कुछ दिनों बाद आया है कि भारत सहित अन्य देशों के साथ पिछली सरकार द्वारा किए गए समझौतों को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है. मुइज्जू की टिप्पणियों की विपक्षी नेता ने आलोचना की थी, जिन्होंने भारत जैसे देशों के साथ समझौतों के बारे में 2023 के चुनाव अभियान के दौरान 'झूठे दावे' करने के लिए उनसे माफी की मांग की थी. न्यूजपोर्टल 'एडिशन. एमवी.' की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को संसद सदस्यों द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए मौमून ने कहा कि दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे घनिष्ठ संबंधों के तहत भारत के साथ किए गए समझौतों में संशोधन किया गया है या किया जा रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे मालदीव की संप्रभुता और स्वतंत्रता की रक्षा करें.

सरकारी समाचार एजेंसी 'पब्लिक सर्विस मीडिया' (पीएसएम न्यूज) ने मंत्री के हवाले से कहा कि 1965 में मालदीव को स्वतंत्रता मिलने के बाद से भारत के साथ 100 से अधिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए और उनमें से चार रक्षा मंत्रालय से संबंधित हैं.

पीएसएम न्यूज ने कहा कि समीक्षाधीन प्रमुख समझौतों में से एक भारत की सहायता से उथुरु थिलाफाल्हू में एक नौसैनिक 'डॉकयार्ड' के विकास से संबंधित है. वर्ष 2023 के चुनाव से पहले विपक्ष में रहने के दौरान मुइज्जू के नेतृत्व वाली पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने उथुरु थिलाफाल्हू समझौते के पहलुओं की आलोचना की थी, जिसमें दावा किया गया था कि कुछ प्रावधानों का राष्ट्रीय नीति के साथ टकराव है. 'एडिशन. एमवी.' के अनुसार, मंत्री ने कहा कि ऐसे खंडों में अब संशोधन किया जा रहा है, लेकिन उन्होंने इससे अधिक कोई विवरण साझा नहीं किया. चीन समर्थक राष्ट्रपति मुइज्जू के नवंबर 2023 में पदभार ग्रहण करने के बाद से मालदीव और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों में गिरावट देखी गई. शपथ लेने के कुछ ही घंटों के भीतर उन्होंने अपने देश से भारतीय सैन्यकर्मियों को वापस भेजे जाने की मांग की थी.



इसके बाद, मार्च और 10 मई के बीच आपसी सहमति से भारतीय सैन्यकर्मियों की जगह आम नागरिकों को नियुक्त किया गया. मालदीव में भारतीय सैन्यकर्मियों से जुड़े सवालों का जवाब देते हुए रक्षा मंत्री मौमून ने मंगलवार को पुष्टि की कि वर्तमान में देश में कोई भी भारतीय सैनिक तैनात नहीं है. वर्ष 2024 के जून में विदेश मंत्री एस जयशंकर की पहली आधिकारिक यात्रा और अक्टूबर 2024 में मुइज्जू की भारत यात्रा के बाद, दोनों देशों ने संबंधों को फिर से सुधारने की कोशिश की है.

# पूर्व मंत्री बेबी देवी के पुत्र एवं पुत्र वधु के प्रीति भोज कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंद्रपुरा प्रखंड के अलारगो पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन को उपायुक्त विजया जाधव द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। दिवंगत शिक्षा मंत्री स्व. जगरनाथ महतो एवं पूर्व मंत्री श्रीमती बेबी देवी के पुत्र एवं पुत्र वधु के प्रिति भोज कार्यक्रम में शामिल होने चंद्रपुरा के अलारगो पहुंचे माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन। इस दौरान पुलिस जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने पूर्व मंत्री स्व. जगरनाथ महतो एवं पूर्व मंत्री बेबी देवी के सुपुत्र अखिलेश महतो के विवाह उपरांत आयोजित आशीर्वाद समारोह में शामिल हुएं, नवदंपति को आशीर्वाद दिया।

**जिला नियंत्रण कक्षः** 8986660333/06542-223705/247891/ डायल 100/डायल 112

# बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस- 02 में स्थापित चौथे स्टोव का सफल संचालन





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिनांक 07 मई को बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस-02 में स्थापित चौथे स्टोव का सफल संचालन निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में किया गया. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा, मुख्य महाप्रबंधक (आरएमएचपी) धनञ्जय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (यातायात) एम के हयांकी, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएँ) एन के बेहरा , मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) शौविक रॉय के साथ ब्लास्ट फर्नेस विभाग के महा प्रबंधक मानस सरकार, श्याम सुन्दर, कंचन कुमार, महेंद्र प्रसाद, उप महाप्रबंधक एस के शुक्ला, मो. जहीर कुरैशी तथा वरीय अधिशासी एवं कर्मचारी उपस्थित थे. ब्लास्ट फर्नेस -02 में स्थापित चौथे स्टोव की मदद से हॉट ब्लास्ट टेम्परेचर को 950 डिग्री सेंटीग्रेड तक बढ़ाया जा सकेगा जिसके फलस्वरूप ब्लास्ट फर्नेस-02 के परिचालन में न केवल तापीय स्थिरता आएगी, बल्कि कोक की खपत और उत्पादन लागत में भी कमी आएगी. हॉट ब्लास्ट टेम्परेचर को 950 डिग्री सेंटीग्रेड तक बनाए रखने से ब्लास्ट फर्नेस -02 की उत्पादन क्षमता, ऊर्जा दक्षता एवं कार्यक्षमता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा. इस परियोजना को सेल की रांची स्थित इकाई सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के परामर्श से औद्योगिक तकनीकी समाधान प्रदान करने वाली संस्था एसएमएस - इंडिया के द्वारा सम्पूरित किया गया. निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने इस परियोजना से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी और कहा कि यह सफलता संगठन के सतत तकनीकी उत्कृष्टता और समर्पित टीम भावना का परिणाम है तथा हमें भविष्य में भी इस प्रकार की उन्नत तकनीक के प्रयोग से उत्पादन क्षमता को और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है.

### भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में बोकारो जनरल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में आज दिनाँक 07 मई को बोकारो जनरल अस्पताल में "रक्तदान महादान, आइये इसका हिस्सा बनें" थीम के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. रक्तदान शिविर का उद्घाटन बोकारो जनरल अस्पताल के प्रभारी डॉ बी बी करुणामय तथा डी सी ओ सुश्री श्वेता गुरिआ के द्वारा किया गया. बीजीएच में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में बीएसएल कर्मचारियों एवं उनके परिजनों सहित अन्य बोकारो वासी भी शामिल थे. आज के रक्तदान शिविर में कुल 19 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया. आज के रक्त दान शिविर के सफल आयोजन तथा रक्त संग्रह में बोकारो जनरल अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ सुरेन्द्र कुमार तथा उनकी टीम के सदस्यों का अहम योगदान था.







## मनाई गई गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की 162वीं जयंती




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डीएवी सेक्टर 4 में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की 162 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य श्री एस के मिश्रा के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया।

**उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि-**

विश्व पटल पर देश को गौरवान्वित करने वाले नोबेल विजेता रवींद्रनाथ टैगोर जी के जीवन दृष्टांत को जानना बच्चों के लिये बहुत जरूरी है । ब्रिटिश शासन के खिलाफ वे भारतीय राष्ट्रवादियों की लड़ाई का पूरा समर्थन करते थे ।स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ही उन्होंने अपनी पुस्तक गीतांजलि में राष्ट्रगान ह्लजन -गण -मन ह्लिखें यह भारत की आन बान शान का प्रतीक है । शिक्षा की मशाल जलाए रखने के लिए उन्हों ने शांति निकेतन की स्थापना की जो अपने शैक्षणिक उत्तमता के लिए प्रसिद्ध है। रवीन्द्रनाथ टैगोर जी के साथ साथ उनका पूरा परिवार ही सामाजिक सुधार में संलग्न था। विद्यालय में कार्यक्रम के दौरान कविता अंशिका 3/डी के द्वारा एवं अनमोल वचन के साथ -साथ गीत-संगीत पर मनमोहक नृत्य बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया । जिसके बोल थे

**मेघ बोले छे जाबो-जाबो,राग बोले–।**

रवींद्र संगीत की मधुर स्वर बिखेरी परिनिधि शर्मा5/बी ने। आज विशेष प्रार्थना सभा में विराट कुमार 3/डी एवं ईशा रजवार 5/सी ने बताया कि रवीन्द्रनाथ टैगोर का जन्म सात मई 1861 को कलकत्ता के जोरासांको में एक बंगाली ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम देवेंद्रनाथ टैगोर एवं माता का नाम शारदा देवी था। रवीन्द्रनाथ टैगोर का कहना था कि इस दुनिया में जीने का तभी फायदा है जब आप इसे प्रेम करते हो ।

# जाति जनगणना के फैसले का स्वागत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्र की मोदी सरकार ने पूरे देश में जाति जनगणना करने का फैसला लिया है। इसका राजनीतिक दलों ने स्वागत किया है ।लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जाति जनगणना का विरोध सुरु कर दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इसको लेकर 9 मई को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम पर ज्ञापन सौंपने का भी फैसला लिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा का कहना है कि जब तक सरना और आदिवासी धर्म कोड को जाति जनगणना के कॉलम में शामिल नहीं किया जाता है, तब तक झारखंड में जाति जनगणना का विरोध पार्टी करेगी । क्योंकि सरना धर्म कोड के बिना जाति जनगणना पूरी तरह से आदिवासियों के साथ धोखा है। राजकीय हेमंत सोरेन की सरकार ने कैबिनेट और विधानसभा से सरना धर्म कोड को पास कराकर राजपाल के पास भेजा है ।जिसे केंद्र के द्वारा मंजूरी नहीं दी गई है इस कारण हम इसका विरोध करते हैं। पूरे देश में आदिवासियों के हित में झारखंड मुक्ति मोर्चा खड़ी है और इसका विरोध पूरे जोरदार तरीके से किया जाएगा।



# गृह मंत्रालय के एडवाइजरी के बाद मॉक ड्रिल का आयोजन





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गृह मंत्रालय के एडवाइजरी के बाद पूरे देश के साथ बोकारो में भी आज मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया है। बोकारो में तीन जगह पर यह मॉक ड्रिल आयोजित हुआ। जिसमें बोकारो स्टील के नगर सेवा भवन, चास नगर निगम क्षेत्र के जोधाडीह मोड और गोमिया में मॉक ड्रिल किया गया। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव और युद्ध की स्थिति को देखते हुए गृह मंत्रालय ने पूरे देश में मॉक ड्रिल करने का फैसला लिया था इसका उद्देश्य लोगों को जागरुक करते हुए अपनी तैयारी को चुस्त और दुरुस्त करना था। इस मॉक ड्रिल में अग्निशमन ,सिविल डिफेंस, पुलिस, सीआरपीएफ ,सीआईएसएफ, सहित आम लोग भी शामिल हुए। इस दौरान बम गिरने आग लगे सहित अन्य सिचुएशन में लोगों को किस तरह एहतियात बरतना है और किस तरह लोगों को सहायता पहुंचानी है इसको लेकर अभ्यास किया गया। सायरन बजते ही पूरे इलाके में चहल कदमी शुरू हो गई देखते ही देखते ही लोगों को घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। मौके पर मौजूद छात्रों और आम लोगों को युद्ध के समय उत्पन्न स्थिति में खुद के बचाव की भी जानकारी दी गई लोग झुक कर बैठे नजर आए। गृह मंत्रालय ने बोकारो को इसलिए चुना था क्योंकि बोकारो में एशिया का सबसे बड़ा स्टील प्लांट सेल बोकारो स्टील है जबकि गोमिया में बारूद का फैक्ट्री भी है। इसके साथ ही 6 से 7 तक पूरी तरह से ब्लैकआउट करने का भी निर्णय लिया गया है ताकि युद्ध की स्थिति में एयर स्ट्राइक के दौरान लोगों को कम से कम क्षति पहुंच सके। स्मोक ड्रीम में शामिल डीसी एसपी ,सेल के अधिकारी और अग्निशमन के अधिकारी ने कहा कि इसका उद्देश्य लोगों को जानकारी देना और किसी भी अलार्मिंग सिचुएशन में लोगों को घर्य बनाए रखना है।



# ट्रैफिक जाम से मिलेगी निजात, वासेपुर में फ्लाईओवर निर्माण कार्य शुरू



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वासेपुर में फ्लाईओवर निर्माण का कार्य अब तेजी पकड़ चुका है,जिसको लेकर निमार्ता कंपनी रेश है, इसी को लेकर पांडरपाला मौजा क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे 93 दुकान मकान को एक सप्ताह के भीतर हटाने का आदेश दिया गया है, यह आदेश अंचल अधिकारी के द्वारा दिया गया । जिसमें कई दुकान, मकान हॉस्पिटल, स्कूल, मस्जिद और कब्रिस्तान का वॉल शामिल है। आप को बता दें लम्बे इंतजार के बाद इस फ्लाईओवर का निर्माण हो रहा है, जिससे धनबाद की ट्रैफिक समस्या से निजात मिलेगी। मटकुरिया से बिनोद बिहारी चौक तक बन रही 3.5 किलोमीटर लंबी फोर लेन फ्लाईओवर परियोजना की लागत करीब 154 करोड़ रुपये बताई जा रही है,जिसे गुजरात की भेलजी रतन इंफ्रा कंपनी बना रही है, कंपनी के प्लानिंग एंड बिलिंग इंजिनियर विवेक कुमार आनंद ने बताया पुल निर्माण और रोड़ चौड़ीकरण में पांडरपाला मौजा में जो भी अतिक्रमण है सभी को नोटिस दिया गया, कुल 93 लोगों को यह नोटिस दिया गया और एक हफ्ते के भीतर जगह खाली करने की बात कही है। यह फ्लाईओवर बनने से यहां की जनता को अब ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिल जाएगा । गया पुल में ट्रैफिक जाम के कारण सेंकड़ों गाड़ी रंगते रहती थी दूसरा कोई विकल्प नहीं होने के कारण यहां की जनता का कई वर्षो से इस समस्या से जूझ रहे थे, वासेपुर फ्लाईओवर निर्माण कार्य शुरूआत होने से यहां की जनता काफी खुश है।

## बोकारो स्टील प्लांट में बड़ा हादसा, ठेका कर्मी के कटे दोनों पैर, हालत नाजुक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के बोकारो स्टील प्लांट में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। कोक ओवन विभाग के कंचिंग लोको में कार्यरत ठेका कर्मी रघुनाथ गोराई रेल ट्रैक पर हादसे का शिकार हो गए, जिससे उनके दोनों पैर कट गए। घटना के तुरंत बाद प्लांट प्रशासन ने एम्बुलेंस की व्यवस्था की और घायल को प्राथमिक उपचार के लिए प्लांट मेडिकल (डल्र) ले जाया गया। चिकित्सकों ने उनकी स्थिति को गंभीर बताया और बेहतर इलाज के लिए उन्हें बोकारो जनरल हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। हादसे की खबर मिलते ही प्लांट के उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं, रघुनाथ गोराई के परिवार में कोहराम मच गया है। फिलहाल बोकारो जनरल हॉस्पिटल में उनका इलाज जारी है।

# सर्किट हाउस एरिया में एयर स्ट्राइक मॉक ड्रिल

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिष्टुपुर के सर्किट हाउस नॉर्दर्न टाउन में सर्किट हाउस एरिया में एयर स्ट्राइक मॉक ड्रिल हुई। मॉक ड्रिल का सायरन बजते ही सर्किट हाउस एरिया में तैनात सिविल डिफेंस के जवान अलर्ट हो गए। सामने मैदान में क्रिकेट मैच हो रहा था।जैसे ही बच्चों ने सायरन सुना, सभी जमीन पर लेट गए। ताकि हवाई हमले से बचा जा सके।

एयर स्ट्राइक ठीक 5 बजे महारानी मेंशन के ए ब्लॉक में हुई। एयर स्ट्राइक की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। इनमें डीसी अनन्य मित्तल, एसडीओ शताब्दी मजूमदार ,सिटी एसपी कुमार शिवाशीष, सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल आदि थे। सिविल डिफेंस के जवानों ने बिल्डिंग को कार्डन आफ कर दिया। अग्नि शमन विभाग की गाड़ियां पहुंच गई। सिविल डिफेंस के जवानों को बिल्डिंग में भेजा गया, ताकि पता चल सके कि एयर स्ट्राइक से कितना नुकसान हुआ है। बिल्डिंग में घुसे जवानों ने बताया कि बिल्डिंग में काफी डैमेज हुआ है। कई लोग घायल हुए हैं। इसके बाद एंबुलेंस बुलाई गई। घायलों को बिल्डिंग से निकाला गया। घायलों को बिल्डिंग से निकालने के लिए लगाई गई सीढ़ी टूट गई।इस पर सिविल डिफेंस ने बिल्डिंग में रस्सा बांध कर घायलों को नीचे उतारा। इसके बाद एंबुलेंस से घायलों को निकालने के बाद सेफ हाउस निर्मल भवन ले जाया गया। बिल्डिंग में रहने वाले अन्य लोगों को भी निर्मल भवन ले जाया गया।

## गिरिडीह पुलिस ने हथियार के साथ 7 अपराधियों को दबोचा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गिरिडीह जिले की गांडेय थाना पुलिस ने 7 अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरिडीह एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने आज प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि इस माह दस अपराधकर्मियों द्वारा गांडेय थाना क्षेत्र के भलुआ में दो व्यक्तियों के घर डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था। एसपी ने बताया कि एसडीपीओ जीत वाहन उरांव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था।

पुलिस ने झारखंड के विभिन्न जिलों से 7 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, एक बिना न का मोटरसाइकिल, 6 मोबाइल और 2900रु बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी अपराधियों के विरुद्ध कई मामले दर्ज हैं। अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत कार्रवाई पर बैंक ऑफ इंडिया के प्रमुख ने जताई प्रसन्नता




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा पराक्रम दिखाते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत कार्रवाई करते हुए 9 आतंकवादी ठिकानों को नष्ट किया गया। आज राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के द्वारा सेक्टर 4 बैंक ऑफ इंडिया के पास एकत्रित होकर तमाम भारतीय सैनिकों को धन्यवाद दिया इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के राष्ट्रीय सह-संयोजक कौशल किशोर राय ने कहा कि धर्म पूछ कर मारा है धर्म पूछ के मारेंगे, नक्शे पर से नाम मिटा दो पापी पाकिस्तान का, एक धक्का और दो पाकिस्तान दे तोड़ दो, उद्घोष के साथ प्रदर्शन किया । उपस्थित सनातनियों को संबोधित करते हुए कौशल किशोर राय ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी को धन्यवाद तथा सीमा पर नगाड़ा बज चुका है तो पाकिस्तान को समाप्त कर ही देना होगा। सभा के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा कि पाकिस्तान 15 अगस्त 1947 को पैदा होने के बाद लगातार भारत के हिंदू समाज को लगातार टारगेट करके निशाना बनाते रहते हैं । इसी करी में पिछले दिनों कश्मीर में 28 हिंदुओं को जाती पूछ पूछ पूछ कर के मारा। आज प्रधानमंत्री रक्षा मंत्री और गृह मंत्री मंत्री ने पाकिस्तान के आतंकी के अड्डे को समाप्त करने का काम किया है इन सबों के साथ भारत के वीर सेनानियों को भी धन्यवाद करता हूं, वीर सेनानियों को हृदय से वंदे मातरम है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेंद्र सिन्हा,विक्रम कुमार महतो, साध्वी झा, गोपाल साह,विनोद महतो,गौरी शंकर सिंह, प्रशांत कुमार, दीनदयाल शर्मा, पंकज बनवार, लाल बाबू सिंह, मनजीत कुमार,मनोज कुमार, रवि शंकर कुमार, अशोक कुमार वर्मा, अजीत कुमार, बलराम झा, रवि शंकर, दीनदयाल शर्मा, शत्रुघ्न सिंह, सुशील कुमार चौधरी समेत कई नगर वासी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK